आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 56 | रांची, बुधवार, 05 फरवरी 2025 (माघ शुक्ल 08, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com





# दिल्ली की सभी 70 सीटों पर मतदान आज

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अगली सरकार किसकी बनेगी इसका फैसला बुधवार को यहां की जनता सुनाएगी। सुबह 7 बजे से दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो जाएगी। करीब 1.56 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के 13,766 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इस बार चुनावी रण में 699 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस दौरान दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की नजर तीसरे कार्यकाल पर है। वहीं बीजेपी और कांग्रेस का प्लान आप के विजय रथ को रोकने और दिल्ली में फिर से उभरने का है।

दिल्ली में आप-बीजेपी-कांग्रेस में टक्कर : अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी अपनी कल्याणकारी योजनाओं के दम पर लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर, बीजेपी 25 वर्षों से अधिक समय के बाद राजधानी में फिर से सरकार बनाने का प्रयास कर रही है।

शेष पेज 08 पर




- 699 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला
- हाईअलर्ट पर दिल्ली पुलिस, कई इलाकों में कर रही गश्त
- सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता डाल सकेंगे वोट

### आपकी भागीदारी मजबूत और जीवंत लोकतंत्र की आधारशिलाः एलजी

दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा, 'मैं आप सभी से अपील करता हूं कि अपना वोट डालें और अपनी आवाज सुनें। आपकी भागीदारी एक मजबूत और जीवंत लोकतंत्र की आधारशिला है। आइए लोकतंत्र को मजबूत करने और दिल्ली के भविष्य को आकार देने के लिए एक साथ आएं। वोटिंग 5 फरवरी को सुबह 7:00 बजे शुरू होगी और शाम 6:00 बजे तक चलेगी।

### मतदान से पहले केजरीवाल के खिलाफ केस दर्ज



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शाहाबाद पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ है। मंगलवार शाम को पुलिस ने यह मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिवक्ता जगमोहन मनचंदा की शिकायत पर हुई है। उन्होंने केजरीवाल पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को भड़काने और दो प्रदेशों के लोगों के बीच उकसावे वाली बयानबाजी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

## ट्रंप के फरमान पर अमेरिका से निकाले गए 205 भारतीय, मिलिट्री प्लेन से भेजे गए वापस



**नई दिल्ली।** अमेरिका में बिना किसी वैध कागजात के दाखिल होने वाले भारतीयों पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के एक मिलिट्री प्लेन के जरिए 205 अवैध प्रवासियों को भारत भेजा जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए सेना की मदद ली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि सी-17 विमान प्रवासियों को लेकर भारत के लिए रवाना हो चुका है। जानकारी के मुताबिक, 18000 से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं। ऐसे भारतीयों का या तो वीजा अवधि समाप्त हो चुकी है या ये लोग अवैध तरीके से यूएस में दाखिल हुए हैं।

**अवैध प्रवासियों को अमेरिका के बाहर ले जाया जा रहा :** पेंटागन ने जानकारी दी है कि एल पासो, टेक्सास और सैन डिएगो, कैलिफोर्निया से 5,000 से अधिक प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए उड़ानें भरी गई हैं। अब तक सैन्य विमानों के जरिए ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास में प्रवासियों को भेजा गया है।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### सरायकेला में फिर हुआ रेल हादसा, आवागमन बाधित

**सरायकेला।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत राजखरसावां रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे एक मालगाड़ी की तीन बोगियां बेपटरी हो गयीं। चाईबासा (डंगवापोशी) राजखरसावां रेल खंड में लाइन नंबर 5 पर मालगाड़ी बेपटरी हुई। हालांकि, मालगाड़ी बेपटरी होने से कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन उस रेल लाइन पर आवागमन बाधित है। इसकी सूचना मिलते ही चक्रधरपुर रेल मंडल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक को दुरुस्त कराने में जुटे हैं। मालगाड़ी के बेपटरी होने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### नीट-पीजी : केंद्र, एनएमसी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी 2024 के अखिल भारतीय कोटा (एआइक्यू) चरण-3 की नये सिरे से काउंसेलिंग के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) और को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिका पर जवाब तलब करते हुए सुनवाई सात फरवरी के लिए निर्धारित कर दी।

### लातेहार में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**लातेहार।** जेजेएमपी नक्सली संगठन के दो नक्सलियों ने मंगलवार को लातेहार एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में चंदन साव और पप्पू साव शामिल हैं। दोनों छिपादोहर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट ने नक्सलियों को सम्मानित किया।

शेष पेज 08 पर

### धनबाद में झामुमो के 53वें स्थापना दिवस पर खूब गरजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा

# 1.36 लाख करोड़ बकाया नहीं मिला, तो बंद कर दी जाएंगी सभी कोयला खदानें

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड का केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के पास बकाया 1.136 लाख करोड़ रुपये को लेकर सख्त चेतावनी दी है। धनबाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के 53वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बकाया राशि की मांग को लेकर अभी चिट्ठी लिखी गई है, हक-अधिकार की रक्षा को लेकर कानूनी रास्ते भी अपनाए जाएंगे। हेमंत सोरेन ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर कोयला खदानों को बंद भी करना पड़ेगा।

**अपनी पर उतर जाएं, तो देश अंधकार में डूब जाएगा :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा-'झारखंड के साथ सदियों से सौतेला व्यवहार होता रहा है, लेकिन यदि हम अपनी पर उतर जाएं, तो पूरा देश अंधकार में डूब जाएगा।' उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को पता है कि अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलता है। उन्होंने कहा कि अभी पार्टी सरकार में जरूर है, ताकत के साथ अधिकार की बात रखते हैं।

**झारखंड के विपक्षी दलों के सांसदों पर निशाना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से ही झारखंड का 1.36 लाख रुपये बकाया है, जब केंद्रीय मंत्री झारखंड से वापस दिल्ली लौटते हैं, तो दावा करते हैं कि कोई बकाया नहीं है। वहीं विपक्षी दलों के सांसद मुंह में टेप लगाकर बैठते हैं। झारखंड के हक-अधिकार के सवाल पर चुप्पी साध लेते हैं।

**खदान के लिए जमीन की सही कीमत देनी पड़ेगी :** हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले दिनों केंद्रीय कोयला मंत्री रांची आए थे। उनका कहना है कि झारखंड में जमीन की कीमत बहुत अधिक है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि यदि उन्हें खदान के लिए जमीन लेनी है, तो दाम देना पड़ेगा।

**जो बीडीओ-सीओ गलत करेगा, तुरंत करेंगे कार्रवाई :** सहारा इंडिया गरीबों का पैसा लेकर भाग गई। सहारा को सभी का पैसा लौटाना होगा। नहीं तो झारखंड सरकार हर लड़ाई लड़ने को आम जनता के लिए तैयार है। झारखंड में जमीन माफिया दलाल सक्रिय हैं, जो बीडीओ-सीओ गलत करेगा, उसपर तुरंत कार्रवाई होगी। सीओ-बीडीओ को जेल भेजेंगे। झारखंड की मंईयां योजना की चर्चा देशभर में है। अब दिल्ली में इसकी फोटो कॉपी करने का वादा किया गया है।

### मंईयां की वजह से फिर बनी हेमंत सरकारः कल्पना सोरेन



कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य में फिर से हेमंत सरकार बनी है। वह सभी मंईयां के कारण हुआ है। 56 इंच के लिए 56 विधायक मंईयां ने जिताया है। मंईयां योजना लागू हुई महिलाओं को 2500 मिल रहा है। यह पूर्व मंत्री बेबी देवी के कारण संभव हो पाया है।

## झारखंड : सरकारी सेवक शर्तों के साथ सोशल मीडिया का कर सकेंगे उपयोग

प्रातः नागपुरी संवाददाता

- इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट या शेयर करने को लेकर पहली बार जारी हुई विस्तृत गाइडलाइन
- उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा पर तैयार की गई है गाइडलाइन, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई
- कार्यालय अवधि में अनावश्यक व्यक्तिगत एकाउंट का नहीं करेंगे प्रयोग, ट्रालिंग से भी बचने के निर्देश

**रांची।** सरकारी पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट और शेयर करने को लेकर पहली बार विस्तृत गाइडलाइन जारी की गई है। कार्मिक विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार, पदाधिकारियों या कर्मियों द्वारा इंटरनेट मीडिया जैसे वाट्सएप, एक्स, इंस्ट्राग्राम आदि पर कोई भी पोस्ट या शेयर ऐसा नहीं होना चाहिए, जो सरकारी सेवकों के आचार को विनियमित करने के लिए लागू झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली के प्रविधान के विरुद्ध हो। सरकारी कर्मी इंटरनेट मीडिया पर उसी सीमा तक अपने विचारों को व्यक्त कर सकते हैं, जिस सीमा तक सरकार द्वारा उसे आपतिजनक नहीं माना जाए।

यह गाइडलाइन उच्च स्तरीय समिति की अनुशंसा पर तैयार कर जारी की गई है। गाइडलाइन में कार्यालय अवधि में अनावश्यक रूप से व्यक्तिगत एकाउंट का प्रयोग नहीं करने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उक्त गाइडलाइन के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित सरकारी सेवक के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

कार्मिक विभाग के प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो द्वारा जारी गाइडलाइन में कहा है कि समय-समय पर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें सरकारी सेवकों के द्वारा इंटरनेट मीडिया पर कुछ ऐसे तथ्यों को साझा कर दिया जाता है, जो उन्हें नहीं करना चाहिए था। झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली के नियम 3(1) में स्पष्ट रूप से अंकित है कि सरकारी सेवक पूरी शीलनिष्ठ रखेगा, कर्त्तव्य के प्रति निष्ठा रखेगा एवं ऐसा कोई काम नहीं करेगा जो सरकारी सेवक के लिए अशोभनीय हो।

शेष पेज 08 पर

## गोताखोर के रूप में होगी मछुआरों की तैनाती

झारखंड

- प्रशिक्षण के साथ मिलेगा 10 हजार मानदेय

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में प्राकृतिक कारणों से होने वाली क्षति से निपटने के लिए आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। उन्होंने कहा है कि ससमय राहत और बचाव कार्य से हम प्राकृतिक आपदा की क्षति को न्यूनतम कर सकते हैं। वह मंगलवार को आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।

**पंजीकृत पेशेवर मछुआरों को किया जाएगा प्रशिक्षित :** बैठक में तय हुआ कि राज्य के चिह्नित जलाशयों पर बचाव उपकरणों से लैस गोताखोरों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए पंजीकृत पेशेवर मछुआरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। चयनित गोताखोरों को 10 हजार रुपये मानदेय भी दिया जाएगा। वहीं राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा, मसलन अतिवृष्टि से होनेवाली जान-माल की क्षति, सर्पदंश, खनन जनित आपदा, वज्रपात, रेडिएशन संबंधी आपदा, पानी में डूबने, भगदड़ एवं गैस रिसाव तथा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान भुगतान के लिए 10 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी गई।

शेष पेज 08 पर



### सोनिया और राहुल गांधी पर रांची में एफआईआर

- अंजली ने एससी-एसटी थाने में दर्ज कराई शिकायत

**रांची।** संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी व राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर रांची के एससी-एसटी थाने में लिखित शिकायत दी गई है।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अब कैंसर की होगी जांच : स्वास्थ्य मंत्री



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने मंगलवार को कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रिम्स-2 की आधारशिला रखेंगे। स्वास्थ्य विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। वह जल्द ही राज्य को 300 नए एंबुलेंस देने जा रहे हैं। गांव में सहिया बहनों को बाइक एम्बुलेंस भी दी जाएंगी ताकि समय पर मरीज़ों को अस्पताल पहुंचाया जा सके। राज्य में अपना कैंसर हॉस्पिटल हो इस दिशा में भी प्रयास किए जायेंगे ताकि लोगों को कैंसर के इलाज के लिए राज्य से बाहर ना जाना पड़े और उन्हें आर्थिक नुक़सान भी ना हो। स्वास्थ्य मंत्री अंसारी आज नामकुम के आईपीएच सभागार में आयोजित विश्व कैंसर दिवस पर झारखंड राज्य में सामान्य कैंसर के वृहत रूप से स्क्रीनिंग कार्यक्रम के उद्‌घाटन पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की अबुआ सरकार मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर स्वस्थ झारखंड की दिशा में प्रयासरत है।

शेष पेज 08 पर



### निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपियों पर चलेगा मुकदमा

- अमित अग्रवाल प्रेम प्रकाश विष्णु अग्रवाल समेत अन्य पर आरोप गठित

**रांची।** ईडी कोर्ट ने बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री के मामले में मंगलवार को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित किया है।

शेष 08 पर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर बोला जोरदार हमला, कहा

# जो झुग्गियों में फोटोशूट कराते हैं, उन्हें गरीबी पर बात करना लगता है बोरिंग

एजेंसियां



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को गरीबों की बात करना बोरिंग लगता है, लेकिन हमारी सरकार ने सिर्फ नारे नहीं दिए, बल्कि सच्चा विकास करके दिखाया है। पीएम मोदी ने कहा, ₹देश की जनता ने 14वीं बार मुझे आभार जताने का अवसर दिया, इसके लिए मैं जनता का धन्यवाद करता हूं।₹ उन्होंने बताया कि भारत 21वीं सदी के 25 प्रतिशत हिस्से को पार कर चुका है और आने वाले 25 साल देश को विकसित भारत बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों तक सिर्फ 'गरीबी हटाओ' के नारे दिए गए, लेकिन हमारी सरकार ने इसे हकीकत में बदला।

शेष पेज 08 पर

## पीएम आज महाकुंभ में लगाएंगे आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को प्रयागराज पहुंच गए हैं। वह 5 फरवरी को महाकुंभ में पवित्र स्नान करेंगे। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी सुबह लगभग 10 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वीआईपी मूवमेंट के तहत पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रधानमंत्री अरल घाट से नाव के जरिए महाकुंभ पहुंचेंगे। उनके साथ भूटान के नरेश भी मौजूद रहेंगे। वहीं 11 बजे से 11.30 तक पीएम मोदी महाकुंभ में रहेंगे। पीएम मोदी गंगा स्नान करने के लिए संगम पहुंचेंगे।

संगम पूजन, आरती और स्नान के बाद सेक्टर 6 में लगाए गए स्टेट पवेलियन का अवलोकन करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी नेत्र महाकुंभ भी जा सकते हैं। अंत में 12 बजकर 30 मिनट पर प्रयागराज से वायुसेना के विमान से वापस दिल्ली लौट जाएंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे प्रयागराज, सुरक्षा इंतजाम का लिया जायजा

### सीएम करेंगे आगवानी

पीएम मोदी के आगमन की तैयारियों की समीक्षा के लिए चार फरवरी को सीएम योगी प्रयागराज पहुंच गए हैं। वह यहां सभी तैयारियों का अच्छे से जायजा लेंगे। इसके बाद पांच फरवरी को भी योगी आदित्यनाथ पीएम मोदी का स्वागत करेंगे।

## फिटजी पर कसा शिकंजा 300 से ज्यादा बैंक खाते सील



**नोएडा।** फीस लेने के बाद कोर्स पूरा कराए बिना कोचिंग सेंटर बंद करने के मामले में फिटजी के अलग-अलग बैंकों में खुले 300 से अधिक खातों को नोएडा पुलिस ने फ्रीज करा दिया। सिर्फ आईसीआईसीआई बैंक में मिले 205 बैंक खातों में ही 60 लाख रुपये फ्रीज कराए गए। वहीं, नोटिस मिलने के बाद 31 शिक्षकों ने जवाब पुलिस को भेजे हैं, लेकिन संस्था के मालिक ने कोई जवाब नहीं दिया।

इस मामले में छात्र और उनके अभिभावक डीसीपी नोएडा से भी मिले थे। इसके बाद पिछले दिनों सेक्टर-58 थाने में गौर सिटी निवासी सतसंग कुमार की शिकायत पर फिटजी के एमडी दिनेश कुमार गोयल, सेक्टर-62 सेंटर के हेड रमेश पार्थ हल्दर, मोनिका, राजीव हल्दर, साधू राम बंसल, रुस्तम दिनशा बाटलीवाला, शशिकांत दूबे, मोहित सरदाना, आनंद रमन पी के अलावा अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। सतसंग कुमार का शिकायत में कहा है कि उन्होंने अपने बच्चे का दाखिला जेईई की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर में कराया था, लेकिन बिना सूचना दिए सेंटर बंद कर दिया गया।

शेष पेज 08 पर

# टोल प्लाजा का लाइट टावर ऑटो पर गिरा, दो महिलाओं की मौत

## रांची के इटकी में बड़ा हादसा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** थाना क्षेत्र के मलार पुल के निकट रांची गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित टॉल प्लाजा में लगे हाई स्ट्रीट के टावर यात्रियों से भरी ऑटो में गिर गया। जिसमें दब कर बान्दी उराईन (52 )और उसकी बेटी दसमी उराईन (30) की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि हादसे में कुल्ली गांव की चेपा लकड़ा (22), पलमा की वसंती केरकेट्टा (30),आरती केरकेट्टा (32 ), बेड़ो जरिया के मंगरा उरांव,और ऑटो चालक मो. तबरेज सहित अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये है।

घायलों को इलाज के लिए रिम्स पहुंचाया गया है जहां इनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मृतक बान्दी उराईन और दसमी उराईन कुल्ली टिकरा टोली गांव के निवासी है। घटना मंगलवार की दोपहर करीब 12.45 बजे की है। सूचना पर इटकी नगड़ी पुलिस घटना स्थल पहुंची और ऑटो में फंसे शवों को जेसीबी मशीन से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। घटना के बाद आक्रोसित ग्रामीणों ने घण्टों उच्च मार्ग को जाम कर दिया जिससे बाहनों की लम्बी कतार लग गई। घटना मिली जानकारी के अनुसार बेड़ो से यात्री लेकर पहुंची ऑटो में पलमा से वसन्ती केरकेट्टा और आरती केरकेट्टा जबकि तिलकसुती मोड़ से बान्दी उराईन उसकी बेटी दसमी उराईन और चेपा लकड़ा सवार होकर रांची की ओर जा रही थी। इसी दौरान ऑटो टॉल प्लाजा के निकट पहुंचा था कि उसके उपर हाई स्ट्रीट टावर आ गिरा। जिससे आटो दब कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बान्दी उराईन और उसकी बेटी दसमी उराईन की मौत हो गयी। पुलिस दुर्घटना ग्रस्त ऑटो को जब्त कर लिया है। बताया गया बान्दी उराईन, दसमी उराई और चेपा लकड़ा लाल गुटवा जाने के लिए घर से निकली थी। जबकि वसंती केरेकेट्टा और आरती केरकेट्टा बच्चो की फीस देने नगड़ी संत जगत ज्ञान स्कूल जा रही थी सूचना मिलते ही कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की घटना स्थल पहुंची और घटना की पूरी जायेजा लिया और संबंधित अधिकारियों से बात की। घटना स्थल पर डीएसपी अशोक कुमार राम, बीडीओ प्रवीण कुमार, इटकी सीओ मो. अनीश, नगड़ी सीओ राकेश कुमार, इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार नगड़ी थाना प्रभारी सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



### ग्रामीणों ने लाइट टावर लगाने में गड़बड़ी लगाया आरोप

ग्रामीणो ने आरोप लगाया है कि टॉल प्लाजा के निकट हाई स्ट्रीट के टावर लगाने में भारी गड़बड़ी की गई है जिसके कारण हादसा हुआ है। लोगों ने बताया टावर के जड़ में लगे बोल्ट में कई नट नही लगाये गये थे। जिसके कारण हल्की हवा टावर धाराशायी हो गया। ग्रामीणों ने मृतक परिजनों मुआवजा और घटना का उच्च स्तरीय जांच कर दोशियों पर कड़ी कारवाई की मांग की है।

### कुली टिकरा टोली गांव में पसरा मातम

बान्दी उराईन और बेटी दसमी उराईन की ऐसी दर्दनाक मौत से कुल्ली गांव में मातम पसर गया है। परिजनों की रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मां और बहन की ऐसी मौत अनीता लकड़ा की सहमें से बार बार अचेत हो जा रही है। गांवों में एक भी घर में चुल्हे नही जले। सभी के आंखों से लगातार आंसू बह रहे थे।

### मुआवजे की मांग को लेकर पांच घंटे सड़क जाम

ग्रामीणों ने टॉल प्लाजा के निकट सैकड़ों ग्रामीणों ने रांची गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर रखा। ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर करीब ढाई बजे आदोलन कर सड़क पर उतर आये और उच्च मार्ग को करीब पांच घण्टे तक मार्ग को जाम रखा। जिससे मार्ग के दोनो छोर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। राहगिरों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा ।अश्वासन के बाद ग्रामीणों ने साढ़े सात बजे जाम हटाया और मार्ग पर वाहनों की अवागमण शुरू हुई।

## संक्षिप्त

### वाहन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**सिल्ली।** रांची पुरुलिया मार्ग सिल्ली पॉलिटेक्निक के समीप दोपहर 3 बजे के आस पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बंता जय नगर निवासी जीतू पात्र मुंडा (60) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के भतीजा दीपक मुंडा ने बताया कि जीतू पातर मुंडा घर से रांची जाने की बात कह कर निकले थे। इसी दौरान ये घटना घटी। इधर सुचना पाकर पहुंची सिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर थाना परिसर में रखा है। बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। मामले की छानबीन की जा रही है।

### पुरोहित की माता का निधन, शोक की लहर

**सिल्ली।** सिल्ली लालबाग कालोनी निवासी व इलाके के जाने-माने पुजारी तथा दवा दुकान महादेव मेडिकल के संचालक विनय चक्रवर्ती के 88 वर्षीय माता उमा चक्रवर्ती की मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर सुनकर उनके रिश्तेदार आसपास के लोग उनके घर पहुंच कर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार मुरी के स्वर्ण रेखा नदी मुक्ति धाम घाट पर किया गया।

### प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक आज

**सिल्ली।** जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत बुधवार को प्रखंड कार्यालय सिल्ली में अंचल व प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान प्रखंड व अंचल के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को उपस्थिती रहेंगे। बीडीओ अनिल कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए सभी जन प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### बंग समुदायों ने किया बासीभात का आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली मुरी व पश्चिम बंगाल के झालदा, तुलीन आसपास क्षेत्रों में मंगलवार को षष्ठी तिथि के दिन बंगाली समुदाय के लोगों ने बासी भात खाने की परंपरा निभाया। इससे पूर्व बंग समुदाय के घरों के महिलाओं ने सुबह स्नान कर मां षष्ठी की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात बासी भात खाने की रस्म निभाई। इस दौरान समुदाय के लोगों ने अपने घरों में सगे-संबंधियों को आमंत्रित कर बासी भात सहित विभिन्न तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस आयोजन को लेकर एक दिन पुर्व बसंत पंचमी के दिन विधि-विधान पूर्वक चावल समेत कई प्रकार के सब्जी एवं पकवान बनाया जाता है।

### खूंटी खेल महोत्सव पांच से होगा शुरू

**खूंटी।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में खूंटी खेल महोत्सव 2025 का आयोजन पांच से सात फरवरी तक किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम और बिरसा मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। खेल महोत्सव का उद्घाटन उपायुक्त लोकेश मिश्रा पांच फरवरी को करेंगे। इस तीन दिवसीय आयोजन में जिले के सभी छह प्रखंडों के खिलाड़ी भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, हॉकी और फुटबॉल को शामिल किया गया है। खेलों को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और नशापान से रहें दूर : विधायक



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने मंगलवार को रनिया प्रखंड के जयपुर डाड़टोली गांव जाकर लोगों की समस्याओं की जानकारी ली। मौके पर ग्रामीणों ने रनिया-तपकारा पथ से गांव तक सड़क बनाने की मांग की। साथ में शुद्ध पानी के लिए बोरिंग कराने और गांव में सिंचाई की सुविधा मुहैया कराने की मांग की। गांव वालों ने जन समस्याओं की लिखित जानकारी विधायक को दी और उन समस्याओं के निराकरण का आग्रह किया। विधायक ने गांव वालों का आश्वासन दिया कि आपकी जो भी समस्या है, उसमें दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा, आप जब भी मुझे बुलाएंगे, मैं आपकी सेवा में हाजिर हूं। विधायक सुदीप गुड़िया ने गांव वालों को से कहा कि कृषि के माध्यम से आप सभी अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आप लोगों को खेती के माध्यम से रोजगार उपलब्ध हो, इसके लिए मैं आप सभी को सिंचाई और बाजार की सुविधा उपलब्ध कराऊंगा। विधायक ने कहा कि आप बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और नशापान से दूर रहें। मौके पर जुनुल कंडुलना, बदरू झोरा, मसीह कंडुलना, मंगल कंडुलना, सीमा कंडुलना, अनिता कंडुलना आदि मौजूद थे।

## खूंटी में ऑटिज्म केयर सेंटर शुरू



**खूंटी।** स्वयंसेवी संस्था सहयोग विलेज ग्राम डुगडुगिया खूंटी के प्रांगण में मंगलवार को ऑटिज्म केयर सेंटर का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन डॉक्टर मितेंदर कौर परदेसी ने किया। संस्था सहयोग विलेज के तहत संचालित विशेष इकाई में कुछ ऐसे बच्चे भी आवासित हैं जो इस बीमारी से ग्रसित हैं। उनका इलाज इस केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। ज्ञात हो कि परिसर में भारत सरकार के मिशन वात्सल्य योजना के तहत विशेष इकाई संचालित है। इस ऑटिज्म केयर सेंटर में स्पीच थेरेपी, विहेवियर मोडिफिकेशन, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, सेल्फ हेल्प स्किल, ग्रुप थेरेपी, एकेडमिक, योगा थेरेपी का केयर किया जाएगा। खूंटी जिले में यह एक अनूठी पहल है। इस ऑटिज्म केयर सेंटर के उद्घाटन में संस्था के संचालक डॉक्टर मंजीत सिंह परदेसी, अध्यक्ष परमजीत कौर और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिल्ली कॉलेज के बॉटनी के छात्र हुए सम्मानित




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में बॉटनी के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो एवं बॉटनी के विभागाध्यक्ष सह माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया के कॉडीनेटर डॉ सुचित्रा महतो ने छात्रों को माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

सम्मानित होने वाले छात्रों में शरद कुमार भगत, सुनैना कुमारी, सुरज सेन एवं देवज्योति कुमार शामिल। डॉ सुचित्रा महतो ने बताया कि उपरोक्त छात्र छात्राओं ने माइक्रोबायोलॉजी के विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज के बॉटनी और जियोलॉजी के विद्यार्थियों को सम्मान मिलना एक उत्कृष्ट कदम है जो उनकी मेहनत, लगन और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करता है। यह सम्मान न केवल छात्रों को बल्कि शिक्षकों और संस्थान को भी गर्व का अनुभव कराता है। इस मौके पर प्रो त्रिभुवन महतो, मंजुलता कुमारी, विश्वनाथ मुंडा, प्रभा महतो आदि उपस्थित थे।

## अंचल भूमि अदालत कक्ष का उद्घाटन

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड मुख्यालय परिसर में अंचल अधिकारी संजीव कुमार के द्वारा अंचल भूमि अदालत कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के जमीन संबंधित समस्याओं के समाधान करने के उद्देश्य से महीने के प्रत्येक शनिवार को रांची जिले के विभिन्न प्रखंड में भूमि अदालत का आयोजन किया जा रहा है, इसी को मद्देनजर रखते हुए चान्हो प्रखंड मुख्यालय में भी भूमि अदालत कक्ष का उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों को अपनी जमीन के संबंधित हर छोटी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अंचल कार्यालय में इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा, इस अदालत के माध्यम से लोगों की समस्याओं का ससमय निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

# अफीम की खेती करने के 11 आरोपी गिरफ्तार



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** अफीम की खेती के खिलाफ खूंटी जिला पुलिस ने अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से अफीम की खेत में काम कर रहे 11 ग्रामीणों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी थानांतर्गत ग्राम कोसेया के पंडेया मुंडा, ग्राम पोटमगढ़ा के जीतू उरांव एवं ग्राम बासाहातु के देवेंद्र पातर, मुरहू थानांतर्गत ग्राम मारूंगटोली के सुरेंद्र नायक और ग्राम तुंबाकेल के जकरियस बोदरा, अड़की थानांतर्गत ग्राम कुरंगा के बगराय मुंडा एवं सिरित तिड़ू तथा मारंगहादा थानांतर्गत ग्राम जोजोहातु के जोटो मुंडा, ग्राम सालेहातु के बोड़ा मुंडा, ग्राम सरजामा के दसाय मुंडा और चमर सिंह टूटी शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध संबंधित थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ?यह जानकारी एसपी अमन कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि अफीम की खेती के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा 11 दिसंबर से चलाए जा रहे अभियान के दौरान अब तक 3600 एकड़ जमीन में लगी अफीम की खेती को ट्रैक्टर आदि संसाधनों के द्वारा नष्ट किया गया है। साथ ही सायको थाना क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान सहित जिला में कुल 38 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि इस दौरान ग्रामीणों को लगातार जागरूक भी किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम से प्रभावित होकर 60 से अधिक गांवों के ग्रामीणों ने स्वयं से लगभग 500 एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया है।

एसपी ने कहा कि इस बार अफीम की खेती के विनष्टीकरण के लिए शुरू से ही ट्रैक्टर आदि संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। प्रतिदिन दो-ढाई सौ पुलिस बल के साथ 15 से 20 ट्रैक्टर को इस अभियान में लगाया जा रहा है। इस वजह से इस बार प्रतिदिन व्यापक पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट करने में सफलता मिल रही है। एसपी ने बताया कि 5 फरवरी से अगले 15 दिनों तक अफीम विनष्टीकरण कार्य को और तेज किया जाएगा। इसके लिए पुलिस हेडक्वार्टर से 400 से अधिक पुलिस बल उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें अफीम विनष्टीकरण अभियान में ही लगाया जाएगा। इस दौरान ड्रोन से अफीम खेती की मैपिंग कर अफीम की खेती को नष्ट किया जाएगा। एसपी ने ग्रामीणों से स्वयं से अफीम की खेती को नष्ट करने की अपील करते हुए बताया कि अगर ग्रामीण स्वयं से अफीम की फसल को नष्ट करेंगे तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। और अगर पुलिस अफीम की खेती को नष्ट करती है तो जमीन मालिकों के साथ ही खेती करने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि अफीम की अवैध खेती में संलिप्त पाए जाने पर किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा चाहे वह ग्रामीण जनप्रतिनिधि ही क्यों ना हो।

# राहे में लोगों को अफीम की खेती नहीं करने की दिलाई शपथ



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**राहे।** प्रखंड सभागार में बुंडू एसडीएम किष्टो कुमार बेसरा के अध्यक्षता में सिल्ली, राहे ओर अनगड़ा प्रखंड के पंचायत के मुखिया,ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्यों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के इस अभियान में बुंडू एसडीएम किष्टो कुमार बेसरा,बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश, सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव सीओ राहे जया मुरमू,बीडीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी सिल्ली दिनेश ठाकुर,थाना प्रभारी अनगड़ा हीरालाल साह,राहे थाना प्रभारी शैलेन्द्र टुडू, द्वारा अफीम से होने वाले नुकसान के बारे में बारी बारी से जानकारी दीये। एसडीएम बुंडू किष्टो कुमार बेसरा ने कहा कि अफीम जैसी नशीली फसलें समाज और परिवार दोनों के लिए घातक हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की वे नशीले पदार्थों की खेती छोड़ कर वैकल्पिक रोजगार और खेती के तरीकों को अपनायें। उन्होंने ग्रामीणों को सब्जी उत्पादन, मधुमक्खी पालन और बागवानी आदि खेती करने की बात कही। इन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना है, बल्कि ग्रामीणों को स्वावलंबन की ओर प्रेरित भी करना भी है। डीएसपी बुंडू ओम प्रकाश ने अफीम का दुष्प्रभाव व कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। डीएसपी सिल्ली इन्होंने कहा कि अफीम की खेती कानूनन व सामाजिक अपराध है। इससे समाज को नुकसान हो रहा है। अफीम की खेती करने पर गिरफ्तारी की कार्रवाई होगी। इसलिए जो खेती है उसे स्वेच्छा से नष्ट कर दे। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने अफीम खेती नहीं करने और खेती पर रोक लगाने के लिए शपथ लिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रोहिताश चौधरी,राहे जिप सदस्य बादल महतो, प्रमुख लीलमनी देवी, प्रमुख सिल्ली जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख उमेश महतो,प्रखंड के सभी मुखिया,ग्राम प्रधान,वार्ड सदस्य मौजूद थे।

# ओरिएंटेशन सह परामर्श कार्यशाला का आयोजन




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**


**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में इंडिया हेल्थ एंड क्लाइमेट रेजिलिएंस फेलोशिप की ओर से ओरिएंटेशन सह परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला स्वास्थ्य एवं अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य देखभाल के प्रति अपने कार्य और दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ओरिएंटेशन सत्र के बाद आयोजित परामर्श कार्यशाला में खूंटी जिले में मौजूद गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों की पहचान करने एवं उनके समाधान के प्रयासों पर चर्चा की गई। इस पहल में आइएचआरएफ ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट और फिया फाउंडेशन ने सहयोग किया। कार्यशाला में मानव-केंद्रित डिजाइन अप्रोच के माध्यम से समुदाय की स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिले में कुपोषण की समस्या दूर करने, मातृ स्वास्थ्य सुधारने और सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष चर्चा हुई। साथ ही, इनसे जुड़ी बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के उपायों पर भी विचार किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा कई आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश भी दिए गए। कार्यशाला में सुझाव दिया गया कि वे जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इन चुनौतियों के समाधान के लिए ठोस प्रयास करें।

## छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन



**राहे।** प्रखंड के सर्वोदय स्कूल परिसर में मंगलवार को 10 वीं के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि बुंडू एसडीएम किष्टो कुमार बेसरा, बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की ओर कहा कि स्कूल से निकलने के बाद मन लगाकर पढ़ें और गांव और समाज का नाम रोशन करें। समाज के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से सेवा देने का भी काम करें।इस दौरान सभी छात्र -छात्राओं की पुरस्कार दिया गया।मौके ओर विद्यालय के निदेशक सुनील कुमार महतो, हाराधन महतो ,प्राचार्य ज्ञान महतो, शिक्षक संजय शिखर, लंबोदर महतो,परेश महतो,संतोष महतो,सुचित्रा देवी,नीतू देवी, सहित काफी संख्या में अभिभावक और बच्चे मौजूद थे।

## अग्रसेन स्कूल में परिचर्चा का आयोजन




**रामगढ़।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में अलग-अलग कक्षा के विद्यार्थियों के बीच कैंसर के संबंध में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के कारणों एवं इससे बचने के उपायों पर अपनी-अपनी बात रखी। विद्यार्थियों ने वर्तमान समय में गुटखा और पान मसाला सेवन को कैंसर का प्रमुख कारण बताया। गलत लाइफ स्टाइल, जंक फूड का अत्यधिक सेवन, पॉलीथिन का अत्यधिक प्रयोग, स्वच्छता को दरकिनार करने को भी कैंसर का कारक बताया। कहा कि कैंसर जैसी बीमारी की गिरफ्त में आने से पहले हमारा शरीर कई तरह के संकेत देता है। लेकिन हम उन लक्षणों की अनदेखी करने लगते हैं। जिसके कारण बाद में बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। विद्यार्थियों ने परिचर्चा में कहा कि कैंसर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य परीक्षण से बीमारी का पता समय पर लग सकता है, जिससे उसके इलाज में मदद मिलती है। महिलाओं को स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि के बारे में तो और भी सजग रहना चाहिए। व्यक्तिगत स्वच्छता भी जरूरी होती है। लोगों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और योग करने की आदत डालनी चाहिए। कैंसर दिवस के बाबत कहा कि यह विश्व कैंसर दिवस पूरी दुनिया को इस विषय पर एकजुट होने का मौका प्रदान करता है। ऐसे अवसरों पर लोगों को इस जटिल समस्या का सामना करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने अभिभावकों से पान, बीड़ी गुटखा व तंबाकू आदि पदार्थों का त्याग करने की अपील की।

# मनरेगा दिवस पर संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) स्थित सभागार में मंगलवार को मनरेगा दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने की।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेई, मेट एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को मनरेगा योजना के बेहतर क्रियान्वयन एवं अब तक की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना की प्रगति, चुनौतियों एवं नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मेट दीदियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बागवानी से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा मार्केटिंग प्रोसेसिंग और बागवानी के रख-रखाव पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत चल रही योजनाओं को और बेहतर क्रियान्वयन पर बल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के जरिये बिरसा हरित ग्राम योजना में आम के अतिरिक्त अन्य फलों के पौधारोपण का सुझाव दिया गया, जिसे राज्य योजना प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि द्वारा सराहा गया। उन्होंने खूंटी जिले को बागवानी के क्षेत्र में राज्य के अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक बताया। बागवानी योजना में जेएसएलपीएस की महिला दीदियों को जोड़ने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जिले में अफीम की खेती के विकल्प के रूप में बागवानी को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया। उल्लेखनीय है कि सरकार के निर्देशानुसार तीन से आठ फरवरी तक मनरेगा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### मुख्यमंत्री से कांग्रेस झारखंड प्रभारी सहित अन्य नेताओं ने की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर सहित अन्य नेताओं ने मुलाकात की। मुलाकात करने वाले नेताओं में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव शामिल हैं। इस मौके पर राज्य एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ राज्य में संचालित विकास एवं जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रियाज अहमद भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री से प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) अशोक कुमार और मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) एसआर नटेश ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### एडीजी ने ई-साक्ष्य ऐप को लेकर की समीक्षा बैठक

**रांची।** एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने मंगलवार को ई साक्ष्य ऐप को लेकर पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी जोनल आईजी, डीआईजी, और जिलों के एसएसपी, एसपी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इसमें एडीजी गुप्ता ने ई-साक्ष्य ऐप के उपयोग से संबंधित विषय और स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा आपराधिक कानून में प्रावधानित अपराध दृश्य, घटनास्थल, तलाशी और जब्ती प्रक्रिया और वादी एवं साक्षियों के बयान को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिकॉर्ड किये जाने और ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड करने पर समीक्षा हुई। समीक्षा में एडीजी ने अनुसंधान के मद्देनजर सभी जिलों के सभी एसपी को इस तथ्य से अवगत कराया कि जिस कांड में सात साल से अधिक का सजा का प्रावधान है, उस कांड की विशेष रूप से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के लिए शत प्रतिशत अनुसंधानकर्ताओं को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही एडीजी ने हिदायत दी कि अनुसंधान में वांछित वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी नहीं होने से भविष्य में कोर्ट द्वारा कोई प्रतिकूल टिप्पणी की जाती है या अनुसंधान को खारिज किया जाता है, या फिर झूठा होने का निर्णय दिया जाता है। तो ऐसे में इसकी पूरी जिम्मेदारी कांड के अनुसंधानकर्ता पर होगी। बैठक में कार्तिक एस, संध्या रानी मेहता, राजीव कुमार सिन्हा, अनुप रंजन, संदीप कौशिक सहित अन्य शामिल थे।

### महाशिवरात्रि के दिन 26 को निकलेगी पहाड़ी मंदिर से शिव बारात

**रांची।** महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी को रांची के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्यद्वार से शिव बारात निकाली जाएगी। इसमें विभिन्न झांकियां, ताशा, ढोल-नगाड़े शामिल होंगे। पहाड़ी बाबा के भक्त भगवान शंकर और माता पार्वती सहित भूत पिचाश के रूप में शिव बारात में शामिल होंगे। मंगलवार को समिति के मीडिया प्रभारी नरेश ने बताया कि यह शिव बारात पहाड़ी मंदिर के मुख्यद्वार से पूजन करने के बाद शुरू होगी, जो कि हरमू रोड शनि मंदिर, बकरी बाजार, कार्ट सराय रोड, कोतवाली थाना रोड, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से वापस घूमते हुए शहीद चौक, गांधी चौक, महावीर चौक, ग्वाल टोली, न्यू मार्केट चौक, दुर्गा मंदिर रातू रोड होते हुए पिस्का मोड स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगी। यहां पर शिव बारातियों का विश्वनाथ मंदिर समिति स्वागत करेगी और यही भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूप का विधिवत विवाह संपन्न होगा। स्थापक नंद किशोर सिंह चंदेल ने बताया कि इस आयोजन को लेकर 9 फरवरी को कमेटी के पदाधिकारी चुने जाएंगे।

# जनता दरबार में आया पंजी-2 में छेड़छाड़ का मामला, एफआईआर के आदेश

## वर्तमान को छोड़ पूर्व के रैयतों के सीसीएल से नौकरी प्राप्त करने की शिकायत

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** जनता दरबार में पंजी-2 में रैयत का नाम पूर्व रैयत के नाम को मिटाकर अंकित करने की शिकायत पर रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने फौरन कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिये। जनता दरबार में ठाकुर जयेन्द्रनाथ शाहदेव ने बड़गाईं अंचल में फजीर्वाड़ा कर रैयत का नाम अंकित करने की शिकायत की थी। अंचल अधिकारी की जांच रिपोर्ट को देखते ही उपायुक्त ने एफआईआर करने के आदेश दिये।

उपायुक्त कार्यालय कक्ष में 4 फरवरी, 2025 को आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को फोन पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



खलारी अंचल के विश्रामपुर क्षेत्र से जमीन अधिग्रहण के बाद वर्तमान को छोड़ पूर्व के रैयतों द्वारा सीसीएल से नौकरी प्राप्त करने की शिकायत जनता दरबार में आयी। उपायुक्त द्वारा फोन पर अंचल अधिकारी से बात कर पूरे मामले की विस्तार से जानकारी ली गयी। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश सीओ को दिये।

लोन की किस्त समय पर नहीं चुकाने पर बैंक द्वारा घर पर कब्जा किये जाने का नोटिस महिला को आया। महिला द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि वह किस्त चुकाने के लिए और समय चाहती हैं। उपायुक्त द्वारा मामले में जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी और प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

मोहन राम ने बताया कि चार साल तीन महीना से उन्होंने पंजी-2 में सुधार के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक अंचल अधिकारी द्वारा मामले का समाधान नहीं किया गया। उपायुक्त ने आवेदक के दस्तावेज और आवेदन की पूरी जानकारी राजस्व कर्मी से प्राप्त की। आवेदक को बताया गया कि मामले का निष्पादन जिला स्तर से नहीं, बल्कि राज्य स्तर से होगा। आवेदन को आवश्यक प्रक्रिया अपनाने की जानकारी उपायुक्त द्वारा दी गयी।

जनता दरबार में आनेवाले लोगों को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अबुआ साथी की जानकारी दी गयी। उन्होंने सभी को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी किया गया। जिस पर आम जन शिकायत कर सकते हैं। अबुआ साथी की चौबीस घंट सतत निगरानी की जाती है।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि स्कूल में शिक्षक नहीं आते। प्रखंड अंचल कार्यालय से संबंधित कार्य में किसी तरह की परेशानी है आदि की जानकारी अबुआ साथी पर दें। जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने वरीय अभियंताओं के साथ किया निरीक्षण

# सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर 15 मार्च तक पूरा करने का दिया निर्देश

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बन रहे सिरमटोली - मेकॉन फ्लाईओवर का मंगलवार को निरीक्षण किया। उनके साथ विभाग के वरीय अभियंता भी मौके पर मौजूद थे। प्रधान सचिव ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने निर्माणकर्ता एजेंसी एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर को हर हाल में 15 मार्च तक फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। प्रधान सचिव ने सिरमटोली से कांटाटोली कनेंक्टिंग फ्लाईओवर का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणकर्ता एजेंसी डीआरए को फरवरी के अंत तक कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।

पथ निर्माण विभाग के वरीय अभियंताओं ने फ्लाईओवर के पुराने हाईकोर्ट की ओर बन रहे रैंप से प्रधान सचिव को वाहन के द्वारा रेलवे लाईन के उपर हाल में बने स्टे केबल ब्रिज तक ले गये। वहां से प्रधान सचिव ने स्टे केबल ब्रिज को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द रेलवे केबल स्टे ब्रिज पर बने सेगमेंट गडर पर एक परत बिटुमिन से कालीकरण कर दिया जाये, ताकि फ्लाईओवर के सुदृढता की वैज्ञानिक जांच की जा सके। गडर पर बिटुमिन की परत चढाने के लिए रेलवे से ब्लाक की जरूरत पडेगी। इसके लिए श्री कुमार ने रेलवे के डीआरएम से बातचीत कर शीघ्र ब्लाक देने का आग्रह किया। उम्मीद है एक दो दिनों में रेलवे से ब्लॉक मिल जायेगा।



केबल स्टेबल ब्रिज एवं रेलवे लाईन के किनारे से निर्माण कार्य को बारीकी से देखा

प्रधान सचिव रेलवे स्टे केबल ब्रिज का मुआयना करने के बाद पटेल चौक गये। इसके अलावा उन्होंने स्टे केबल ब्रिज के नीचे रेलवे लाइन पर जाकर निर्माण कार्य की बारीकियों को देखा। इसके बाद श्री कुमार राजेंद्र चौक गये। वहां निमार्णाधीन फ्लाईओवर के नीचे पौधरोपण को देखा। वहां राजेंद्र चौक के गोलंबर को आकर्षक पौधों को लगाने का निर्देश दिया।

प्रधान सचिव ने एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर टीबी सिंह को निर्देश दिया कि युद्ध स्तर पर काम करके 15 मार्च तक सभी कार्य पूरा कर लिया जाये। प्रधान सचिव सिरमटोली से कांटाटोली कनेंक्टिंग फ्लाईओवर निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्हें बताया गया कि फ्लाईओवर के जियोटेक के माध्यम से मिट्टी जांच के लिए बोरिंग का काम संपन्न हो गया है। साथ ही सरना स्थल को बचाते हुये नये क्रास आर्म डिजाइन पर फ्लाईओवर का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए प्रधान सचिव ने जल्द से जल्द नये डिजाइन को स्वीकृत करा कर फरवरी के अंत तक काम शुरू कराने का निर्देश दिया।

श्री कुमार के साथ उनके ओएसडी विजय कुमार, पथ निर्माण के अभियंता प्रमुख संजय कुजूर और मुख्य अभियंता मनोहर कुमार, कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार कच्छप निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

# डीजीपी सहित अन्य अफसरों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार एवं पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी असीम विक्रांत मिंज ने आज शिष्टाचार भेंट की।

# ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप : पहले दिन कई प्रतिभागियों ने दर्ज की जीत

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

रांची। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के तत्वाावधान में आयोजित ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप (पुरुष) के पहले दिन कोलकाता, जादवपुर, कीट, पटना, एसओए, एलएन मिथिला, उत्कल, तेजपुर, रविशंकर शुक्ला, बीआरए विश्वविद्यालय और बीआईटी मेसरा के प्रतिभागियों ने अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में बीआईटी विद्यासागर एवं एबी वाजपेई विवि के बीच हुआ मैच ड्रॉ रहा।

प्रतियोगिता का आयोजन सरला बिरला विश्वविद्यालय की मेजबानी में हो रहा है। मैच के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ गोपाल पाठक खुद उपस्थित रहे। इस दौरान एआईयू के ऑब्जर्वर डॉ. एन.आर. राजकुमार, चीफ आर्बिटर असित वरन चौधरी, आयोजन समिति के सचिव सुभाष शाहदेव एवं सह संयोजक राहुल रंजन भी उपस्थित रहे।

विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा एवं कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।



# पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 12 को रांची में

**वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी कमान अलंकरण समारोह-2025 रांची में 12 फरवरी को होगा। इसमें , वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल आर. सी. तिवारी, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे।

इस समारोह में कुल 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसमें 20 सेना पदक (वीरता), 4 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 1 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 2 युद्ध सेवा पदक, 1 बार टू विशिष्ट सेवा पदक, 11 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। इस समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, 45 सैन्य इकाइयों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान इकाई प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम से एक दिन पहले 11 फरवरी 2025 को 'शौर्य सनाध्य' नामक एक सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी।

सांस्कृतिक संध्या में मार्शल आर्ट प्रदर्शन, हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई-पास्ट, आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुति, भव्य आतिशबाजी प्रदर्शन होगा।

इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# जरूरतमंदों को निगम प्रक्रिया के तहत देगा आवास : उप प्रशासक



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल, रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम के नेतृत्व में रांची नगर निगम के उप प्रशासक से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को खादगढ़ा सब्जी मंडी के समीप बनाई गई बीएसयूपी योजना के अंतर्गत गरीबों के लिए आवास में रह रहे लोगों के आवास खाली करने के लिए निगम द्वारा नोटिस दिए जाने के संदर्भ में ज्ञापन देकर वार्ता की।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व अध्यक्ष लालजी रमन एवं पूर्व सचिव अरुण वर्मा ने विस्तार से गरीबों के हित में अपनी बातों को रखा। उप प्रशासक ने गंभीरता से प्रतिनिधियों की बातों को सुनकर कहा कि जो जरूरतमंद गरीब हैं उन्हें आवास निगम की प्रक्रिया के तहत आवंटित किया जाएगा । उन्होंने कहा कि एक सप्ताह का समय दिया गया जिसमें वहां रह रहे लोग व्यक्तिगत रूप से निगम को आवेदन दे और उसके जांच करने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रांची जिला झामुमो संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने कहा कि हजारों गरीब लोगों को बेघर नहीं किया जाएगा और उन्हें आवास आवंटित करने का झामुमो के नेता पूरी तरीके से प्रयास करेंगे। इस अवसर पर झामुमो के वरिष्ठ नेता शिवनंदन मिश्रा, निजामुद्दीन अंसारी, अजय वर्मा, विक्रांत विश्वकर्मा , बाबूराम संदीप ठाकुर अजय सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मां सरस्वती की हुई दूसरे दिन भी पूजा

**रांची।** राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा दूसरे दिन मंगलवार को भी धूमधाम से की गई। मां की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को किया जाएगा। मंगलवार होने के कारण प्रतिमा विसर्जित नहीं की गई। हालांकि कई पूजा पंडालों की प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को किया गया। इधर, विसर्जन से पूर्व माता की विधिवत पूजा अर्चना की गई और पुनः अगले वर्ष आने की याचना मां सरस्वती से श्रद्धालुओं ने की। उल्लेखनीय है कि रांची में स्थापित प्रतिमा का विसर्जन विभिन्न जलाशयों बड़ा तालाब, बटन तालाब, बरियातु स्थित जोड़ा तालाब और धुर्वा के जगरनाथपुर तालाब समेत अन्य तालाबों किया जाता है।

# कृषि मंत्री के जनता दरबार में 60 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए जनता दरबार का आयोजन मंगलवार को कांग्रेस भवन में किया गया। जनता दरबार में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आम लोगों की समस्याओं को सुना।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के समक्ष लगभग 60 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। कांग्रेस की पहल से जनता दरबार की लोकप्रियता बढ़ी है। समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है,लोगों की समस्याओं का हर संभव निराकरण हो रहा है। विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए मंत्री ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और शिकायतों का निष्पादन कर इससे अविलंब सूचित करने को कहा। शिकायतों के निष्पादन के क्रम में कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ चेतावनी भी दी गई। जनता दरबार में कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग से जुड़े 28, भू अर्जन भूमि संरक्षण से आठ, स्वास्थ्य से सात, अबुआ आवास सहित अन्य मामले सामने आए जिसका प्रक्रियागत समाधान किया गया। जनता दरबार में पलामू, रांची, गिरिडीह, पाकुड़, लातेहार, देवघर, गुमला, हजारीबाग जिले से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा।



जनता दरबार के बाद मंत्री शिल्पी ने कहा कि जनता के लिए अधिकारियों को तय सीमा के अंदर काम करना होगा और इसके लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया है। कांग्रेस ने जनता के बीच रहने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करना है। बहुत सी समस्याएं ऐसी है जिसमें जागरूकता की कमी है,जनता को अपने अधिकारों और प्रक्रियाओं की जानकारी नहीं है। जनता इस दरबार के माध्यम से बहुत आशा और आसरे के साथ सरकार के सामने आ रही है। हमारी सरकार में अधिकारियों की कार्यशैली पर लगाम लगाया गया है। इससे पहले अधिकारियों ने इतना खौफ बना रखा था कि जनता अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थी। हमारी सरकार में जनता पूरे अधिकार के साथ खुलकर अपनी बातें रखती है।

हेमंत कैबिनेट 2.0 काफी संवेदनशील और मजबूत है। वह जनता के बीच जाकर काम कर रही है। साथ ही अधिकारियों के साथ समन्वय बनाने का काम कर रही है। अगर समस्याएं बड़ी हों तो समय लग सकता है लेकिन छोटी समस्याओं के लिए समय सीमा तय की जा सकती है। हमारा प्रयास व्यवस्था को सुधारने का है।

**संक्षिप्त**

### आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर किया हंगामा

**भवनाथपुर ।** भवनाथपुर के झगड़ा खांड स्थित उत्क्रमिक मध्य बुनियादी विद्यालय झिरहुला में सरस्वती पूजा के दिन एक अप्रिय घटना सामने आई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। विद्यालय में सरस्वती पूजा के लिए स्थापित प्रतिमावाले कमरे को संध्या समय ताला बंद कर दिया गया, जिससे पूजा-अर्चना करने के इच्छुक ग्रामीणों और छात्रों में असंतोष उत्पन्न हो गया। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर हंगामा किया और प्रधानाध्यापक सुरेंद्र यादव पर दबंगई का आरोप लगाया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखिलेश ठाकुर सहित आधा दर्जन ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी विद्यालय में पूजा के दौरान ताला बंद नहीं किया गया, क्योंकि यह छात्रों और ग्रामीणों के धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़ा होता है। उन्होंने प्रधानाध्यापक के इस कदम को अनुचित और तानाशाही करार दिया। उनका आरोप है कि प्रधानाध्यापक सुरेंद्र यादव ने बिना किसी पूर्व सूचना के प्रतिमा वाले कमरे को संध्या आरती के बाद बंद कर दिया, जिससे पूजा की प्रक्रिया बाधित हुई और लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची।

### वन विभाग ने 10 एकड़ में लगी पोस्तो की खेती को किया नष्ट

**चौपारण :** चौपारण थाना क्षेत्र के असनाचुआ के अम्बादाह जंगल में अफीम-पोस्ता की खेती के खिलाफ क्षेत्रीय वन विभाग द्वारा मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की गयी। वनपाल प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में थाना के सशस्त्र बलों और वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई में करीब 10 एकड़ वन भूमि पर लगी अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। इस संबंध में वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अम्बादाह के मुंडा जनजाति के सभी लोगों के पट्टे की जांच कर कार्रवाई भी की जाएगी। जिसमें अफीम की खेती इतने व्यापक पैमाने पर पाई गई कि बड़े-बड़े लोगों का नाम आना तय है। वन विभाग और पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई से अफीम उत्पादकों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है। वनपाल से दूरभाष पर बात करने पर उन्होंने बताया कि वन विभाग और पुलिस द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और इसे नष्ट भी किया जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### धनबाद जिला में अपर समाहर्ता ने की बैठक

**धनबाद :** भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार भविष्य में अचानक आने वाली आपदाओं से बचने हेतु योजना तैयार करने के लिए एनडीआरएफ टीम के द्वारा धनबाद जिला में 08 फरवरी 2025 तक FAMILIARISATION EXERCISE आयोजित किया जाना है। इस EXERCISE के अन्तर्गत धनबाद जिला में आपदा से निपटने के लिए यहां की भौगोलिक एवं प्राकृत्तिक परिस्थितियों का Resource Mapping किया जाना है। जिसे लेकर आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने एनडीआरएफ टीम के साथ बैठक कर धनबाद जिलान्तर्गत विभिन्न अंचलों/ स्थानों /संस्थानों / कार्यालयों में योजनात्मक कार्रवाई हेतु भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### मोहनबाजार बैंक के समीप गड्ढा बना मौत का कुआं

**पाथरडीह (धनबाद):** झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित एक्सेस बैंक के समीप सड़क पर गहरी खुदाई कर छोड़ दिया गया है,जो इन दिनों जान लेवा साबित होने को है। बताते चले की विगत कई महीनों से नगर निगम का पेय जल पाइप फटा हुआ था,जिसके पानी से मोहन बाजार के रस्ते सड़कों पर बहता था,जिसकी शिकायत स्थानीय लोगो के द्वारा किया जाता रहा लेकिन नगर निगम की कुंभकर्णी नींद नहीं खुली। लोग परेशान होते रहे ।लेकिन एकाएक सड़क खुदाई का कार्य शुरू किया गया।

# नम आंखों से दी गई मां सरस्वती को विदाई



**प्रातः नागपुरी टीम**

**चरही/चूरचू।** प्रखंड अंतर्गत सर्वोदय सरस्वती विद्या मंदिर उत्क्रमित मध्य विद्यालय परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय मध्य विद्यालय आदर्श हाई स्कूल में बड़ी धूमधाम से सरस्वती पूजा व हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सभी विद्यार्थी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई।

मां सरस्वती को बुद्धि ज्ञान,वाणी और शिक्षा की देवी माना जाता है। सभी विद्यार्थियों द्वारा जय मां शारदे, वीणा पानी की, हंस वाहिनी की, विद्यादानी की, अनेक तरह के नारे के साथ नम आंखों से मां की विदाई दी गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक ने सभी अभिभावकगण शिक्षकगण, समाजसेवी तथा सभी छात्र-छात्राएं के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

इस मौके पर प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुखिया देवकी महतो, बृज बिहारी महतो, पूनम बेसरा, सुनीता देवी, राधिका देवी,गिरजा कुमारी, परमेश्वर महतो, शशि कुमार,मुरारी सिंह, सुरेंद्र कुमार महतो, मनोज कुमार महतो, युगल किशोर महतो,गंगा प्रसाद, दशरथ महतो, विनोद महतो,आशा राय,विद्यालय के प्रधानाध्यापक पारस नाथ महतो, कपिल देव पटेल, गणेश महतो, ज्योति कुमार दास, बाबूलाल हेंब्रम, सुखदेव महतो, दिनेश महतो, भावेश कुमार,मनोज हसदा, एम के बरनवाल, सुमित्रा कुमारी, मुकेश कुमार,एवं सभी छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## बसंत पंचमी और मां शारदे की पूजा-आराधना श्रद्धापूर्ण सम्पन्न

**हजारीबाग :** स्थानीय केडी चिल्ड्रेन अकादमी / उच्च विद्यालय, डॉ० भाभा मार्ग मुनका बगीचा हजारीबाग में विद्यालय प्राचार्या मीनू गुप्ता की अध्यक्षता में विद्या, ज्ञान व कौशल प्रदायिनी मां शारदे की आराधना हर्षोल्लास से संपन्न हुई । मंत्र-उच्चारण से संपूर्ण विद्यालय प्रांगण श्रद्धा एवं भक्ति की भावना में डूब गया। बच्चों ने मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मां से अपने उज्जवल भविष्य की कामना भी की। पूजन कार्य में विभिन्न संस्थानों एवं समाज से आए हुए कई गणमान्य अतिथि भी सम्मिलित हुए। विद्यालय के चालीस वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर निःशुल्क नामांकन एवं लेखनी - पुस्तक के पूजन के साथ नए सत्र के नामांकन भी प्रारंभ किए गए।

विद्यालय के भैया , बहनों, आगंतुक बच्चों एवं अभिभावकों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। पूजन के दूसरे दिन मां शारदे की आराधना करते हुए चूड़ा-दही एवं लवण युक्त प्रसाद का भोग लगाकर भैया - बहनों एवं अभिभावकों में वितरित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सहायक शिक्षक उपेंद्र पांडेय, जयनाथ महतो, विजय कुमार सिन्हा, नीलम देवी, कमला सिंह, अमिता प्रसाद, पूनम सिन्हा, पूनम तिवारी, मुकेश कुमार, पीयूष कुमार, मीनाक्षी सिन्हा, श्वेता मिश्रा, मंजू गुप्ता, राफिया खातून, जूली सिन्हा, संगम पांडेय, कुमारी लीलावती, कल्याणी दुबे, प्रियंका कुमारी, रिया कुमारी, नैंसी कुमारी, माही कुमारी, आकांक्षा वर्मा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओ का योगदान महत्वपूर्ण रहा।





## मां सरस्वती की प्रतिमा का गाजे-बाजे के साथ भव्य विसर्जन

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं स्थानीय श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे। विसर्जन यात्रा महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते रहे, वहीं ढोल-नगाड़ों की धुन पर छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक नृत्य करते नजर आए। नगरवासियों ने भी इस शोभायात्रा का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रदीप तिवारी ने बताया कि सरस्वती पूजा शिक्षा एवं विद्या का प्रतीक पर्व है, जो विद्यार्थियों के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान और संस्कार की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विसर्जन यात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए तालाब पर पहुँची, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस भावुक क्षण में कई श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और स्थानीय प्रशासन का विशेष योगदान रहा। विसर्जन के साथ ही सभी ने माँ सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त कर विद्या, बुद्धि और सफलता की कामना की।

## कैंसर को हराने के लिए अरली डिटेक्शन जरूरी : सुपरीटेंडेंट

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** विश्व कैंसर दिवस पर एमआरएमसीएच पलामू में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कैंसर को हराना है, हारना नहीं, सभी को समझाना है, घबराना नहीं कार्यक्रम के तहत उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों एवं सहिया को पूरी जानकारी दी गयी। गांव गांव लोगों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमआरएमसीएच के सुपरीटेंडेंट डा. धर्मेन्द्र कुमार उपस्थित थे। उनके अलावा डा. आरके रंजन, डा. एसके रवि, डा. मनीषा तिर्की, डा. विजेता खलखो एवं हॉस्पिटल इंचार्ज सुमित श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुपरीटेंडेंट डा. धर्मेन्द्र ने कहा कि कैंसर लाइलाज बीमारी है और इससे निपटने का एक ही तरीका है अरली डिटेक्शन। कैंसर तीन तरह के होते हैं। ओरल, ब्रेस्ट और सरभिक्स। ओरल कैंसर तंबाकू एवं गुटखा खाने से होता है। इसी तरह 40 से अधिक उम्र की महिलाओं को अनियमित रक्तस्त्राव होने पर सरभिक्स कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। इसके लिए तुरंत जांच और फिर इलाज कराना चाहिए। ब्रेस्ट में गांठ बनने के कारण कैंसर होता है। ऐसी स्थिति बनने पर महिलाओं को तुरंत जांच करानी चाहिए। अप्रैल से यहां जांच शुरू हो रही है। संबंधित परेशानी वाले लोग इलाज करवा सकते हैं।

तीनों कैंसर के लक्षण भी नजर आते हैं। लक्षण को देखकर फर्स्ट स्टेज से इलाज शुरू कराने से काफी हद तक कैंसर से बचा जा सकता है। पहचान होने के बाद डायग्नोस्टिक जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों एवं सहिया को हिदायत दी कि वे यहां से मिली जानकारी को गांव गांव तक फैलाएं और कैंसर से लड़ने में लोगों की मदद करें। अन्य डाक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने भी तीनों कैंसर के बारे में जानकारी दी और जागरूकता पर बल दिया।



### नेतरहाट में दो दिवसीय सोहराय फेस्टिवल का शुभारम्भ

**लातेहार।** जिले के खूबसूरत पहाड़ी नगर नेतरहाट में 4 फरवरी मंगलवार से दो दिवसीय झारखंड कला जतरा सोहराय फेस्टिवल का भव्य आगाज हुआ। यह उत्सव कलाकृति आर्ट फाउंडेशन, कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स, लातेहार टूरिज्म, नेचुरल एंड ह्यूमन रिसोर्स वेलफेयर फाउंडेशन, सोहराय आर्ट झारखंड.कॉम, झूमर रिसॉर्ट और लेक व्यू रिसॉर्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। लातेहार टूरिज्म के गोविंद पाठक ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड की पारंपरिक सोहराय चित्रकला को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करना है। फेस्टिवल के दौरान नेतरहाट के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर कलाकार लाइव पेंटिंग कर रहे हैं, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटक झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सकें। इस अनूठे फेस्टिवल में रांची के प्रख्यात चित्रकार धनंजय कुमार सहित रजनी, हर्षिता, अर्चना, जया, शिखा, प्रेम शंकर मरांडी, सुरुचि, रिचा, रिद्धि, विवान और अन्य कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## भाजपा में बूथ स्तर का कार्यकर्ता चुनाव लड़कर बन सकता है राष्ट्रीय अध्यक्ष : नीरा



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** भाजपा के पलामू जिला कार्यालय में संगठनात्मक चुनाव को लेकर मंगलवार को कार्यशाला सह बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की। मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक संगठनात्मक चुनाव होते रहते हैं।

इसी कड़ी में झारखंड में भी संगठनात्मक चुनाव बूथ से लेकर प्रदेश तक होना है। पार्टी का सदस्यता अभियान में प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्य लगातार बनाते चलना हैं और इसी महीने होने वाले संगठनात्मक चुनाव में कार्यकर्ता भाग भी लेंगे। भाजपा ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां पार्टी का कोई सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव लड़कर बन सकता है।

पलामू जिला चुनाव प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहू ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का कार्यकर्ता होने पर हम सभी को गर्व होता है, जिसमें हमारी विचारधारा के कई परिवार भी होते हैं। आंतरिक लोकतंत्र होने से भाजपा में प्रत्येक 6 वर्ष पर संगठनात्मक चुनाव होना स्वस्थ लोकतंत्र का परिचायक है। इसीलिए पार्टी में समय-समय पर सदस्यता अभियान चलाया जाता है जिसे नए पुराने प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्य बनकर पार्टी में अपनी भूमिका निभा सके।

बैठक में श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, लवली गुप्ता, दिवाकर पांडे, दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा, ईश्वर चंद्र सागर, रूपा सिंह सहित कई कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे।

## लातेहार में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**लातेहार :** जिले में मंगलवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों ने इलाके में सनसनी फैला दी। इन दुर्घटनाओं में कुल तीन लोगों की जान चली गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार और लापरवाही इन घटनाओं का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

पहली दुर्घटना चंदवा थाना क्षेत्र के सेन्हा गांव के पास एनएच-39 पर उस समय भयावह मंजर देखने को मिला जब दो ट्रक आमने-सामने टकरा गए। एक ट्रक जमशेदपुर से सीमेंट लेकर लातेहार आ रहा था, जबकि दूसरा रांची की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। इस हादसे में लातेहार थाना क्षेत्र के धनकरा गांव निवासी ट्रक चालक रानू उरांव और उत्तर प्रदेश निवासी खलासी अंकुल कुमार की दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं, तीन अन्य घायलों को चंदवा अस्पताल भेजा गया। इस सम्बन्ध में स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण सड़क हादसे आम हो गए हैं।

## एनटीपीसी केरेडारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर बांटे 150 हेलमेट

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना सीएसआर के तहत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दे रहा है। इसके मद्देनजर बसारिया साइट ऑफिस चौक पर 150 क्रैश हेलमेट का वितरण किया।

इस कार्यक्रम में परियोजना के हेड ऑफ प्रोजेक्ट शिव प्रसाद, सर्किल ऑफिसर (केरेडारी) रामरतन बरनवाल, अपर महाप्रबंधक एस पी गुप्ता, हेड ऑफ एचआर रोहित पाल, इंचार्ज (पगार ओपी) बिक्की ठाकुर सहित परियोजना की सीएसआर एवं आरएंडआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। दोपहिया वाहन चालकों से हमेशा हेलमेट पहनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट का उपयोग जरूरी है। यह पहल स्थानीय समुदाय को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने में सहायक होगी।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने भी सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की आवश्यकता पर बल दिया। लोगों को जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाने की सलाह दी। स्थानीय लोगों ने एनटीपीसी के इस पहल की सराहना की। कहा कि यह अभियान समाज में सुरक्षा जागरुकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### वर्षों बाद विभावि परिसर में फिर से खिले फूल

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला खो खो प्रतियोगिता की तैयारी जोर-शोर पर है। बुधवार को स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने बिनोदिनी पार्क को रंग बिरंगे फूलदार पौधो से सजाने के कार्य को संपन्न कर लिया। पूरे कार्य को विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ केदार सिंह तथा विभाग के प्राध्यापक डॉ सुबोध कुमार सिंह शिवगीत एवं डॉ राजू राम ने श्रमदान कर विश्वविद्यालय के समक्ष एक मिसाल कायम किया। विभाग के कर्मचारी बैजनाथ यादव एवं पूर्व विद्यार्थी सर्वेश एवं तारकेश्वर ने इस कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

# उधार मोबाइल फोन नहीं देने पर दुकान में चोरी, दो गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** उधार मोबाइल नहीं देने पर दुकान खाली कर देने का मामला सामने आया है। करीब पांच लाख रूपए के मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया। हालांकि घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने कांड का उदभेदन करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया और 29 मोबाइल फोन के अलावा अन्य उपकरण बरामद किए गए। मास्टरमाइंड फरार है। उसकी पहचान हो गयी है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पदमा स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सामने दो फरवरी की रात हुई थी।

लेस्लीगंज के एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। दल में मनातू के थाना प्रभारी निर्मल उरांव, एसआई संतोष कुमार गुप्ता, एएसआई सतेन्द्र कुमार एवं तुराम पूर्ति और जवान शामिल थे।



अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर एवं दुकानदार से मिली जानकारी पर चोरी कांड के साजिशकर्ता पदमा का महफूज आलम के घर छापेमारी की गयी। हालांकि महफूज नहीं मिला, लेकिन जानकारी मिली कि उसके साथ दो अन्य युवक रहते हैं। संदिग्ध मानकर उनकी पहचान की गयी और पकड़ा गया। कडाई से पूछताछ करने पर दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

बताया कि दो फरवरी की रात दुकान का वेंटिलेटर तोड़कर अंदर घुसे थे और बोरा में भरकर सारे मोबाइल फोन निकाल लिए थे। उनकी निशानदेही पर पाटन के एक अर्द्धनिर्मित मकान से 29 मोबाइल फोन एवं अन्य उपकरण बरामद किये गये।

एसडीपीओ ने मंगलवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मास्टरमाइंड महफूज कुछ दिन पहले उपरोक्त मोबाइल दुकान में मोबाइल फोन खरीदने गया था और उधार मांग रहा था। दुकानदार आशीष कुमार ने उधार में मोबाइल देने से मना कर दिया था। ऐसे में उसने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी दुकान में चोरी करने की योजना बनाई। दो फरवरी की रात उसके साथी वेंटिलेटर तोड़कर अंदर घुसे और घटना को अंजाम दिया। महफूज बाहरी गतिविधियों पर नजर रख रहा था। सीसीटीवी में वह टहलते नजर आया है। एक महंगा मोबाइल फोन लेकर गिरफ्तारी के डर से वह फरार है। अन्य दो आरोपितों में रूदीडीह नावाजयपुर के तकरीम अंसारी उर्फ बबल एवं एक नाबालिग भी शामिल है।

# इंजीनियरिंग की तैयारी कराने के बहाने करोड़ों की धोखाधड़ी

## फिट्जी हुआ अनफिट : पटना और रांची के बाद अब बोकारो सेंटर भी बंदी के कगार पर

▸ अधर में विद्यार्थियों की पढ़ाई, कर्मचारी भी पसोपेश में

**डी. के. वत्स**

**बोकारो।** आईआईटी जेईई सहित इंजीनियरिंग की अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयारी कराने वाला कोचिंग इंस्टीट्यूट फिट्जी अब शायद फिट नहीं रहा। आकाशीय गिद्ध-दृष्टि और संभवतः प्रबंधन की लचर स्थिति के कारण इसकी फिटनेस खतरे में है। पहले पटना, फिर रांची और अब झारखंड में शिक्षा की राजधानी माने जाने वाले शहर बोकारो की बारी है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, फिट्जी का बोकारो सेंटर भी जल्द ही बंद होने वाला है।

संस्थान के वरीय शिक्षकों से लेकर कर्मचारी तक इसके लिए मूड बना चुके हैं। न सिर्फ मूड बना चुके हैं, बल्कि आगे की योजना को लेकर अपने कदम भी उन्होंने बढ़ा दिए हैं। लेकिन, शिक्षा के इस महाखेला में इस संस्थान के शिक्षक तो दूसरी राह पकड़ लेंगे, मुसीबत में हैं तो अभिभावक। वे अभिभावक जिनके लाखों-लाख रुपए फंस चुके हैं। एडमिशन और कोचिंग फीस के एवज में छात्रों से लाखों-करोड़ों रुपए वसूले गए हैं। अब उन्हें इस बात का डर सताने लगा है कि जिस प्रकार पटना और रांची के सेंटरों से जुड़े अभिभावकों के साथ कथित धोखाधड़ी हुई, कहीं यहां उन्हें भी न झेलनी पड़ जाय।

**परीक्षाओं के समय में बढ़ी चिन्ता**

दरअसल, इस समय बोर्ड परीक्षाएं, नीट, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं का समय है। अचानक से कोचिंग सेंटर बंद होने की सूचना बच्चों के लिए चिंता का विषय बन गई है। पैरेंट्स बच्चों के लिए दूसरे संस्थान में पढ़ाई की व्यवस्था कराने में सक्षम नहीं हैं। बता दें कि रांची, पटना, नोएडा जैसे सेंटरों ने बगैर किसी आधिकारिक नोटिस के एक से दो दिन पहले वाट्सएप मैसेज कर कक्षाएं स्थगित करने दी जानकारी दी और जब अभिभावक और बच्चे वहां पहुंचे तो ताले लटके मिले। बोकारो में भी अभिभावकों को भी कुछ ऐसा डर सताने लगा है। खबर है कि देश के कई हिस्सों में फिट्जी के बैंक खाते भी सील कर दिए गए हैं। ऐसे में बोकारो सेंटर में नामांकन लेने वाले बच्चों के पैसे भी लटकने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।




### एडवांस में अभिभावकों से ऐंठे गए लाखों रुपए

अभिभावक बताते हैं कि फिट्जी एक बार में पूरा एडवांस लेता है। एक अभिभावक ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे का चार साल के प्रोग्राम में साढ़े चार लाख रुपए एडवांस देकर एडमिशन कराया था। अब जब परीक्षा मुहाने पर है और प्रोग्राम पूरा होने में एक साल अभी और बाकी है, ऐसे में सेंटर अगर बंद हो जाता है तो उनके तो रुपए गए काम से! एक अन्य छात्रा ने कहा कि उनके मात्र दो साल के प्रोग्राम के लिए उसके पिता ने बमुश्किल तीन लाख से भी अधिक की रकम एडवांस में जमा कराई थी। अब उनका क्या होगा? अभिभावकों ने कहा कि अचानक से फिट्जी की इस स्थिति के कारण वे उधेड़बुन में हैं। उनके बच्चों का भविष्य अधर में दिख रहा है। आगे की तैयारी कैसे होगी, सिलेबस भी पूरा नहीं हुआ है और बीच सेशन में छात्र कहां जाएंगे तो जाएंगे कहां? उन्होंने कहा कि सेंटर बंद होने से पहले अभिभावकों का फीस के रूप में लाखों रुपया जो फंसा हुआ है, वापस मिलना चाहिए।

### पूंजीपतियों की लगी आकाशीय गिद्धदृष्टि, बिछा रहे जाल

फिट्जी के लड़खड़ाते हालात के बीच कई ऐसे नामचीन कोचिंग संस्थान हैं, जिनकी गिद्धदृष्टि ऊपर से पड़ी है। पूंजीपतियों का खेल नहीं, महाखेला शुरू हो चुका है और फिट्जी के पतन का लाभ उठाने में कई संस्थान लग चुके हैं। जाहिर है, उनके लिए आपदा में अवसर और व्यावसायिक फायदे की जो बात है। असंतुष्ट शिक्षकों को वैसे अपने यहां लुभा सकें, इसके लिए उन्होंने साम, दाम, दंड, भेद सभी उपाय लगाने शुरू कर दिए हैं। पटना और रांची सेंटरों के केंद्र प्रमुख और वरीय शिक्षक फिट्जी सेंटरों पर ताला मारने के साथ ही नए कमाऊ-घर में शिफ्ट हो गए हैं। बोकारो में कुछ स्थानीय कोचिंग संस्थान, जो विज्ञापनों की चमक-दमक के बूते बाजार बनाने में सफल तो रहे हैं, लेकिन आज भी अभिभावकों का वह भरोसा नहीं जीत सके हैं, जो फिट्जी के नाम के साथ जुड़ा था। वैसे संस्थानों पर अभिभावक और विद्यार्थी भरोसा नहीं कर पा रहे, क्योंकि वे जानते हैं कि कोचिंग वालों का तो केवल कमाऊ अभियान है, लेकिन उनके लिए यह उनके भविष्य की बात है। सूत्रों के अनुसार, बोकारो में अंदर ही अंदर सेटिंग हो चुकी है। एक बड़े ख्यातिप्राप्त संस्थान के साथ फिट्जी की यहां बातचीत चल रही है। अगर उस संस्थान की शाखा नहीं है तो शाखा भी खोली जा सकती है।

### अचानक क्यों आए फिट्जी के बुरे दिन

इंजीनियरिंग की तैयारी के नाम पर लाखों-करोड़ों के वारे-न्यारे करने वाले संस्थान फिट्जी के बुरे दिन के पीछे की वजह प्रबंधन की मनमानी बताई जा रही है। बोकारो सेंटर के ही एक वरीय शिक्षक ने बताया कि जिस हिसाब से संस्थान को शिक्षक बड़ी रकम देते रहे हैं, उसके अनुपात में शिक्षकों की सैलरी नहीं मिलती। शिक्षकों और कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति सही नहीं है। सेंटर शिक्षकों को पिछले कई महीनों से वेतन भी नहीं दिया जा रहा था। यह तो रही आर्थिक संकट की बात, शिक्षकों से दुर्व्यवहार भी बहुत बड़ा कारण बनकर सामने आया है। प्रबंधन के शीर्ष अधिकारियों का शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार भी बड़ा कारण बताया जा रहा है। खास तौर से कंपनी के मालिक डीके गोयल का बुरा बर्ताव हाल के दिनों में काफी चर्चा में है।

### मालिक गोयल समेत कइयों पर देश में जगह-जगह एफआईआर

शिक्षा मामलों के विशेषज्ञ बताते हैं कि फिट्जी से पैसा वापस मिलना असंभव है। मुंबई, नोएडा, रांची और पटना सेंटरों की तर्ज पर बोकारो में भी करोड़ों की घपलेबाजी न हो जाय, इसकी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। देशभर में शिक्षा के नाम पर मची इस लूटपाट और उथल-पुथल के खेल में अबतक करोड़ों-करोड़ की घपलेबाजी सामने आ चुकी है। हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई बीच में ही लटक गई है और फीस के नाम पर ऐंठी गई भारी-भरकम रकम भी फंस गई है, जिन्हें वापस पाने के लिए वे परेशान हैं। अभिभावकों को चिंता इस बात की है कि देशभर में जिस तरह फिट्जी सेंटरों द्वारा धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं, कहीं यहां भी करोड़ों की घपलेबाजी उनके साथ न हो जाय। बता दें कि नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई भोपाल सहित कई जगहों पर फिट्जी संस्थान अचानक से बंद कर दिए जाने के बाद अभिभावकों ने संस्थान के मालिक सहित कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इन मुकदमों में फिट्जी के मालिक डीके गोयल, चीफ फाइनेंस ऑफिसर (सीएफओ) राजीव बब्बर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) मनीष आनंद आदि को भी नामजद बनाया गया है।

### जिस फिट्जी ने पहचान दिलाई, पर ऐसा अंत अच्छा नहीं : अमित

सेंटर की डामाडोल स्थिति के बारे में पूछे जाने पर बोकारो के सेंटर हेड अमित श्रीवास्तव ने खुले शब्दों में कहा कि आखिर कबतक बर्दाश्त करेंगे? जिस संस्थान में काम करें, वहां के शीर्ष अधिकारियों को जब उनकी परवाह ही नहीं, उनके हित का तनिक भी ध्यान ही नहीं, उनके साथ अच्छा बर्ताव ही नहीं तो आखिर कब तक झेलेंगे? उन्होंने कहा कि वह बोकारो में गलत नहीं होने देंगे। बोकारो के लोकल हैं। यहीं पढ़े-लिखे, पले-बढ़े। फिट्जी ने नाम व पहचान दिलाई, लेकिन अंत ऐसा दुखद होगा, सोचा नहीं था। उन्होंने बताया कि सैलरी की समस्या पहले से भी रही है। अपने 20 साल के कार्यकाल में उन्होंने चार दफा ऐसे हालात देखे। वर्ष 2006, 2012 और 2018 में भी ऐसे हालात थे, लेकिन धीरे-धीरे चीजें सामान्य होती रहीं। सहयोग-भावना से शिक्षक काम में लगे भी रहे, इस बार इतनी बड़ी गड़बड़ी होगी, इसकी कल्पना भी नहीं उन्होंने की थी। अब कितने दिन भूखे पेट भजन होगा? सेंटर हेड के मुताबिक, फिट्जी बोकारो केंद्र में 937 विद्यार्थी थे। लगभग 450 बच्चे निकल चुके हैं, जो इस बार 12वीं दे रहे हैं। कुछ बच्चे होंगे, जिन्होंने 2 ईयर प्रोग्राम में एडमिशन लिया होगा। 9-10 में लिया था, 10वीं पूरी होने पर, वे भी निकल जाएंगे। अलग-अलग प्रोग्राम वाले लगभग 300 बच्चे वर्तमान में हैं, जिन्हें जिन्हें आगे ले जाने की जरूरत होगी।

### बढ़ी मांग - सरकार कसे शिकंजा

अभिभावकों का कहना है कि इस तरह के मामलों में राज्य या केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। फर्जी कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसना चाहिए। पेरेंट्स को क्या मालूम की कौन फर्जी है या कौन सही है। ऐसे कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई की जरूरत है। अभिभावकों का लाखों रुपया फंसा हुआ है। बच्चों की पढ़ाई खतरे में आ गई। सरकार लोगों के पैसे वापस दिलवाने में मदद करे और फर्जी कोचिंग संस्थानों पर तुरंत कार्रवाई करे। पढ़ाई में नाम पर बड़ा गोरखधंधा चल रहा है। सरकार और प्रशासन की निगरानी होनी चाहिए। अगर अब निगरानी नहीं बढ़ती है, तो आज फिट्जी भाग रहा है, कल कोई और भागेगा। आज लाखों रुपए डूबे हैं, आने वाले समय में करोड़ों रुपए डूबेंगे।

### बोकारो सेंटर हेड ने दिलाया भरोसा

## विद्यार्थियों को नहीं देने होंगे अतिरिक्त पैसे, पूरा करूंगा वादा

फिट्जी बोकारो सेंटर बंद होने को लेकर पूछे जाने पर यहां के केंद्र प्रमुख अमित श्रीवास्तव ने कहा कि इसमें कोई संदेह वाली बात नहीं कि अब ज्यादा दिन ऐसा नहीं चलेगा। जल्द ही कुछ अच्छा होगा और जिस नए संस्थान में वह जाएंगे, पूरी टीम की सहमति से और सभी को साथ लेकर ही जाएंगे। उन्होंने सेंटर में अध्ययनत छात्र-छात्राओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह जिस संस्थान में बच्चों को अभिभावकों की आपसी सहमति से साथ लेकर जाएंगे, वहां उन्हें कोई अतिरिक्त पैसे नहीं देने पड़ेंगे। इसी शर्त पर उनकी बातचीत चल रही है। जो बच्चे एडवांस दे चुके हैं और जिनका जितने दिनों का प्रोग्राम बचा है, वे उसी राशि में उसी प्रोग्राम के तहत आगे की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रख सकेंगे। बच्चों को कोई परेशानी नहीं होने देंगे। जो कमिटमेंट किया है, उससे बैकफुट पर जानेवाले नहीं हैं। अभिभावकों के साथ आपसी सहमति लेने का काम शुरू हो चुका है। अब तक सब अनऑफिशियल था, पर अब सारा मामला खुलकर सामने आ चुका है। कुछ छिपाने वाली बात नहीं है। जो है, सब सच है।

---

### नेशनल गेम्स देहरादून में रेशमा का शानदार प्रदर्शन



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी की एथलीट रेशमा कुमारी ने 28 जनवरी से 15 फरवरी तक देहरादून में आयोजित नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए लॉन बॉल की सेमीफाइनल में सोमवार को प्रवेश कर गई। मंगलवार को रेशमा का सेमीफाइनल में मुकाबला असम के साथ होगा। रेशमा कुमारी गोमिया की रहने वाली है। देहरादून जाने के पूर्व सूबे के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रेशमा को ढेर सारी शुभकामनाएं देखकर विदा किया था।

## सरस्वती पूजा के दिन पुरस्कृत किए गए प्रतियोगिताओं के विजेता



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

जमशेदपुर। कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर का पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव सह सरस्वती पूजा हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न हुई। वार्षिकोत्सव के दिन मिडिल ग्रुप ए की छात्राओं की पैसा खोज, चम्मच दौड़, छात्रों की टब हिट, जलेबी दौड़, नारंगी दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताएं हुईं।

सभी विजयी विद्यार्थियों को सरस्वती पूजा के दिन विशिष्ट अतिथि जेएन मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक डी साव, उच्च विद्यालय के प्राचार्य जेडी महतो ने पुरस्कृत किया। सहायक शिक्षक रंजीत श्रीवास्तव, कुमारी तुलसी, कुमारी संजू ने विद्यार्थियों के बीच दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। मध्य विद्यालय के प्राचार्य विनोद वार्ष्णेय, डी साव, केसी महतो, पीएल महतो, जगन्नाथ मिश्रा, करमू, सुकू सरदार, आदेशपाल मधुसूदन महतो ने अपना सहयोग दिया। दूसरे दिन प्रतिमा का तालाब में विर्सजन हुआ और उसके बाद भोज का भी आयोजन किया गया।

### गांजा तस्करी के आरोपी को 6 साल का कारावास

**बोकारो।** प्रधान जिला जज अनिल कुमार मिश्रा की अदालत ने मंगलवार को गांजा तस्करी के दोषी चास के स्वर्णकार मोहल्ला निवासी आशु मंडल को छह साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी को एक लाख रुपए का जुमार्ना भी किया गया है। इस संबंध में बताया गया कि चास पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आशु मंडल गांजा बेचने और तस्करी का काम करता है। सूचना पर एक अक्टूबर 2020 को स्वर्णकार मोहल्ला स्थित उसके घर में छापेमारी किया गया, जहां से आरोपी को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद चास पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामला कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां आरोपी को सजा सुनाई गई।

### दो मोटरसाइकिलों को रौंदने के बाद ऑटो और फल दुकान में घुसी कार

## एक की मौत, आधा दर्जन लोग घायल

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बरमसिया-पुरुलिया मुख्य पथ के हुटुपाथर चौक के समीप मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे एक कार ने दो बाइक को रौंदते हुए एक ऑटो और एक फल दुकानदार को टक्कर मार दी। इससे इलाज के दौरान फल दुकानदार की जहां मौत हो गई, वहीं ऑटो में सवार आधे दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कुमारदागा गांव से कुछ लोगों को लेकर ऑटो (जेएच09बीई-6949) पुरुलिया जा रही थी। ऑटो हुटुपाथर के पास पहुंचने पर कलियादाग के विभीषण महतो अपने दो साल के पुत्र परमेश्वर महतो के इलाज के लिए पुरुलिया जाने के लिए पत्नी आशा देवी के साथ उक्त ऑटो को रुकवाया। ऑटो पर ये बैठे ही थे कि धनबाद से टाटा जा रही कार (जेएच05डीई-5626) ने खड़ी दो बाइक को रौंदते हुए पीछे से ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो को टक्कर मारने के बाद भागने के चक्कर में कार ने सड़क किनारे फल बेच रहे बंगाल निवासी सबराती अंसारी (60) को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग पंहुचे और घायलों को निजी वाहन व एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। सबराती अंसारी के दोनों पैर कुचल गए थे व सिर पर भी चोट लगी थी। उन्हें एवं ऑटो चालक विष्णु गोप को निजी वाहन से पुरुलिया स्थित अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं कुमारदागा के किस्मत बाउरी को बोकारो सदर अस्पताल भेजा गया। बाकी लोगों को एंबुलेंस से सीएचसी चंदनकियारी लाया गया।

**बरमसिया-पुरुलिया मुख्य पथ पर हुई घटना, सड़क जाम**

दुर्घटना से विभीषण महतो, आशा महतो, परमेश्वर महतो, कुमारदागा के मिठू बाउरी (50), बसंती बाउरी (45), किस्मत बाउरी (14), भाग्य कुमारी (18), नसीब बाउरी (13) आदि घायल हैं। दुर्घटना से गुस्साए आसपास के ग्रामीणों ने घायलों के इलाज समेत हुटुपाथर चौक पर स्थाई बेरिकेडिंग व दो चौकीदार की ड्यूटी लगाने की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम करने के लिए महिलाएं हाथ में डंडा लेकर राहगीरों को रोकने लगीं। सूचना पर सर्किल इंस्पेक्टर दिवाकर मंडल, चंदनकियारी थाना प्रभारी खड्डी कुजूर समेत बरमसिया पुलिस पहुंची और जाम हटाने का आग्रह किया, लेकिन किसी की नहीं सुनी। दोपहर करीब 12 बजे चंदनकियारी सीओ रवि कुमार पहुंचे व समझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मानने पर वह चले गए। इधर, लोगों को मौत की सूचना मिली तो ग्रामीण और उग्र हो गए। लगभग सात घंटे बाद शाम करीब 4.30 बजे सड़क जाम हटी। इसके लिए वाहन मालिक ने मृतक के परिजन को 40 हजार रुपए मुआवजा दिए। पुलिस दोनों वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि उक्त कार जमशेदपुर जा रहा था।

## शोभा यात्रा के साथ छात्रों ने किया मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी, बोकारो में घोष दल के साथ ज्ञान की देवी माता सरस्वती को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय से लगभग तीन सौ भैया-बहन, आचार्य, दीदी जी एवं समिति सदस्यों ने भव्य शोभा यात्रा निकालकर विद्यालय से कूलिंग पौंड तक पैदल माता की प्रतिमा का विसर्जन करने गए। विद्यालय के अध्यक्ष अभय श्रीवास्तव ने विद्यालय में इतनी धूमधाम से हुई पूजा के पश्चात माता का विसर्जन भी भव्यता के साथ करने हेतु विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। वहीं, विद्यालय के सह-सचिव जी पी सिंह ने कहा कि मेरे लिए यह प्रथम अनुभव है कि इतने अनुशासन और भव्यता के साथ माता की प्रतिमा का विसर्जन मैंने देखा। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने इतनी भव्यता से सरस्वती पूजा और माता सरस्वती के विसर्जन में सहयोग हेतु विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति, आचार्य परिवार, अभिभावकों, भैया-बहनों को बधाई दी।

## डीपीएस चास के अद्वित को इंफॉरमेटिक ओलंपियाड में राज्य में शीर्ष रैंक



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** डीपीएस चास के पहली कक्षा के अद्वित सिंह ने सिल्वरजोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित अखिल भारतीय इंफॉरमेटिक ओलंपियाड 2024-25 में असाधारण प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर जहाँ शीर्ष रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है, वहीं 39 अन्य विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर टॉप 100 की सूची में शीर्ष 30 के अंदर अपना स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

ओलंपियाड में नवनिधि राउत ने चौथा, यश अग्रवाल तथा अंशुमान चौधरी ने पांचवां, शुभांग कल्प तथा बौद्धिक गोस्वामी ने छठा, अशरफुल हादी ने सातवां, देवांशी श्री, कयान राज, कियान ओझा, कृष्णा मंडल तथा युवराज गिरि ने नौवां, अन्विता शर्मा, आरफा परवीन तथा नुवेश सागर ने दसवां, जी. एस. डार्विन ने चौदहवां, दक्षेष गोस्वामी ने पंद्रहवां, कुमार पृथ्वी सिंह, अमारा शुक्ला, पार्थ पुजल, उत्पल कुमार तथा वंश राज ने पंद्रहवां, स्मृति शुभम तथा कृशांग तरेनिया ने उन्नीसवां, अन्वी तिवारी तथा सृजिता चक्रवर्ती ने बीसवां, परिधि सिंह, रुपम सरकार, तथा साहिल कुमार ने बाइसवां, मेहुल कुमार ने तेइसवां, समिहन, विराज ठाकुर तथा कृष्णा कुमार ने चौबीसवां, गर्वित कुमार गुप्ता, श्रेयांशी शाही ने छब्बीसवां, आयुष कुमार ने सत्ताइसवां तथा वंश राज ने उन्तीसवां स्थान हासिल किया।

उल्लेखनीय है कि इंटरनेशनल इंफॉरमेटिक ओलंपियाड कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सिल्वरजोन फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया जाता है। इसमें प्रतिभागियों को प्राप्तांकों के आधार पर रैंक प्रदान किया जाता है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने इस सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। निदेशिका व प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने भी बधाई दी।

## जमशेदपुरः हर साल किताबें बदलने की व्यवस्था पर रोक लगाए शिक्षा विभाग

### पुरानी किताब प्रोत्साहित करने वालों को पुरस्कृत करे विभाग



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व छात्र नेता कुलविंदर सिंह ने झारखंड के शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि निजी विद्यालयों में हर साल किताबें बदलने की व्यवस्था पर रोक लगाए। वही उन विद्यालयों के प्रबंधकों को पुरस्कृत किया जाए, जो कई साल तक पुस्तक नहीं बदलते हैं और पुरानी लेने को अपने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं। कुलविंदर सिंह ने इस आशय का ट्वीट एक्स पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को किया है। कुलविंदर सिंह के अनुसार शहर के कई विद्यालयों में ऐसा देखने को मिलता है कि वह हर साल पुस्तक बदल देते हैं और नए प्रकाशक का चयन करते हैं। विद्यालय में यदि पुस्तक मिल जाती है, तो अभिभावक राहत की सांस लेते हैं, अन्यथा बाजारों में वह पुस्तक उपलब्ध ही नहीं होती है। जमशेदपुर जैसे शहर में लोयोला स्कूल जैसे कई विद्यालय हैं, जो अगले चार-पांच सालों तक पुस्तक नहीं बदलते और विद्यार्थियों को पुरानी लेने को प्रेरित करते हैं और इस आशय की सूचना अभिभावक को पहले ही दे देते हैं। कुलविंदर सिंह के अनुसार हर साल पुस्तक बदलने की परंपरा यह दिखाती है कि विद्यालय का उद्देश्य पैसे बनाना है। विद्यालय प्रबंधन को चाहिए कि वह किताबें बदलने की बजाय अपने शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष रिफ्रेशर कोर्स करते रहे और बच्चों को अद्यतन जानकारी देते रहें और इसके लिए उन्हें पुस्तक से बाहर निकालने की भी जरूरत है। निजी विद्यालय में स्मार्ट क्लास है और वहां हर साल किताबें बदलने की व्यवस्था ठीक नहीं है। कुलविंदर सिंह के अनुसार शिक्षा विभाग को चाहिए कि वह विद्यालय में ही पुस्तकों को वैसे ही उपलब्ध कराने को प्रबंधक को निर्देश दें जैसे वह खुद अपने सरकारी विद्यालयों में बच्चों को पुस्तक उपलब्ध कराते हैं।

### नो हेलमेट-नो पेट्रोल का बोर्ड लगाने का निर्देश

**बोकारो।** जिला परिवहन विभाग ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पत्र लिखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने प्रतिष्ठान में नो हेलमेट - नो पेट्रोल का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है। बिना हेलमेट (चालक के साथ-साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति) को पेट्रोल की आपूर्ति नहीं करने का निदेश विभाग द्वारा दिया गया था, परन्तु विभिन्न अखबारों एवं अन्य स्रोतों से सूचना प्राप्त हो रही है कि उक्त निर्देश का अनुपालन सख्ती से नहीं किया जा रहा है। जो सरकारी आदेश की अवहेलना है, साथ ही ऐसा प्रतीत होता है कि सड़क सुरक्षा में आपके द्वारा सकारात्मक सहयोग नहीं किया जा रहा है।

# एफडीआई की सीमा बढ़ाने के खिलाफ एलआईसीकर्मियों ने किया प्रदर्शन

▸ देशहित में प्रस्तावों को वापस ले सरकार : दिलीप झा

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** पूरे भारतवर्ष के पैमाने पर भारतीय जीवन बीमा निगम के दफ्तर के समक्ष अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर वित्त मंत्री के द्वारा बजट पेश करने के दौरान बीमा क्षेत्र में एफडीआई (प्रत्यक्ष पूंजी निवेश) की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 फीसदी करने की घोषणा के खिलाफ भोजनावकाश के दौरान द्वार प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्वार प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हजारीबाग मंडल के संयुक्त सचिव दिलीप कुमार झा ने कहा कि वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा को मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की घोषणा की है।



यह निर्णय अनुचित है और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए बहुमूल्य संसाधनों को जुटाने तथा नागरिकों के प्रति राज्य के दायित्व को पूरा करने के लिए इसके गंभीर परिणाम होंगे। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (एआईआईईए) इस निर्णय की निंदा करता है तथा इस कदम के खिलाफ जनमत तैयार करेगा। उन्होंने कहा - एआईआईईए का दृढ़ विश्वास है कि विदेशी पूंजी को पूर्ण स्वतंत्रता और अधिक पहुंच की अनुमति देने से बीमा उद्योग के व्यवस्थित विकास में बाधा उत्पन्न होगी, क्योंकि लोगों और व्यवसाय को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के बजाय मुनाफे पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। इसका भारतीय समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के हितों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा, विदेशी पूंजी कभी भी घरेलू बचत का विकल्प नहीं हो सकती। यह निंदनीय है कि बजट में आर्थिक विकास को गति देने के लिए आबादी के एक छोटे से हिस्से पर भरोसा किया गया है, जबकि बहुसंख्यक वर्ग के हितों की उपेक्षा की गई है। इसने कारपोरेट क्षेत्र पर उचित स्तर का कराधान लगाने से इनकार कर दिया है। आर्थिक सर्वेक्षण इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र का मुनाफा बढ़ रहा है, जबकि श्रमिकों का वेतन स्थिर है। सरकार को कारपोरेट क्षेत्र के मुनाफे से ऊपर लोगों के हितों को रखना चाहिए। यदि इससे संबंधित संशोधन विधेयक बजट सत्र में पास होता है हम बहिर्गमन हड़ताल कर इसका विरोध करेंगे तथा सरकार से मांग करते हैं कि देश हित में इन प्रस्तावों को अविलंब वापस ले। मौके पर राकेश चन्द्र शर्मा, अजय कुमार, राजेश कुमार सिंह, महावीर, श्रवण लाल बेगी, लालजी दूबे, तरुण कुमार, विनोद कुमार दास, इंदू भूषण, संजय कुमार और सभी बीमा कर्मी शामिल रहे।

# 'नायाब जाल' में उलझे अरविंद केजरीवाल

सुशील कुमार 'नवीन'

> दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने चुनावी लाभ के लिए हरियाणा की तरफ 'यमुना में जहर' ब्रह्मास्त्र छोड़ तो दिया पर बिना विचारे छोड़ दिया। चुनावी लाभ के लिए जुबानी तरकश से छोड़ा यह तीर अब उन्हीं की तरफ चल पड़ा है। भाजपा को बैठे बिठाए बड़ा मुद्दा मिल गया। खास बात यह भी है कि दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ भी केजरीवाल के इस बयान को खारिज कर चुकी है।

महाभारत युद्ध में अपने पिता की मृत्यु से गुस्साए द्रोण पुत्र अश्व तथा मा ने पांडवों के समूल नाश के लिए ब्रह्मास्त्र छोड़ दिया था। श्रीकृष्ण के कहने पर अर्जुन भी उसी क्षण ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करते हैं। यह देखकर महर्षि वेदव्यास जी घबरा जाते हैं। सकल सृष्टि विनाश को जानकर वे अपने बल से दोनों के ब्रह्मास्त्र को बीच में ही रोककर कहते हैं कि अपने-अपने ब्रह्मास्त्र वापस लो अन्यथा विनाश हो जाएगा। अर्जुन को तो ब्रह्मास्त्र वापस लेना आता है। ऐसे में वे तो उसे वापिस ले लेते हैं परंतु अश्वत्थाामा कहता है कि मुझे ब्रह्मास्त्र छोड़ना तो आता है परन्तु वापिस लेना नहीं आता। तब वेदव्यास जी उसे कहते हैं कि मूर्ख! जब ज्ञान अधूरा है तो उसे प्रयोग करना जरूरी है क्या? ठीक ऐसा ही फिलहाल दिल्ली चुनाव में घटित हुआ है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने चुनावी लाभ के लिए हरियाणा की तरफ 'यमुना में जहर' ब्रह्मास्त्र छोड़ तो दिया पर बिना विचारे छोड़ दिया। चुनावी लाभ के लिए जुबानी तरकश से छोड़ा यह तीर अब उन्हीं की तरफ चल पड़ा है। भाजपा को बैठे बिठाए बड़ा मुद्दा मिल गया। खास बात यह भी है कि दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ भी केजरीवाल के इस बयान को खारिज कर चुकी है। सीईओ शिल्पा शिंदे ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर केजरीवाल के दावे को गलत बताया है। हरियाणा में पुरानी और एक प्रसिद्ध कहावत है 'भैंस आपणे रंग नै ना देखै, छतरी नै देख कै बिधकै'। अर्थात खुद की कमी पर ध्यान नहीं, और अपनी ही कमी के लिए दूसरों को दोषी ठहराने का प्रयास। 27 जनवरी को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की तरफ से दिल्ली को उपलब्ध कराए जा रहे पानी की खराब गुणवत्ता का मुद्दा उठाया था। उनका कहना था कि, 'लोगों को पानी से वंचित करना,





इससे बड़ा पाप कुछ भी नहीं है। भाजपा अपनी गंदी राजनीति से दिल्ली की जनता को प्यासा छोड़ना चाह रही है। वे हरियाणा से भेजे जा रहे पानी में जहर मिला रहे हैं। यह प्रदूषित पानी इतना जहरीला है कि इसे दिल्ली में मौजूद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की मदद से उपचारित नहीं किया जा सकता है। भाजपा दिल्लीवासियों की सामूहिक हत्या करना चाहती है. पर हम ऐसा नहीं होने देंगे।'

चुनावी महायुद्ध में इस तरह के बयान लाभ के उद्देश्यों के निमित आमतौर पर दिए जाते हैं। पर वो बयान जिसका न सिर हो और न पैर। फिर उसका क्या फायदा। हरियाणा पर इस तरह के बयानों का तीर छोड़ना चुनावी जानकारों की समझ से दूर है। चुनाव दिल्ली का और आप निशाना हरियाणा को बना रहे हो। यह कोई समझदारी तो है नहीं। खैर बयान दे दिया तो कम से कम उसकी मजबूती तो परख लो। उड़ता तीर पकड़ना खुद के लिए भी तो आत्मघाती हो सकता है। इस बारे में भी जरा विचार कर लेना चाहिए था। फिलहाल यमुना के पानी में जहर का बयान दिल्ली चुनाव का अब हॉट टॉक बन चुका है। चुनाव आयोग ने नोटिस दिया। जिसका जवाब केजरीवाल खुद पेश होकर दे चुके हैं। हरियाणा में केस दायर हो चुका है। स्वयं सरकार मानहानि का मुकदमा दायर करने के मूड में है। बयान में कुछ मजबूती बनती यदि दिल्ली से ही केजरीवाल को स्पोर्ट मिलता पर यहां तो चाल ही उल्टी पड़ गई है। दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ ही अरविंद उनका बयान खारिज कर चुकी हैं। मुख्य सचिव को लिखे पत्र में साफ कहा गया कि फैक्ट गलत और भ्रामक हैं। ऐसे बयानों से दिल्ली वासियों में डर पैदा होता है वही अन्य राज्यों के साथ संबंधों पर भी बुरा प्रभाव होता है। हालांकि दिल्ली की सीएम आतिशी ने जल बोर्ड की सीईओ के पत्र पर रिएक्ट कर चुकी हैं। उनके अनुसार उपराज्यपाल के दबाव की वजह से दिल्ली जल बोर्ड ने लेटर जारी किया।

दिल्ली भाजपा के लिए भी यह किसी बड़ी संजीवनी से कम नहीं है। तुरंत इस बयान को आड़े हाथ लेकर चुनावी लाभ लेने के प्रयास शुरू हो गए। हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी स्वयं पानी पीकर दिखा चुके हैं। साथ ही जहां चुनावी प्रचार के लिए जा रहे हैं, पानी का कलश साथ लिए जा रहे हैं। हरियाणा भाजपा तो इस बयान के बाद दिल्ली में और ज्यादा सक्रिय हो गई है। नायब सिंह सैनी हरियाणा में अपनी छवि से भाजपा की सत्ता में वापसी करा चुके हैं। दिल्ली भाजपा अब उनका यहां पूरा लाभ उठा रही है। ऐसे में इस बयान से आम आदमी पार्टी को फायदे की जगह नुकसान ही ज्यादा होने की संभावना है। चुनाव में यमुना की सफाई की मुद्दा फिर प्रमुखता से चर्चा में आ गया है। भाजपा और कांग्रेस पहले से ही यमुना के प्रदूषण को मुद्दा बनाने के प्रयास में थी। अब स्वयं केजरीवाल ने हरियाणा से आने वाले यमुना पानी में जहर होने का मुद्दा उठाकर दिल्ली में पानी के मामले को और हॉट इश्यू बना दिया है। वैसे भी दिल्ली में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति बड़ी समस्या है। यही कारण है कि भाजपा और कांग्रेस यमुना की सफाई के मुद्दे को लेकर आप सरकार के खिलाफ आक्रामक हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बार बार कह रहे हैं कि केंद्र सरकार की ओर से 8500 करोड़ रुपये दिए जाने के बावजूद दिल्ली सरकार यमुना की सफाई नहीं कर पाई। जानकारों की मानें तो केजरीवाल ने यमुना में जहर होने की बात को उठाकर विपक्ष को शानदार मंच प्रदान कर दिया है। अब इसका लाभ किसे मिलेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

## संपादकीय

### क्रिकेट में भारतीय डंका

भारतीय क्रिकेट के लिए बीता रविवार यानी दो फरवरी का दिन बेहद शानदार रहा। यहां एक तरफ भारतीय लड़कियों ने अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप पर लगातार दूसरी बार कब्जा जमाया। वहीं पुरुष टीम ने इंग्लैंड को 150 रनों से धोकर टी-20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा जमा लिया। भारत ने घर में लगातार 17वीं द्विपक्षीय टी-20 सीरीज जीती है। भारत की इस जीत के दौरान अभिषेक शर्मा के रूप में एक ऐसा स्टार सामने आया है, जो इसी तरह खेलता रहा तो जल्द ही सुपरस्टार का दर्जा हासिल कर लेगा। अभिषेक ने इस मैच में जिस तरह की बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया, उसमें उनके मेंटर युवराज सिंह वाले खेल की झलक मिलती है। पंजाब के लिए खेलने वाले इस बल्लेबाज को कोविड के दिनों में युवराज सिंह से काफी कुछ सीखने को मिला था। वानखेड़े मैदान पर खेली 135 रनों की विस्फोटक पारी को देखने के बाद युवराज सिंह ने कहा कि मैं तुम्हें यहीं देखना चाहता था। उन्होंने मात्र 37 गेंदों में शतक लगा दिया। यह रोहित शर्मा और डेविड मिलर द्वार 35 गेंदों में लगाए शतकों के बाद तीसरा सबसे तेज शतक है। वह 13 छक्के लगाकर मैच में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। वह जिस अंदाज में इंग्लैंड के गेंदबाजों को धुन रहे थे, उससे इंग्लैंड के गेंदबाजों की समझ में ही नहीं आ रहा था कि उन्हें गेंदबाजी करें तो कहां। भारत ने गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद से आक्रामक अंदाज में खेलने का फैसला किया है, जिसके बहुत बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं। भारत ने पिछले साल इस प्रारूप का विश्व कप जीता था और यही अंदाज चलता रहा तो अगला विश्व कप भी आ सकता है। इस मुकाबले की एक खास बात और रही कि पिछले लंबे समय तक क्रिकेट से जुदा रहने वाले मोहम्मद शमी भी रंगत पाने में सफल रहे हैं। उन्होंने 25 रनों पर तीन विकेट निकालकर भारत को 150 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत को इसी महीने चैंपियंस ट्रॉफी में अपना अभियान शुरू करना है। उसमें बुमराह के भाग लेने के लेकर संशय बना हुआ है। ऐसी स्थिति में शमी का तैयार होना उम्मीद बनाने वाला है। यह तक लड़कियां की सफलता की बात है तो उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान जिस दबदबे का प्रदर्शन किया है, वह भविष्य के लिए उम्मीद बंधाता है। इस सफलता के दौरान प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली त्रिशा गोंगाडी और सर्वाधिक 17 विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा ने तो अभी से स्टार का दर्जा हासिल कर लिया है।

## दिल्ली : वायदे ही वायदे!



श्रीनिवास

एक विधानसभा चुनाव में भाजपा का देश भर से अपने मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और नेताओं की फौज उतार देना, खुद प्रधानमंत्री का लगातार रैलियाँ करना कुछ अजीब लगता है, इससे उसकी व्याकुलता का भी पता चलता है। मुझे याद नहीं कि पहले कभी किसी प्रधानमंत्री ने किसी विधानसभा (वह भी दिल्ली जैसी छोटी) चुनाव के प्रचार में इतना समय दिया हो! उधर 'आप' पर इस बार अपना किला बचाने की बड़ी चुनौती है। आम अनुमान है कि जैसे तैसे बचा भी लेगी, मगर सत्ता विरोधी रुझान या 'एंटी इन्कम्बेंसी' के अलावा भी उसके किले में अब गहरी दरारें दिखने लगी हैं। बहुत कुछ शायद इस पर निर्भर करेगा कि कांग्रेस अपना वोट कितने फीसदी बढ़ा सकेगी। जितने बढ़ेंगे, 'आप' की मुश्किलें भी उसी अनुपात में बढ़ेंगी। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के मोर्चे की अगुवाई (आधिकारिक न सही) कर रही कांग्रेस इस चिंता से मुक्त दिख रही है कि दिल्ली में उसके प्रयासों का लाभ भाजपा को ही मिलेगा! वह दिल्ली सहित पूरे देश में अपना जनाधार वापस पाना चाहती है, तो इसे अस्वाभाविक भी नहीं कहा जा सकता। वैसे भी दिल्ली और देश में 'आप' ने कांग्रेस की कीमत पर ही सफलता हासिल की है। अन्य अनेक राज्यों, जहां उसकी कोई हैसियत नहीं है, के चुनावों में उसने भी अकेले चुनाव लड़ने का फैसला करते समय कभी परवाह नहीं की कि इसका फायदा भाजपा को ही मिलेगा। केजरीवाल शायद खुद और 'आप' को मोदी और भाजपा के विकल्प के रूप में देखने लगे हैं; जाहिर है कि ऐसा कांग्रेस की कीमत पर ही हो सकता है।

पहली बार जब दिल्ली गये थे- शायद छह मार्च 1975 को, 'जनता मार्च' में शामिल होने- तब दिल्ली पहुंचने के पहले रेलवे लाइन के किनारे दीवारों पर बड़े बड़े अक्षरों में 'रिश्ते ही रिश्ते' लिखा देखा था। पता चला कि वे विवाह कराने वाले एजेंटों के विज्ञापन थे। अन्य विज्ञापनों में 'गुप्त रोग' के शर्तिया इलाज के विज्ञापन प्रमुख थे। उसके बाद की यात्राओं में भी ये विज्ञापन दिखते रहे। अभी दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'रिश्ते ही रिश्ते' की जगह 'वायदे ही वायदे' ने ले ली है! केजरीवाल पर 'रेवड़ी' बांटने का आरोप लगाती रही भाजपा अब उससे रेवड़ियों की घोषणा करने की होड़ में शामिल हो गयी है। पीछे पीछे कांग्रेस भी। 'आप' को एडवांटेज यह है कि वह सरकार में है, पहले से ऐसी की योजनाओं पर अमल कर रही है। तो पब्लिक को उसका लाभ मिल भी रहा है। सो उसके वायदे में दिल्ली वालों को कुछ वजन नजर आता हो। भाजपा और कांग्रेस विपक्ष में हैं, तो सत्ता मिलने पर झोली भर देने का भरोसा दिला रही हैं। मगर एक अहम सवाल है कि क्या मतदाता सिर्फ इस आधार पर किसी दल को पसंद या नापसंद करता है या करना चाहिए कि किस दल की सरकार क्या क्या सुविधा प्रदान करेगी; या कहें- किसकी सरकार मुफ़्त में क्या क्या देगी? दलों की नीतियाँ, सिद्धांत आदि का कोई महत्व नहीं है? नागरिक महज 'उपभोक्ता' है, जो किस कंपनी का 'माल' बढ़िया या घटिया है, यह अनुमान लगा कर खरीदने का फैसला करता है?

मीडिया की मानें तो सारे देश की नजर दिल्ली के चुनाव पर लगी है। मगर क्यों? लगभग तीन करोड़ की आबादी वाली आधी-अधूरी दिल्ली की विधानसभा और एक लगभग शक्तिहीन उसकी सरकार, जो एक दारोगा तक को सस्पेंड नहीं कर सकती, का इतना महत्व क्यों है? एक कारण तो यही कि दिल्ली देश की राजधानी है, सत्ता का केंद्र है। देश- दुनिया की उस पर नजर रहती है। तो दिल्ली से जुड़ी खबरों और घटनाओं का प्रचार होता है। संभवतः देश के अन्य हिस्सों पर उसका असर भी होता है।

दूसरे, केंद्र में भाजपानीत और दिल्ली में एक विरोधी दल की सरकार होने से अक्सर दोनों के बीच टकराव और तनाव की स्थिति बनी रहती है, जो मीडिया में सुर्खियां बनती है।

बेशक भाजपा और नरेंद्र मोदी के लिए अपनी नाक के नीचे एक दिन- रात चिकोटी काटने वाली सरकार का होना बेहद कष्टकर है, इसलिए वह इस बार 'किसी कीमत' पर चुनाव जीतना चाहती है। उसके पास संसाधनों की कमी नहीं है; ऊपर से केंद्र की एजेंसियों का सहारा है। और चुनाव आयोग पर भी यह संदेह किया ही जाता है कि किसी बहाने मदद करने को तैयार रहता है!

फिर भी एक विधानसभा चुनाव में भाजपा का देश भर से अपने मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और नेताओं की फौज उतार देना, खुद प्रधानमंत्री का लगातार रैलियाँ करना कुछ अजीब लगता है, इससे उसकी व्याकुलता का भी पता चलता है। मुझे याद नहीं कि पहले कभी किसी प्रधानमंत्री ने किसी विधानसभा (वह भी दिल्ली जैसी छोटी) चुनाव के प्रचार में इतना समय दिया हो! उधर 'आप' पर इस बार अपना किला बचाने की बड़ी चुनौती है। आम अनुमान है कि जैसे तैसे बचा भी लेगी, मगर सत्ता विरोधी रुझान या 'एंटी इन्कम्बेंसी' के अलावा भी उसके किले में अब गहरी दरारें दिखने लगी हैं। बहुत कुछ शायद इस पर निर्भर करेगा कि कांग्रेस अपना वोट कितने फीसदी बढ़ा सकेगी। जितने बढ़ेंगे, 'आप' की मुश्किलें भी उसी अनुपात में बढ़ेंगी। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के मोर्चे की अगुवाई (आधिकारिक न सही) कर रही कांग्रेस इस चिंता से मुक्त दिख रही है कि दिल्ली में उसके प्रयासों का लाभ भाजपा को ही मिलेगा! वह दिल्ली सहित पूरे देश में अपना जनाधार वापस पाना चाहती है, तो इसे अस्वाभाविक भी नहीं कहा जा सकता। वैसे भी दिल्ली और देश में 'आप' ने कांग्रेस की कीमत पर ही सफलता हासिल की है। अन्य अनेक राज्यों, जहां उसकी कोई हैसियत नहीं है, के चुनावों में उसने भी अकेले चुनाव लड़ने का फैसला करते समय कभी परवाह नहीं की कि इसका फायदा भाजपा को ही मिलेगा। केजरीवाल शायद खुद और 'आप' को मोदी और भाजपा के विकल्प के रूप में देखने लगे हैं; जाहिर है कि ऐसा कांग्रेस की कीमत पर ही हो सकता है।

नतीजा जो भी हो, विचार और नीतियों के बजाय चुनावों का महज ऐसे 'वायदों' पर केंद्रित हो जाना, मेरी समझ से लोकतंत्र के लिहाज से अच्छा नहीं है!

प्रसंगवश, एक दिल्लीवासी ने बताया कि दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में एक और विज्ञापन ने जोर पकड़ा है- 'काले इल्म के माहिर।' ये काले इल्म, यानी चारासाजी में नहीं, काली करतूतों को अंजाम देने में माहिर हैं। और अब तो राजनीति में 'काली करतूत' कुछ ज्यादा ही कामयाब होती दिखने लगी है। कल पांच फरवरी को ही मतदान है- दिल्ली वालो- सावधान!

## चिंतन-मनन

### प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है।

अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत, चित एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं।

मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो।

अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है। रेलयात्रा में कन्धे से कन्धा मिलाये बैठे दो आदमी अपरिचित होने के कारण समीप होने पर भी एक-दूसरे से दूर होते हैं। अजनबी छोड़िए, जिन्दगी भर एक दूसरे केसाथ रहने पर भी आन्तरिक परिचय के अभाव में कई लोग एक-दूसरे से दूर ही रहते हैं।

अन्तरात्मा जानने का एक ही उपाय है कि उसके विषय में सदा जिज्ञासु तथा सचेत रहा जाए। जो जिसके विषय में जितना अधिक जिज्ञासु एवं सचेत रहता है, वह उसकेविषय में उतनी ही गहरी खोज करता है और निश्चय ही उसे पा लेता है। आत्मा के विषय में अधिक से अधिकजिज्ञासु एवं सचेत रहिए। अपनी आत्मा से परिचित होंगे, उसकी वाणी सुनेंगे, सच्चा मार्ग निर्देशन पाएंगे, तो अज्ञान से मुक्त हों यथार्थ सुख-शान्ति के अधिकारी बनेंगे।

## चिंताजनक है बच्चों के साथ समय न बिताना



प्रियंका सौरभ



बच्चों के साथ पर्याप्त समय न बिताना और उनकी बातों को अनदेखा करना उन्हें बहुत तनाव में डाल सकता है। उन पर चिल्लाना या बात करने से पहले उन्हें दोष देना उनके तनाव को बढ़ाता है और उन्हें अपने प्रियजनों से नाराज भी कर सकता है। उनके अच्छे और बुरे दोनों गुणों को अनदेखा करने से अवसाद की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्हें दूसरे बच्चों के साथ घूमने न देना या खराब ग्रेड के लिए शिक्षकों द्वारा आलोचना किए जाने से वे एक अंधकारमय जगह में चले जा सकते हैं। दुख की बात है कि कुछ बच्चे इन दबावों के कारण आत्महत्या करने के बारे में भी सोचते हैं। यह बात बच्चों के साथ हमारी चचाओं के दौरान सामने आई, जिन्होंने अपने माता-पिता से जुड़ी कई समस्याओं को साझा किया। हमने उनके परिवारों से भी बात की और पाया कि इनमें से कई बच्चे एकल-अभिभावक वाले घरों से आते हैं। बड़े परिवारों से ज्यादा बच्चे नहीं थे, लेकिन जो थे, उनका संचार बेहतर था, खासकर दादा-दादी के साथ। माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से सही व्यवहार की उम्मीद करते हैं, जिससे दबाव और भी बढ़ जाता है।

जबकि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित करना अच्छा है, माता-पिता को अपने फोन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और अपने बच्चों के लिए भी समय निकालने की जरूरत है। यह परीक्षा अवधि के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हमारी चर्चा के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता से जुड़े कई मुद्दों का उल्लेख किया। किसी बच्चे को पूरी तरह से नजरअंदाज करना लंबे समय में उसके भावनात्मक, सामाजिक और सोचने के कौशल को प्रभावित कर सकता है। बच्चों को लग सकता है कि वे ज्यादा मूल्यवान नहीं हैं या कोई उनसे प्यार नहीं करता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँच सकती है। नजरअंदाज किए जाने से वे बेचैन और दुखी भी हो सकते हैं और कुछ मामलों में, यह गंभीर अवसाद का कारण भी बन सकता है। वे या तो खुद पर या उनकी देखभाल करने वाले लोगों पर गुस्सा हो सकते हैं और यह गुस्सा उनके गुस्से या आक्रामकता के रूप में सामने आ सकता है। बच्चों को अच्छी दोस्ती बनाने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि वे संवाद करना या दूसरों के साथ घुलना-मिलना नहीं सीखते हैं।

वे सामाजिक स्थितियों से दूर रहना शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें और भी अकेलापन महसूस हो सकता है। कभी-कभी, वे सिर्फ. ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ कर सकते हैं, भले ही वह नकारात्मक ही क्यों न हो। बच्चों को पर्याप्त ध्यान न देना उनके मस्तिष्क के विकास और स्कूल में उनके प्रदर्शन को भी नुकसान पहुँचा सकता है, क्योंकि वे सीखने के लिए प्रेरित या प्रोत्साहित महसूस नहीं कर सकते हैं। जब बच्चों को बातचीत करने का मौका नहीं मिलता है, तो यह उनके भाषा कौशल और समग्र सोचने की क्षमताओं को धीमा कर सकता है क्योंकि वे महत्वपूर्ण सीखने के क्षणों से चूक जाते हैं। वे असुरक्षित लगाव शैलियों के साथ समाप्त हो सकते हैं, जो वयस्कों के रूप में उनके भविष्य के रिश्तों और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित कर सकता है। यह सब भावनात्मक उपेक्षा बाद में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना को बढ़ा सकती है। इसलिए, संक्षेप में, एक बच्चे की अनदेखी करने से बहुत सारी नकारात्मक भावनाएं, सामाजिक संघर्ष, व्यवहार संबंधी समस्याएं और सीखने की समस्याएं हो सकती हैं।

देखभाल करने वालों के लिए बच्चों पर ध्यान देना, उन्हें स्वस्थ रूप से बड़ा होने के लिए आवश्यक समर्थन और संचार देना बहुत महत्वपूर्ण है। बात करना बहुत जरूरी है, साथ ही जरूरत पड़ने पर दयालु होना भी जरूरी है! जितना हो सके अपने बच्चे को अपने काम में शामिल करने की कोशिश करें। उन पर ध्यान दें और उनकी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हों; इससे आप दोनों के बीच नजदीकियाँ बढ़ेंगी। बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने माता-पिता का ध्यान और स्वीकृति चाहते हैं, इसलिए समझदार माता-पिता इसका इस्तेमाल अपने बच्चों को अलग-अलग तरीकों से सहयोग करने के लिए करते हैं। अनुशासन का मतलब है सिखाना और सीखना। अपने बच्चों को यह समझने में मदद करने के लिए कि उन्हें क्या जानना चाहिए और जरूरत पड़ने पर उनके व्यवहार को सुधारने के लिए, आपको उनसे इस तरह बात करनी होगी कि वे आपका सम्मान करें और समझें। इस महत्वपूर्ण पेरेंटिंग कौशल पर कुछ बेहतरीन सुझावों के लिए, एडेल फार्बर की किताब ₹हाउ टू टॉक सो किड्स विल लिसन एंड हाउ टू लिसन सो किड्स विल टॉक₹ देखें।

और याद रखें, किसी भी तरह की सजा जैसे मारना, शर्मिंदा करना, अलग-थलग करना, चिल्लाना या डांटना बिलकुल भी नहीं है। ये चीजें आपके बच्चे को नुकसान पहुँचा सकती हैं और उनकी आत्मा को चोट पहुँचा सकती हैं। अच्छे माता-पिता अपने बच्चों को शब्दों और तर्क की शक्ति के बारे में सिखाते हैं, जिससे उन्हें ज़िम्मेदार, दयालु व्यक्ति बनने में मदद मिलती है जो तर्कसंगत तरीके से व्यवहार करना जानते हैं। परिवार अपने बच्चों को जो सहायता प्रदान करते हैं, चाहे वह सही हो या गलत, कभी-कभी उन्हें सही रास्ते से भटका सकता है। बच्चों में सहनशीलता और आदर्शों के मूल्यों को स्थापित करना आवश्यक है। घर और स्कूल दोनों में उनके साथ खुले संवाद को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, समय-समय पर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का आकलन करना महत्वपूर्ण है। बच्चों को सही रास्ते पर ले जाने वाला वातावरण बनाना महत्वपूर्ण है, और यह जिम्मेदारी माता-पिता और शिक्षकों से आगे बढ़कर समाज और सरकार को भी शामिल करती है।



# जड़ी-बूटियों से पाएं छरहरी काया

मोटापे की समस्या से जूझ रही महिलाओं के पास अब अपनी चर्बी घटाने और छरहरी काया पाने का एक और उपाय है। एक नए शोध से पता चला है कि जड़ी-बूटियों से निर्मित एक दवा लेने से महिलाएं अपनी भूख को पांचवें हिस्से तक घटा सकती हैं।

**यह** भी देखा गया है कि यह दवा मीठी चीजें पसंद करने वाली महिलाओं में इन चीजों के प्रति आकर्षण कम कर सकती है। लिवरपूल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने तीन दक्षिण अमेरिकी पौधों से बनी दवा जोट्रिम पर प्रयोग किए थे।

## नाश्ता कीजिए

वेबसाइट डेलीमेल डॉट को डॉट यूके के मुताबिक वैज्ञानिकों ने पाया कि जो महिलाएं सुबह नाश्ते के समय जोट्रिम लेती हैं, उन्हें दोपहर के भोजन के समय कम भूख लगती है और वह 17.6 प्रतिशत तक कम कैलोरी लेती हैं।

## कैलोरी कम ग्रहण की

वैज्ञानिकों ने 58 लोगों पर यह अध्ययन किया था। उन्हें सुबह के समय जोट्रिम या उसी तरह की कोई अन्य दवा दी गई थी। जिन लोगों ने जोट्रिम दवा ली, उन्होंने औसतन 132 कैलोरी कम ग्रहण की। यह दवा एक व्यक्ति की प्रतिदिन 400 या 500 कैलोरी की जरूरत कम कर देती है।

## भूख महसूस नहीं होती

जोट्रिम लेने से लोगों को भूख महसूस नहीं होती और वह तृप्त महसूस करते हैं और उन्हें मीठी चीजें भी कम पसंद आती हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक महिलाओं के बिस्कुट व चॉकलेट खाने में 27 प्रतिशत तक की कमी आ जाती है। अध्ययनकर्ता डॉ. जेसन हाल्फोर्ड कहते हैं कि जोट्रिम का भूख पर गहरा असर होता है और इससे वजन कम करने में मदद मिलती है।



बदलती लाइफ स्टाइल अब प्रॉब्लम का जरिया बनती जा रही है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित यूथ को ही इन दिनों हेल्थ संबंधी विभिन्न समस्याएं झेलनी पड़ रही है। ओबेसिटी के बाद इन दिनों यदि सबसे ज्यादा कोई समस्या देखने को मिल रही है तो वह है नैक और बैक पेन।

# कमर-गर्दन दर्द को न करें नजरअंदाज




**गलत** पॉश्चर और गलत लाइफ स्टाइल के चलते यूथ सबसे ज्यादा इस प्रॉब्लम का शिकार हो रहे हैं। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इसे बीमारी का दर्जा दे दिया है। संगठन के अनुसार यह समस्या लगातार काफी बढ़ रही है, ऐसे में अब इसे बीमारी के रूप में ट्रीट किया जाना चाहिए।

## पॉश्चर है प्रमुख वजह

अक्सर युवा कमर या गर्दन दर्द की ओर ध्यान नहीं देते, जिससे समस्या बढ़ जाती है। यूथ को यह समस्या गलत पॉश्चर की वजह से होती है। ऑफिस में घंटों गलत पॉश्चर में काम करने से दर्द होने लगता है। साथ ही जो लोग फील्ड वर्क करते हैं, उनका गाड़ी पर बैठने का तरीका गलत होता है, ऐसे में दचके लगने पर कई बार बैक बोन में प्रॉब्लम हो जाती है।

## लगातार बढ़ रही है समस्या

निजी कम्पनी में कार्यरत युवराज बताते हैं कि मेरा फील्ड वर्क है, जिसके लिए मुझे अधिकतर समय बाइक से जाना पड़ता है, ऐसे में कई बार मुझे बैक पेन की शिकायत हो चुकी है। वहीं एक बैंक में काम करने वाली तनु बताती हैं कि दिन भर ऑफिस में कम्प्यूटर के आगे बैठने से कई बार कमर और गर्दन में दर्द होने लगता है। डॉक्टर्स का कहना है कि यूथ कई बार इन दर्द को इग्नोर कर देते हैं, जो बाद में असहनीय दर्द में बदल जाती है।



## ये बरतें सावधानी

- बाइक पर बिल्कुल स्ट्रेट या ज्यादा झुककर न बैठें।
- ऑफिस की चेयर ऐसी हो, जिस पर आपका पॉश्चर सही हो।
- कम्प्यूटर सिर की सीध में होना चाहिए, ताकि गर्दन को झुकाना या मोड़ना न पड़े।
- काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ा टहल आएं।
- जरा सा भी दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।
- अपने हिसाब से कोई एक्सरसाइज या मालिश न करें, पहले फिजियोथैरेपिस्ट से सलाह लें।



# दफ्तर में कहीं बीमार न पड़ जाएं

तेज रफ्तार वाली आधुनिक कामकाज की शैली का असर युवा कर्मचारियों पर पड़ता है और वृद्ध सहयोगियों की तुलना में उनके बीमार होने का जोखिम दोगुना रहता है।

**हाल** के एक नये अध्ययन के अनुसार, ब्रिटेन में 3000 लोगों पर किये गए एक सर्वे में पाया गया कि 30 वर्ष से कम आयु के दो तिहाई लोगों ने पिछले साल सर्दी, अलर्जी के कारण एक सप्ताह में कम से कम एक दिन का अवकाश लिया, जबकि 55 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों ने उनकी तुलना में आधे ही अवकाश लिये।

डेली मेल के अनुसार, यह बात भी सामने आई कि 30 वर्ष से कम आयु के कर्मचारियों ने तनाव, थकान और कमजोरी महसूस करने के कारण अवकाश लिया, जबकि 55 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों ने कहा कि अवकाश लेने के लिए यह कोई कारण नहीं है।

## बीमारी के लिए लेते हैं छुट्टी

सर्वे के अनुसार, 18-29 आयु वर्ग के पांच में से एक कर्मचारी ने बीमारी के लिए छुट्टी ली, क्योंकि वे काम पर जाने में असमर्थ थे और इस आयु वर्ग के कर्मचारियों ने कब्ज और कार सिकनेस के नाम पर भी छुट्टी ली। इसके मुकाबले 55 वर्ष से अधिक आयु के 85 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि बिस्तर पर पड़ने के अलावा अन्य किसी स्थिति में कार्यालय से अवकाश नहीं लेते। सर्वे में यह भी पाया कि 30 वर्ष से कम आयु के कर्मचारी नियमित तौर पर जंक फूड लेते हैं और 55 वर्ष से अधिक आयु वाले कर्मचारियों की तुलना में वे फल और सब्जियों का सेवन भी 50 प्रतिशत ही करते हैं।



# दिल का हाल बताएगा मोबाइल फोन

दिल के मरीजों के लिए अच्छी खबर। एक ऐसा मोबाइल फोन तैयार किया गया है, जो आपके दिल का न सिर्फ ख्याल रखेगा, बल्कि उसकी हालत खराब होने पर डॉक्टर को भी सूचित करेगा।



**समाचार** पत्र डेली मेल में प्रकाशित खबर के मुताबिक द हैंडी साना नाम के इस टचस्क्रीन मोबाइल फोन की विशेषता यह है कि इसमें एक खास उपकरण लगा है, जो आपके दिल की धड़कन को नापने, उसे रिकार्ड करने और उसका इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) तैयार करने और उसे चिकित्सक के पास भेजने में सक्षम होगा।

- **हर्ट सूट :** यह मोबाइल फोन हर्ट सूट नाम के एक खास तरह के एप्लीकेशन से सुसज्जित है, जो दैनिक आधार पर आपके दिल का ख्याल रखते हुए आपके पैसे बचाएगा। फोन का उपयोग करने वाले दिल के मरीज फोन के एक किनारे पर अपनी दो अंगुलियों को आधे मिनट तक रखकर अपना ईसीजी रिकार्ड करा सकते हैं।
- **जानकारी भेज सकते हैं :** ईसीजी की रिकॉर्डिंग के बाद वे अपनी रिपोर्ट चिकित्सक के पास भेज सकते हैं। इसके साथ वे रक्तचाप, खून में शर्करा की मात्रा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा के बारे में चिकित्सक को जानकारी भेज सकते हैं। फोन को बनाने वाली कंपनी का दावा है कि आमतौर पर अस्पताल जाने पर मरीजों को ईसीजी कराना पड़ता है, लेकिन इस फोन के जरिए वे चिकित्सक को एक से अधिक जानकारी भेजकर अपने शरीर की सही स्थिति के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।
- **फोन की शुरुआत :** ब्रिटेन में इस फोन की बिक्री शुरू हो चुकी है और इसकी कीमत 490 पाउंड (लगभग 36 हजार रुपए) रखी गई है। फोन का विपणन करने वाली कंपनी मेडिकल मार्केटिंग यूके लिमिटेड का कहना है कि इसे जल्द ही पूरी दुनिया में उतारा जाएगा।



# सेहतमंद रहने के लिए खेलें फुटबॉल

क्या आप फुटबॉल खेलते हैं? अगर नहीं तो, अब किसी खेल मैदान से जुड़ने का वक्त आ गया है। हो सकता आप कोई गोल न कर पाएं, लेकिन इतना जरूर है कि आपकी सेहत सुधर जाएगी और जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां छू मंतर हो जाएंगी।

**एक** व्यापक शोध में सात देशों के 50 से ज्यादा अनुसंधानकर्ताओं ने मिलकर फुटबॉल खेलने से पड़ने वाले शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक असर के पहलुओं का अध्ययन किया है। कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के खेल विज्ञान के प्रोफेसर पीटर क्रुस्ट्रप और जेन्स बैंगसबो ने तीन साल तक फुटबॉल पर अनुसंधान किया।



- **समूह को रखता है नियंत्रित :** अनुसंधानकर्ताओं ने अपने अध्ययन में नौ से 77 वर्ष की उम्र के बीच वाले कई पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को शामिल किया और इन्हें तीन समूहों में बांट दिया। पहले समूह में फुटबॉल खिलाड़ी, दूसरे में धावकों और तीसरे समूह को नियंत्रित रखा गया।
- **बेहतर सेहत :** परिणाम में फुटबॉल खेलने वालों की सेहत अन्य लोगों से बेहतर पाई गई। क्रुस्टप ने कहा कि फुटबॉल एक लोकप्रिय खेल है। इससे खिलाड़ियों के ऊपर मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेलने से हृदय, पाचन क्रिया कारगर रहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### करंट की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**चिरैया (पूर्व)।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के रूपहरा गांव में बिजली का करंट लगने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी है। मृतक आयुष कुमार ग्राम वासी विशाल राम का पुत्र था। घटना के समय वह घर के पास खेल रहा था। इसी क्रम में वह घर के समीप स्थित बिजली के खंभे के पास लगे अर्थिंग के तार के संपर्क में आ गया, जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही शिकारगंज पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सरस्वती पूजा में नाच के दौरान युवक को मारी गोली

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव स्थित मुसहर टोली में मंगलवार की दोपहर सरस्वती पूजा में नाच के दौरान उपजे विवाद को लेकर एक युवक को गोली मार दी गयी। जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड पीठ में लगी है, जो दाहिने साइड सीने व बाएं हाथ को छेदते हुए आरपार हो गयी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर मुसहर टोली निवासी रामचंद्र राम का 26 वर्षीय पुत्र संटू राम है।

### शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**समस्तीपुर।** स्थानीय उत्पाद विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के समीप जांच अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपितों की पहचान बेगूसराय जिले के गढहारा वार्ड 16 निवासी रामबदन यादव के पुत्र शुभम कुमार सारण जिले के नगर थाना क्षेत्र के छपरा कटरा निवासी अवधेश कुमार श्रीवास्तव के पुत्र संजय कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने 105.900 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

### पारिवारिक कलह में पति-पत्नी ने खाया जहर, मौत

**मधेपुरा।** चौसा प्र खंड अंतर्गत चौसा पश्चिमी पंचायत वार्ड नंबर तीन सोनारपट्टी में सोमवार की देर रात एक पति-पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। चौसा पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर तीन के सोनारपट्टी निवासी 35 वर्षीय लड्डू शाह लहेरी एवं लड्डू की 32 वर्षीय पत्नी दोनों पति-पत्नी के बीच पारिवारिक कलह को लेकर अक्सर विवाद हुआ करता था। तीन फरवरी की शाम भी दोनों के बीच पारिवारिक कलह को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। देर रात लड्डू ने पहले स्वयं जहर खा लिया। इसके बाद पत्नी को भी जहर खिला दिया।

# खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर होगी बहाली : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने 6,837 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं एवं अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपा



### इन विभागों को मिले जूनियर इंजीनियर

नवनियुक्त 6,341 कनीय अभियंताओं में जल संसाधन विभाग को 2,338, योजना एवं विकास विभाग को 1273, ग्रामीण कार्य विभाग को 759, पथ निर्माण विभाग को 530,लघु जल संसाधन विभाग को 484, पीएचइडी को 478, भवन निर्माण विभाग को 430, नगर विकास एवं आवास विभाग को 49 जूनियर इंजीनियर मिले।

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 6,837 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं एवं अनुदेशकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रुप से नवनियुक्त 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।
नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के माध्यम से आज विभिन्न विभागों के अंतर्गत नवनियुक्त 6,341 कनीय अभियंताओं एवं श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत 496 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।
नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा चयनित 6,837 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं एवं अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनः हम बिहार के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं और वहां की समस्याओं और जरूरतों से अवगत हो रहे हैं। हमलोगों को जिन समस्याओं या जरूरतों की जानकारी मिल रही है उनका यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा। खाली पड़े बड़े पैमाने पर बहाली भी की जाएगी। इसके लिए विभागों में रिक्त पड़े पदों को चिन्हित किया जा रहा है। वर्ष 2005 के पहले बिहार की स्थिति काफी दयनीय थी जिससे आप सभी भंलीभांति अवगत हैं। हमलोग प्रारंभ से ही बिहार को आगे बढ़ाने में लगे लग हुए हुए हैं। केंद्र सरकार का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। मैं आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों से यही अपेक्षा करूंगा कि आप अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करेंगे। मैं एक बार फिर से आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

# वरमाला के दौरान स्टेज पर फायरिंग, जवान गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बदमाशों ने शादी समारोह में शामिल होने आयी बरात को बंधक बनाकर जमकर मारपीट करने की घटना सामने आयी है। इस दौरान दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना नगर थाना क्षेत्र के विष्णुपुर स्थित दईयों स्थान वार्ड-42 की है। इस संबंध में बताया जाता है कि आर्मी में हवलदार के पद है, नशे में धुत जवान रौशन कुमार ने वरमाला के दौरान स्टेज पर चढ़कर फायरिंग कर दी है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें कि वर-वधू का स्टेज पर वरमाला की रस्म चल रही थी। फायरिंग के दौरान समारोह में अफरातफरी मच गयी। मुनियप्पा पंचायत के वृंदावन से आयी बरात बिशनपुर वार्ड 42 में ये वारदात हुई है। आर्मी के जवान रोशन कुमार ने अपने सहयोगी साथी चंद्रशेखर चौधरी के बेटा शंभू चौधरी के साथ एवं असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। बरात में शामिल मनोज राय के पुत्र सचिन कुमार को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर घायल कर दिया और जबकि हत्या करने की नियत से वीरदेव राय को सुनसान जगह ले जाकर बंधक बनाकर पिटाई कर दी।

# कैबिनेट में नीतीश सरकार ने 136 प्रस्तावों पर लगायी मुहर

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में प्रगति यात्रा से संबंधित करीब 20 हजार करोड़ की योजनाओं सहित 136 प्रस्तावों पर मुहर लगाई। कैबिनेट की इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से जुड़ी घोषणाओं पर मुहर लगी है। मुख्यमंत्री अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में जिलेवार दौरा कर रहे हैं। हर जिले में सीएम की ओर से कई विकास योजना शुरू करने की घोषणा की जा रही है। आज की कैबिनेट की बैठक में उन्हीं एजेंडों पर मुहर लगी है।
नीतीश कैबिनेट में आज 136 एजेंडो पर मुहर लगी है, जिसमें सबसे ज्यादा प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो घोषणा की थी वह शामिल है। प्रगति यात्रा की 188 योजनाओं की स्वीकृति दी गयी है। जिसकी कुल लागत 20 हज़ार करोड़ है। जिसमें सबसे ज्यादा पथ निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान यह घोषणा की थी कि अररिया में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। जिसके निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है।इसके लिए 4 अरब एक करोड़ 78 लाख की योजना राशि को स्वीकृति प्रदान की गयी है। खगड़िया में भी अस्पताल बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान की थी इसके निर्माण कार्य को भी स्वीकृति कैबिनेट से दी गयी है। इसमें 4 अरब 60 करोड़ 56 लाख रुपये खर्च होंगे जिसकी स्वीकृति कैबिनेट ने दे दी है।
स्वास्थ विभाग में गेस्ट फैकल्टी को बढ़ाये जाने का फैसला सरकार ने लिया है। इसके अलावे 2 डॉक्टरों को बर्खास्त किया गया है। इसके अलावे बांका में पॉस्को न्यायालय का गठन होगा। पूर्णिया और दरभंगा में अंतरराज्यीय बस अड्डा का निर्माण होगा। मधेपुरा में सिंधेश्वर स्थान को पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित किया जाएगा। वही अरेराज स्थित मंदिर को भी विकसित किया जाएगा। वही हरीहर नाथ मंदिर को काशी कॉरिडोर की तरह बनाया जाएगा। बेगूसराय के सिमरिया में कल्पवास मेला के तहत पार्ट 2 का निर्माण किया जाएगा। अररिया और खगड़िया में नया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बनाया जाएगा। बेतिया में स्टेडियम का निर्माण होगा। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस. सिद्धार्थ ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं को मंजूरी मिली है, उनमें हाजीपुर में जलजमाव दूर करने के लिए पानी की निकासी के लिए परियोजना को मंजूरी दी गयी है। दरभंगा जिले में गंगासागर और दीघी झीलों के जीर्णोद्धार को मंजूरी मिली है। दरभंगा में बस स्टैंड बनाने को भी कैबिनेट की स्वीकृति मिली है। इस पर 83 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जायेगी। वहीं, पूर्णिया में भी अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण किया जायेगा।

## पेज एक का शेष

### फिटजी पर...

संस्थान ने फीस की रकम भी वापस नहीं की। इसके चलते बच्चे का भविष्य अधर में लटक गया है। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि संस्थान के 300 से अधिक बैंक खाते सीज कराए गए हैं। अन्य खातों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। 205 बैंक खातों में 60 लाख रुपये भी फ्रीज कराए गए हैं। इसके अलावा फिटजी के मालिक दिनेश गोयल को पूछताछ के लिए नोटिस भेजकर थाने पर बुलाया गया है, लेकिन कोई जवाब नहीं आया है। वहीं, इसके अलावा संस्थान छोड़ चुके 31 शिक्षकों को भी नोटिस भेजे गए थे, जिन्होंने लिखित में पुलिस को जवाब सौंप दिए हैं। अधिकतर शिक्षकों ने लंबे समय से वेतन न मिलने का आरोप संस्थान पर लगाया है। ये शिक्षक अब अन्य संस्थानों में पढ़ाते हैं। पुलिस ने इनके बयान भी दर्ज किए हैं। इस मामले में अब तक 350 से ज्यादा अभिभावकों के बयान दर्ज हो चुके हैं।
**छात्रों का 40 प्रतिशत ही कोर्स पूरा कराया :** अभिभावकों ने बताया कि फीस पूरी लेने के बाद भी संस्थान द्वारा कोर्स अभी सिर्फ 40 प्रतिशत तक ही पूरा हुआ है। हमारी फीस वापस की जाए या फिर प्रतिशत कोर्स पूरा कराया जाए। केस दर्ज होने के बाद से प्रबंधक समेत अन्य का मोबाइल बंद हो गया था। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है।

### दिल्ली की सभी...

2013 तक लगातार 15 साल शासन करने वाली कांग्रेस पिछले दो विधानसभा चुनाव में एक भी सीट जीतने में विफल रहने के बाद इस बार वापसी की कोशिश कर रही है।
**7 बजे से वोटिंग, सुरक्षा के तगड़े इंतजाम :** दिल्ली चुनाव के लिए वोटिंग सुबह सात बजे शुरू होगा और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों की 220 कंपनियां, दिल्ली पुलिस के 35,626 जवान और 19,000 होमगार्ड तैनात किए हैं। लगभग तीन हजार मतदान केंद्रों को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। इनमें से कुछ स्थानों पर ड्रोन निगरानी समेत विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है।
**हाई अलर्ट पर दिल्ली पुलिस :** वहीं दक्षिण जिला पुलिस ने देर रात गश्त की, जिसका नेतृत्व डीसीपी अंकित चौहान ने किया। यह गश्त चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। डीसीपी अंकित चौहान ने सुरक्षा व्यवस्था में किए गए सुधार के बारे में बताया कि हमारे जिले में बाहरी सुरक्षा बलों की लगभग 15 कंपनियां आई हैं। इसके अलावा, होमगार्ड और अन्य इकाइयों से पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है। इस प्रकार, कुल मिलाकर, हमारे जिले में लगभग 3,800 पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों की 15 कंपनियों के साथ-साथ 1,500 होमगार्ड को तैनात किया गया है।
**संवेदनशील वोटिंग सेंटर पर खास सुरक्षा :** दिल्ली पुलिस के अनुसार, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) भी तैनात रहेंगे। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। 733 मतदान केंद्र खास उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के प्रयास में निर्वाचन आयोग ने एक कतार प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) ऐप पेश किया है, जिससे मतदाता भीड़ के स्तर की जानकारी हासिल कर सकेंगे।
**घर से भी वोटिंग की सुविधा :** इसके अलावा, 'घर से मतदान' सुविधा के तहत 7,553 पात्र वोटर्स में से 6,980 मतदाता पहले ही अपने वोट डाल चुके हैं। वोटिंग से पहले दिल्ली पुलिस कड़ी सतर्कता बरत रही है और पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है। विधानसभा का चुनाव लड़ रही आप, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है। तीनों पार्टी को उम्मीद है कि उनकी सरकार बनेगी। हालांकि, 8 फरवरी जब परिणाम आएंगे, तो तस्वीर साफ होगी।
**उपराज्यपाल ने की वोटिंग की अपील :** दिल्ली में चुनाव से पहले उपराज्यपाल वीके मल्होत्रा ने लोगों को वोटिंग करने की अपील की है। एलजी ने वीडियो मैसेज में कहा, 'प्रिय दिल्लीवासियों, आपका वोट आपकी आवाज है। ये चुनाव दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अपने वोट से केवल एक सरकार ही नहीं चुनेंगे बल्कि अगले 5 सालों में दिल्ली की स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, पानी की व्यवस्था और रोजगार की उपलब्धता कैसी होगी ये भी निर्धारित करेगी।

### ट्रंप के फरमान पर...

**भारत ने दिया अमेरिका का साथ :** ट्रम्प ने पिछले महीने संवाददाताओं से कहा था, ₹इतिहास में पहली बार हम अवैध विदेशियों का पता लगाकर उन्हें सैन्य विमानों से उनके देश भेज रहे हैं। अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर भारत ने अमेरिकी प्रशासन की मदद करने की बात कही है। हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि इस मामले पर भारत अमेरिका की मदद करने के लिए तैयार है।
**538 अवैध प्रवासियों को किया गया था गिरफ्तार :** कुछ दिनों पहले ही 538 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है और सैन्य विमान का उपयोग करके सैकड़ों को निर्वासित किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने था कि ₹ट्रम्प प्रशासन ने 538 अवैध अप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक संदिग्ध आतंकवादी, ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्य और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई अवैध अपराधी शामिल हैं।
**अमेरिका में करोड़ों लोग अवैध प्रवासी :** डाटा के अनुसार, 2024 तक 2047 भारतीय ऐसे हैं जो बिना किसी कागजात के अमेरिका में रह रहे हैं। इनमें से 17,940 आखिरी निष्कासन आदेश के तहत हैं और अन्य 2,467 ICE के प्रवर्तन और निष्कासन संचालन के तहत हिरासत में हैं। 1.4 करोड़ व्यक्ति अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हैं।

### झारखंड के सभी...

झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए हमारी सरकार काम कर रही है ताकि हमारा राज्य स्वास्थ्य के क्षेत्र में अव्वल रहे। राज्य सरकार झारखंड के लोगों के स्वास्थ्य की गारंटी लेगी ताकि बीमार पड़ने पर उसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए आज विशेष दिन है। झारखंड में कैंसर की रोकथाम के लिए, इसके प्रचार-प्रसार के लिए, लोगों में जागरूकता लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ हमने होमवर्क किया था। झारखंड को कैंसर मुक्त बनाने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आज इस तरह का आयोजन कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इस बार का झारखंड का बजट झारखंड के स्वास्थ्य की दिशा तय करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री अंसारी ने कैंसर की रोकथाम एवं इससे बचाव से संबंधित पोस्टर का लोकार्पण किया।
स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मैंने झारखंड में सादा पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। राज्य में पान मसाला की खरीद बिक्री पर बैन रहेगा। कोई भी इसकी बिक्री करते हुए पकड़ा जाएगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य के युवाओं को मजबूत बनाना है, उन्हें स्वस्थ रखना है। राज्य सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फ़ोन के रेडिएशन से भी कैंसर होने का ख़तरा है, इसलिए सोते समय सिर के पास अपना मोबाइल ना रखें।
मंत्री ने कहा कि जल्द ही राज्य में पांच नए सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल बनाने की दिशा में काम चल रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो इसके बाद राज्य के हर जिले में एक सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल होगा। पांच नए ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की दिशा में भी प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में भी निजी अस्पतालों की तरह सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं फिर भी हमारे चिकित्सक निजी अस्पतालों में अपनी सेवाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को बिजनेस की तरह नहीं बल्कि सेवा भावना से लें,अच्छा लगेगा ,सुकून मिलेगा दूसरों की सेवा कर सकेंगे। राज्य की सहिया बहनें स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता को जन जन तक पहुंचाने का काम करती हैं। वे स्वास्थ सेवाओं की रीढ़ हैं। राज्य सरकार जल्द ही राज्य की सहियाओं को टैब देने जा रही है ताकि उनका काम और आसान हो सके। उन्होंने कहा कि आप निर्भीक हो काम करें और यदि कैंसर के मरीज़ का पता चले तो तुरंत सूचना दें ताकि समय रहते कैंसर मरीज़ का इलाज शुरू हो और उसकी जान बचाई जा सके। राज्य सरकार मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज के लिए पैसा दे रही है।

### लातेहार में दो...

दरअसल, लातेहार पुलिस के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे निरंतर छापेमारी अभियान से नक्सली काफी कमजोर हो गए हैं। दूसरी बात पुलिस के द्वारा नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा किए जा रहे आत्मसमर्पण नीति के प्रचार प्रसार और पूर्व में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को मिलने वाले फायदे की जानकारी होने के बाद जेजेएमपी के नक्सली चंदन साव और पप्पू साव ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने की योजना बनाई।
थाना प्रभारी धीरज कुमार और सीआरपीएफ के अधिकारियों से संपर्क साधकर दोनों नक्सलियों के परिजनों ने उनके आत्मसमर्पण की बात कही। थाना प्रभारी और सीआरपीएफ के अधिकारियों ने दोनों नक्सलियों को आत्मसमर्पण नीति के लाभ की जानकारी दी और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मंगलवार को दोनों नक्सलियों ने लातेहार एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।
**आत्म समर्पण करने वालों को दिया जाएगा पूरा सहयोग :** इधर इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि दोनों नक्सलियों ने पुलिस की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुलिस के द्वारा सरकारी प्रावधान के तहत सभी प्रकार की मदद की जाएगी। एसपी ने बताया कि दोनों जेजेएमपी नक्सली संगठन में सदस्य के रूप में सक्रिय थे। इनके खिलाफ थाना में मामला भी दर्ज था। एसपी ने क्षेत्र में सक्रिय अन्य नक्सलियों से भी अपील की है कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा में जुड़ जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन लातेहार जिले को पूरी तरह नक्सली मुक्त बनाने के लिए कृत संकल्पित है।
**आत्मसमर्पण करें नहीं तो मारे जाएंगे: कमांडेंट**-इधर सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर ने कहा कि नक्सलवाद और हिंसा का रास्ता हमेशा ही गलत होता है। जो लोग रास्ते से भटक गए हैं, वह वापस मुख्य धारा में लौट आएं और अपने परिवारजनों के साथ जीवन बिताएं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को विभिन्न प्रकार की सुविधा दी जाती है। परंतु जो लोग नक्सलवाद के राह पर चलेंगे, उन्हें गंभीर परिणाम भी भुगतना होगा।

### गोताखोर के रूप...

इससे किसी भी आपदा के बाद जिले द्वारा राशि की मांग और उसकी स्वीकृति में लगने वाले समय से बचा जा सकता है। संबंधित जिले के उपायुक्त इस राशि का परिस्थिति के अनुसार तत्काल उपयोग कर सकेंगे।
वही बैठक में राज्य में आंधी-तूफान तथा ग्रीष्म लहर (लू) से संभावित जानमाल की क्षति को देखते हुए राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत आपदा घोषित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।
दूसरी ओर राज्य के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की संकीर्ण गलियों में निर्मित मकानों-भवनों में आगजनी की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए 39 अग्निशामालयों के लिए अग्निशमन वाहन (मिनी वाटर टेंडर विथ मिस्ट टेक्नोलॉजी) खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग वज्रपात और डूबने से होने वाली मौतों के हॉटस्पॉट को झारखंड स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के सहयोग से चिह्नित करेगा। उसके बाद चिह्नित स्थानों, इलाके में इस संकट से निपटने की रणनीति बनाई जाएगी।
**बैठक में मौजूद रहे :** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, होमगार्ड एवं अग्निशमन के डीजी अनिल पालटा, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, आपदा प्रबंधन सचिव राजेश शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### निलंबित आईएएस छवि...

ईडी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने ईडी को मामले में साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले में छवि रंजन, कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल, सत्ता के करीबी प्रेम प्रकाश, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, दिलीप घोष, भरत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और सद्दाम पर आरोप गठित किया गया है।
**खारिज हो चुकी डिस्चार्ज याचिका :** पिछले दिनों कोर्ट ने मामले के सभी आरोपितों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी थी। एक आरोपित राजेश राय अदालत नहीं पहुंचा। इससे पूर्व अदालत ने उपस्थित आरोपितों से उसके ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछा। इस पर आरोपितों ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताया और कहा कि आगे ट्रायल फेस करेंगे। आरोप गठन के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका मौजूद थे।
**जेल में हैं पांच आरोपी :** मामले को लेकर ईडी ने चार जुलाई 2023 को भरत प्रसाद एवं राजेश राय के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के दौरान पूर्व डीसी छवि रंजन सहित आठ आरोपितों का नाम सामने आया। फिलहाल पांच आरोपित जेल में हैं।

### सोनिया और राहुल...

रांची की नामकुम की रहने वाली अंजली लकड़ा की ओर से दी गई इस शिकायत में कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों को अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) समुदाय का अपमान बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।
पुलिस को दिए गए आवेदन में लिखा गया है कि 31 जनवरी 2025 को संसद में बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर ₹बोरिंग₹ (उबाऊ) शब्द का इस्तेमाल किया। इसी तरह सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति को ₹पुअर लेडी₹, असहाय, लाचार, गरीब महिला और थकी हुई महिला कहा। आवेदन में कहा गया है कि देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं की अध्यक्ष हैं। अनुसूचित जनजाति समुदाय से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सोची-समझी साजिश के तहत, योजनाबद्ध तरीके से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इस मामले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 के अंतर्गत उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।
एफआईआर के लिए आवेदन देने वाली अंजली लकड़ा जनजाति सुरक्षा मंच नामक संगठन की महिला प्रमुख हैं। इस शिकायत के साथ थाने में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में आदिवासी समाज के रवि मुंडा, संदीप उरांव, मोनू लकड़ा, आशीष लिंडा, कृष्ण मुंडा, अशोक खलखो, रवि लकड़ा, रोशन मुंडा, प्रदीप लकड़ा, सतीश तिग्गा, दिगंबर बेदिया, जुगल किशोर बेदिया, हिंदवा उरांव, बंधना मुंडा एवं सोमा उरांव शामिल थे। अंजली लकड़ा ने बताया कि पुलिस की ओर से जांच के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

### जो झुग्गियों में...

उन्होंने कहा, ₹हमने गरीबों को झूठे नारे नहीं, बल्कि सच्चा विकास दिया।₹ पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए, 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनवाए और 12 करोड़ परिवारों को नल से जल की सुविधा दी। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ नेताओं का ध्यान आम लोगों की समस्याओं पर नहीं, बल्कि घरों में 'जकूजी' और स्टाइलिश शॉवर जैसी चीजों पर है।
प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेता गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराकर खुद को मसीहा दिखाने की कोशिश करते हैं, लेकिन असल में उन्हें गरीबों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा, ₹जो लोग झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग लगती है।₹ पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली से 1 रुपया निकलता है, तो गांवों तक सिर्फ 15 पैसे ही पहुंचते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह पैसा आखिर किसके पास जाता था, यह देश की जनता अच्छे से समझ सकती है।
उन्होंने अपनी सरकार की पारदर्शी नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 10 करोड़ फर्जी लाभार्थियों को योजनाओं से हटाया और 3 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बचाए। उन्होंने कहा, ₹हमारा मॉडल बचत भी, विकास भी है। जनता का पैसा सिर्फ जनता के लिए खर्च होता है।₹ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाया गया, लेकिन इसका असर यह हुआ कि आज गांव-गांव में शौचालय बन चुके हैं और लोग बेहतर जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य गरीबों का उत्थान करना है और इसके लिए वे लगातार काम करते रहेंगे।

### झारखंड : सरकारी सेवक...

सरकारी सेवकों द्वारा इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म का सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से उपयोग किए जाने, संवेदनशील एवं गोपनीय सरकारी सूचनाओं के प्रकाशन को प्रतिबंधित करने तथा उन्हें जिम्मेदार सरकारी सेवक बनाने के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि उनके लिए एक स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया जाए।

#### इनका करना होगा सख्ती से पालन

- सरकारी सेवक इंटरनेट मीडिया पर अपने विचारों को साझा करते समय इस बात को ध्यान में रखेंगे कि वे सरकारी सेवक आधार नियमावली से शासित हैं एवं वे अपने विचारों को साझा करते समय अपनी शीलनिष्ठा को बनाए रखेंगे।
- मर्यादा को बनाए रखते हुए सभ्य व्यवहार प्रदर्शित करेंगे और ऐसे पोस्ट साझा करने से बचेंगे, जिसे आपत्तिजनक, भेदभावपूर्ण एवं राजनीतिक रूप से पक्षपात पूर्ण माना जा सकता है।
- किसी राजनीतिक/धर्मनिरपेक्षता विरोधी/सांप्रदायिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करेंगे और न ही उसे सब्सक्राइब करते हुए अपने पोस्ट, ट्वीट ब्लाग आदि के माध्यम से उसका समर्थन करेंगे।
- किसी पोस्ट, ट्वीट आदि के माध्यम से सरकार द्वारा अपनाई गई किसी नीति या कार्रवाई पर चर्चा या आलोचना नहीं करेंगे और न ही इंटरनेट मीडिया पर ऐसी चर्चाओं में भाग लेंगे।
- आपराधिक, अनैतिक एवं अपमानजनक आचरणों या वैसे कृत जो सरकार की छवि को धूमिल करती हो से बचें।
- अपने सहकर्मी या व्यक्तियों के बारे में ऐसा पोस्ट साझा नहीं करेंगे जो अभद्र, अश्लील या धमकी भरा हो। किसी भी उन्मादी गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे और न ही अपने आश्रितों को शामिल होने की अनुमति देंगे।
- किसी भी पोस्ट में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग, संप्रदाय (लिंग, व्यवसाय, क्षेत्र, राज्य आदि के संबंध में कोई भेदभावपूर्ण टिप्पणी नहीं करेंगे। किसी उत्पाद या उद्यम का समर्थन नहीं करेंगे।
- अपने कार्य स्थल से संबंधित शिकायतों को वीडियो/फोटो के रूप में पोस्ट, ट्वीट ब्लाग या किसी अन्य रूप में इंटरनेट मीडिया पर साझा नहीं करेंगे।
- प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपने कार्यालय या विभाग के कार्यों से संबंधित किसी भी संवेदनशील, गोपनीय सरकारी सूचनाओं को साझा नहीं करेंगे। ऐसी कोई सूचना साझा नहीं करेंगे, जो राष्ट्रीय सुरक्षा, गोपनीयता एवं सरकार के हितों से समझौता कर सकती है।
- अपने पोस्ट, ट्वीट या ब्लाग आदि के माध्यम से किसी भी राजनीतिक गतिविधियों/कार्यक्रमों में भाग नहीं लेंगे और न ही किसी राजनीतिक विचारधारा या राजनीतिज्ञ का समर्थन करेंगे।
- सभ्य व्यवहार का प्रयोग करते हुए ट्रालिंग से अपने आप को दूर रखेंगे। अपने अकाउंट का उपयोग इस तरह नहीं करेंगे, जिससे यह समझा जा सकता है कि उसकी गतिविधियां सरकार का समर्थन या विरोध करती हो।
- सरकारी सेवक अपने एकाउंट के डीपी या प्रोफाइल पिक्चर पर किसी भी संगठन या राजनीतिक दल आदि से संबंधित प्रतीक नहीं लगाएंगे।
- विभागीय आदेश, अधिसूचना, संकल्प आदि व्यक्तिगत एकाउंट पर साझा नहीं करेंगे।
- यदि सरकारी सेवक के द्वारा इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता है, तो उसकी सूचना अपने नियुक्ति प्राधिकार को देते हुए उसकी अनुमति प्राप्त करेंगे।
- न्यायालयों द्वारा पारित किसी भी आदेश के संबंध में ऐसा कोई भी पोस्ट साझा नहीं करेंगे, जिससे न्यायालय की अवमानना की स्थिति उत्पन्न हो।
- सरकारी सेवक कार्य अवधि में इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर किसी भी प्रकार की कोचिंग, लेक्चर, वेबिनार आदि में आमंत्रित किए जाने एवं उसमें भाग लेने के पूर्व अपने नियंत्री पदाधिकारी को सूचित कर अनुमति प्राप्त कर लेंगे।
- ऑनलाइन पोल/वोटिंग में भाग नहीं लेंगे और न ही इस संबंध में कोई टिप्पणी करेंगे।

## रामगोपाल यादव का दावा, 15 हजार लोगों ने शिकायत की है कि उनके लोग नहीं मिल रहे

प्रयागराज। संसद में बवाल के बाद समाजवादी पार्टी सांसद रामगोपाल यादव ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि 15 हजार लोगों ने शिकायत दर्ज करावा दी हैं कि उनके लोग नहीं मिल रहे हैं। वहीं योगी सरकार कोई भी जानकारी देने से मना कर रही है। उन्होंने कहा कि 1954 के प्रयागराज कुंभ में भगदड़ के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने बताया कि कितने लोग घायल हुए हैं और कितने लोग मारे गए हैं। सपा सांसद यादव ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का पूरा अमला केवल वीआईपी लोगों को सुविधाएं देने में लगा हुआ था। उन्हें आम आदमी की कोई फिक्र ही नहीं थी। सपा सांसद यादव ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री रोज ही पहुंचते हैं। अधिकारी व्यवस्था में व्यस्त है कि वीआईपी लेन साफ-सुथरी होना चाहिए। वहीं लोग चाहे डूब जाए या मर जाए। बता दें कि बजट सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा किया था। विपक्ष का कहना था कि सदन में महाकुंभ में मची भगदड़ पर चर्चा होनी चाहिए। सपा सांसद और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि मृतकों की सही संख्या ना बताना बहुत निंदनीय है।

## दिल्ली में मतदान से पहले, पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

नई दिल्ली। 5 फरवरी को दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं। उसके एक दिन पहले पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ की खबरें आई है। घटना बाहरी दिल्ली के भलस्वा इलाके की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां एक बिल्डिंग में कई बदमाश छिपे हैं। इन्हें पकड़ने पहुंची टीम पर फायरिंग होने पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल भी हुआ है और 3-4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिली थी कि भलस्वा इलाके की बिल्डिंग में कुछ बदमाश छिपे हैं। इसके बाद पुलिस टीम के साथ हथियारों से लैस होकर बदमाशों को पकड़ने गए थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बदमाशों को हथियार डालने को कहा, लेकिन उन्होंने पुलिस का कहा नहीं माना और फायरिंग करनी शुरू कर दी। बदमाशों की तरफ से फायरिंग होती देख पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी एक्शन किया। इस बीच बदमाशों की तरफ से हुई अचानक फायरिंग में एक गोली एसएचओ को छूते हुए भी निकली। थानेदार की गिरफ्त से बचने के लिए बदमाश ने एसएचओ के सिर में हथियार का बट मार दिया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ में बिल्डिंग से 3 से 4 बदमाशों को पकड़ा है। ये लोग किस गैंग से जुड़े हैं, इसके बारे में पुलिस पता लगा रही है। बदमाशों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

## महाकुंभ को लेकर अफवाह फैला रहे 8 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

लखनऊ। प्रयागराज में महाकुंभ मेला पुलिस ने नेपाल की एक घटना को महाकुंभ का बताकर अफवाह फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। ब्रजेश कुमार प्रजापति नामक एक व्यक्ति ने अपने अकाउंट पर नेपाल में हुई घटना का वीडियो पोस्ट कर वीडियो को प्रयागराज महाकुंभ का बताकर अफवाह के रूप में फैलाया। पोस्ट में लिखा था, प्रयागराज महाकुंभ यानी मौत का महाकुंभ, और वीडियो में एक बड़ी भीड़ दिख रही थी जिसमें लोग मृतकों को कंधों पर ले जाते दिख रहे थे। वीडियो की जांच करने पर साफ हुआ कि घटना नेपाल में हुई थी, न कि महाकुंभ मेला में। इस वीडियो की सच्चाई का खुलासा महाकुंभ मेला पुलिस ने किया और झूठी जानकारी फैलाने के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने ब्रजेश कुमार प्रजापति सहित 7 एक्स अकाउंट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महाकुंभ मेला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक पोस्ट न करें और किसी भी घटना के बारे में पोस्ट करने से पहले उसके तथ्यों की जांच कर लें। पुलिस ने यह भी कहा है कि इस तरह की अफवाहों के जरिए प्रदेश की छवि को खराब किया जा रहा है और समाज में विद्वेष फैलाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने इन सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा : अवैध बांग्लादेशियों को कब तक जेल में रखोगे

नई दिल्ली। बांग्लादेश से आए अवैध घुसपैठिओं को लिए गए हिरासत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सवाल खड़े किए हैं। अदालत ने इन्हें उनके देश भेजने के बजाय पूरे भारत के सुधार गृहों में लंबे समय तक हिरासत में रखने के संबंध में केंद्र सरकार से जवाब मांगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इस बात पर बल दिया कि जब किसी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी को पकड़ा जाता है और विदेशी अधिनियम 1946 के अंतर्गत उसे दोषी ठहराया जाता है, तो उसकी सजा पूरी होने के तुरंत बाद उसे निर्वासित किया जाना चाहिए। पीठ ने पूछा कि विदेशी अधिनियम के अंतर्गत अपनी सजा पूरी करने के बाद फिलहाल कितने अवैध आप्रवासियों को विभिन्न सुधार गृहों में हिरासत में रखा गया है? शीर्ष अदालत ने लगभग 850 अवैध प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर चिंता व्यक्त की। न्यायालय ने इस बात पर भी केंद्र से ठोस स्पष्टीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से क्या कदम अपेक्षित हैं। बता दें कि माजा दारूवाला बनाम भारत संघ का मामला 2013 में कलकत्ता उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में भेजा गया था। यह मामला मूल रूप से 2011 में शुरू हुआ जब एक याचिकाकर्ता ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्हें उनकी सजा पूरी होने के बाद भी पश्चिम बंगाल सुधार गृहों में कैद रखा गया था। शीर्ष अदालत में स्थानांतरित होने से पहले कलकत्ता एचसी ने इस मुद्दे पर स्वत- संज्ञान लिया था। पीठ ने कहा कि ये प्रथाएं मौजूदा दिशा-निर्देशों के विपरीत हैं, जो तेजी से निर्वासन प्रक्रियाओं की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

# महाराष्ट्र में सरकारी -गैर सरकारी कार्यालयों में मराठी अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

### सरकार की मराठी भाषा नीति को पिछले साल मिली थी मंजूरी



**मुंबई (एजेंसी)**। महाराष्ट्र सरकार ने गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिसों में हर तरह के संवाद के लिए मराठी को अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक सभी नगरीय निकायों, सरकारी निगमों और सहायता प्राप्त संस्थानों में भी मराठी का इस्तेमाल जरूरी होगा। राज्य के योजना विभाग ने 3 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा है कि अगर कोई अधिकारी इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मराठी भाषा नीति को पिछले साल मंजूरी मिली थी। इस नीति का उद्देश्य भाषा का संरक्षण, प्रचार और विकास करना है, ताकि मराठी का इस्तेमाल सरकारी कामकाज में किया जा सके।

सरकारी दफ्तरों, नगर निकायों, निगमों और पब्लिक ऑफिस के कंप्यूटर की-पैड और प्रिंटर पर रोमन के साथ मराठी देवनागरी लिपि में टैक्स्ट लिखना होगा। सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को भी मराठी में ही कम्युनिकेशन करना होगा। केवल उन लोगों को छूट रहेगी, जो विदेशी हैं, महाराष्ट्र के बाहर से आए हैं या मराठी भाषी नहीं जानते हैं। कार्यालयों और पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज के नाम वाले बोर्ड, अंदर चस्पा किए जाने वाले नोटिस और साइनेज भी मराठी में ही होने चाहिए। आदेश में यह भी कहा गया कि नए व्यवसायों को अंग्रेजी अनुवाद के बिना मराठी में अपना नाम रजिस्टर करना चाहिए।

महाराष्ट्र राजभाषा अधिनियम 1964 के मुताबिक राज्य में प्रस्ताव, पत्र और परिपत्र समेत सभी आधिकारिक दस्तावेज मराठी में होने चाहिए। 2024 में स्वीकृत हुई मराठी भाषा नीति ने भाषा के संरक्षण, संवर्धन, प्रसार और विकास के लिए सभी सार्वजनिक मामलों में मराठी के इस्तेमाल की सिफारिश की गई थी। पिछले साल अक्टूबर में, केंद्र सरकार ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया था। केंद्र ने कहा था कि शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से खास तौर पर एजुकेशन और रिसर्च फील्ड में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। आदेश में कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी जो भाषा नियमों का पालन नहीं करेंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों की शिकायत ऑफिस के सीनियर अफसर या विभाग प्रमुखों से की जा सकती है।

## ट्रम्प ने मैक्सिको व कनाडा पर लगाए गए टैरिफ को 30 दिनों के लिए टाला

**वॉशिंगटन**। मैक्सिको के बाद अमेरिका ने कनाडा पर भी टैरिफ लगाने के फैसले को 30 दिनों के लिए टाल दिया है। यह निर्णय तब लिया गया जब दोनों देशों ने सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने पर सहमति जताई। ट्रम्प ने दो दिनों पहले मैक्सिको और कनाडा पर 25-25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इस फैसले के करीब 24 घंटे बाद ही ट्रम्प ने मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद टैरिफ को एक महीने के लिए टालने पर सहमति जता दी। चीन से आयात पर लगाए गए टैरिफ फिलहाल जारी रहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि कनाडा सीमा के जरिये अमेरिका में आने वाली फेंटानिल जैसी अवैध ड्रग्स रोकने के लिए कदम उठाने के बाद टैरिफ 30 दिनों तक रोकने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने ट्रम्प से फोन पर बातचीत के दौरान फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए विशेष जांच दल नियुक्त करने का वादा किया। ट्रूडो ने एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में बताया है कि उन्होंने ट्रम्प से की गई बातचीत में सीमा सुरक्षा बढ़ाने का वादा किया, जिसके बाद ट्रम्प ने टैरिफ को टालने की बात पर सहमति जताई। ट्रूडो ने बॉर्डर सिक्योरिटी के लिए 1.3 अरब कनाडाई डॉलर खर्च करने के वादा किया है। ट्रम्प ने इसकी पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, "कनाडा ने सुनिश्चित किया है कि अमेरिका के साथ लगी इसकी उत्तरी सीमा सुरक्षित होगी। इससे पहले सोमवार को मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत के बाद मैक्सिको पर लगाए गए टैरिफ को एक महीने के लिए टाल दिया गया है।

## फारुख अब्दुल्ला ने महाकुंभ को लेकर दिया विवादित बयान

**श्रीनगर (एजेंसी)**। माहकुंभ को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं तो अपने घर पर नहाता हूं। मेरा खुदा पानी में नहीं है। एक पत्रकार ने जब उनसे महाकुंभ में जाने को लेकर सवाल पूछा तो फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं तो अपने घर में ही नहाता हूं। मेरा खुदा पानी में नहीं है। मेरा खुदा न मंदिर में न मस्जिद में न गुरुद्वारे में है। मेरा खुदा मेरे में है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद खत्म होने के केंद्र सरकार के दावे पर सवाल उठाया और कहा कि अगर आतंकवाद खत्म हो गया है तो कुलगाम आतंकी हमले जैसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए।

अब्दुल्ला ने दिल्ली चुनाव में जीत का दावा करने वालों की भी आलोचना की और इस बात पर जोर दिया कि फैसला देश के लोगों का है, न कि उनका या उनकी सहयोगी का। कुलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने आतंकवाद को खत्म करने के सरकार के दावे पर सवाल उठाया। पूर्व सीएम ने कहा कि उनसे पूछो जो दावा करते हैं कि उग्रवाद ख़त्म हो गया है। अगर ऐसी घटनाएं होती हैं तो उनसे पूछें कि उनका दावा कहां गया. वे रोज संसद में संसद के बाहर, पहाड़ों पर और हर जगह बयान देते हैं कि उग्रवाद खत्म हो गया है। अब्दुल्ला ने यहां एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा कि अगर आतंकवाद खत्म हो गया है तो इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए।

अब्दुल्ला ने राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कई सवालों के जवाब दिए, जिनमें दिल्ली चुनाव, भारतीय गुट, राज्य का दर्जा बहाल करना और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) से संबंधित चिंताएं शामिल हैं। आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव और भाजपा की जीत के दावों को लेकर अब्दुल्ला चाहते हैं कि सभी लोग बुधवार को होने वाले चुनाव का इंतजार करें। उन्होंने कहा कि उन्होंने (भाजपा) यह भी कहा कि वे (जम्मू-कश्मीर में सत्ता में) आएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह या उस तरह, त्रिशंकु विधानसभा होगी। आज उनके दावे कहां चले गये? ऐसा लगता है कि अब उन्हें चुप करा दिया गया है। फैसला इस देश की जनता ने किया है।

## पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर 'बांग्ला' रखने की मांग, टीएमसी ने कहा- जनादेश का सम्मान करने की जरूरत



**कोलकाता (एजेंसी)**। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर 'बांग्ला' करने की मांग करते हुए कहा कि इसमें राज्य के इतिहास और संस्कृति की झलक मिलती है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए, पार्टी सांसद रीताब्रत बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने जुलाई 2018 में राज्य का नाम बदलने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन केंद्र अभी तक इस पर सहमत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि 'पुनः नामकरण हमारे राज्य के इतिहास, संस्कृति और पहचान के अनुरूप होगा और हमारे लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा।

1947 के विभाजन ने बंगाल को विभाजित कर दिया। भारतीय हिस्से को पश्चिम बंगाल कहा गया और दूसरे हिस्से को पूर्वी पाकिस्तान नाम दिया गया। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान ने स्वतंत्रता की घोषणा की और बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि आज कोई पूर्वी पाकिस्तान नहीं है। हमारे राज्य का नाम बदलने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल के लोगों के जनादेश का सम्मान करने की जरूरत है।

किसी भी राज्य का नाम आखिरी बार 2011 में बदला गया था, जब उड़ीसा ओडिशा बन गया था। पिछले कुछ वर्षों में कई शहरों के नाम में बदलाव देखा गया है। इनमें बॉम्बे शामिल है, जिसे 1995 में मुंबई में बदल दिया गया, 1996 में मद्रास को चेन्नई, 2001 में कलकत्ता को कोलकाता और 2014 में बैंगलोर को बेंगलुरु कर दिया गया। बीजद के देबाशीष सामंतराय ने बाली यात्रा को राष्ट्रीय त्योहार का दर्जा देने की मांग की।

## उज्जैन में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष का दावा, भगदड़ में करीब 800 लोग हुए हताहत

उज्जैन। प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 30 लोगों की मौत हुई है और 60 लोग घायल हैं। भगदड़ सिर्फ एक जगह हुई और मरने वालों की संख्या सिर्फ 30 है। यूपी प्रशासन के दावे पर मंगलवार को दो बयान सामने आए। जिसमें संसद के बजट सत्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हजारों मौतों का दावा किया। वहीं अब उज्जैन में स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने भी भगदड़ में करीब 800 लोगों के हताहत होने का दावा किया है। इसके बाद यूपी प्रशासन द्वारा जारी मौत के आंकड़े पर सवाल खड़े हो रहे है। कुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत के मामले में यूपी सरकार पर आंकड़े छुपाने के आरोप लग रहे हैं। हालांकि मामले में अब न्यायिक आयोग की टीम जांच कर रही है। राहुल गांधी से लेकर विपक्षी पार्टी के अन्य नेता और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी सीएम योगी को दोषी मानकर उनके इस्तीफे की मांग की। इधर मौनी अमावस्या का स्नान करके उज्जैन लौटे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने दावा किया की करीब 700 से लेकर 800 लोग भगदड़ में दबे थे। इसमें कितनी मौत हुई ये पता नहीं लेकिन मरने वाले सैकड़ों की तादाद में थे। रामेश्वर दास महाराज ने कहा कि घटना वाले दिन रात करीब डेढ़ बजे से एम्बुलेंस की आवाजाही शुरू हुई।

## महाकुंभ भगदड़ में आ रही षड्यंत्र की बू, जांच के बाद जिम्मेदार होंगे शर्मिंदा

### -बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने संसद में किया हादसे का जिक्र



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा में महाकुंभ में भगदड़ की घटना का उल्लेख किया और कहा कि हादसे में षड्यंत्र की बू आ रही है। जांच पूरी होने के बाद इसके लिए जिम्मेदार लोगों को शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा। संसद में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए सांसद रविशंकर ने कहा कि महाकुंभ में हुई भगदड़ की जांच चल रही है। सच जल्द सामने आ जाएगा। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस को घेरा और कहा कि संविधान बचाने का दावा करने वालों को सर्वोच्च संवैधानिक पद का सम्मान करना सीखना चाहिए। साथ ही कहा कि सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करना कांग्रेस की परंपरा रही है और उसके राजनीतिक डीएनए में है।

बता दें सोनिया गांधी ने तीन दिन पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद प्रतिक्रिया देते हुए मुर्मु को बेचारी कहा था। सांसद रविशंकर ने कहा कि द्रौपदी मुर्मु साधारण परिवार से हैं और शालीनता के साथ राष्ट्रपति के पद को ऊंचाई दे रही हैं। उन्होंने कांग्रेस को राजेंद्र प्रसाद, फखरूद्दीन अली अहमद और ज्ञानी जैल सिंह जैसे पूर्व राष्ट्रपतियों से किए गए व्यवहार की याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस की यही परंपरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भारत पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों की सूची में था, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। उन्होंने विपक्षी दलों पर सनातन के अपमान का आरोप लगाया।

## अमित शाह ने की जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा, आतंक के समूल सफाये के लिए दिये निर्देश




**नई दिल्ली (एजेंसी)**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, जहां हाल के दिनों में आतंकवाद की कुछ घटनाएं हुई हैं। बताया जा रहा है कि अमित शाह ने आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता नीति की वस्तु स्थिति और आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे अभियानों पर चर्चा की। हम आपको बता दें कि यह समीक्षा बैठक दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में हुए आतंकवादी हमले के एक दिन बाद हुई है जिसमें सोमवार को पूर्व सैनिक मंजूर अहमद वागे की मौत हो गई थी और उनकी पत्नी और भतीजी घायल हो गई थीं। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। हम आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की पिछली समीक्षा बैठक 19 दिसंबर 2024 को हुई थी। उस समय अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के लिए समन्वित तरीके से काम करना जारी रखने का निर्देश दिया था।

आज की बैठक में भी गृह मंत्री ने आतंकवाद के समूल सफाये के संबंध में दिशा-निर्देश दिये हैं। सरकार का कहना है कि आतंकवादी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय कमी आई है। हम आपको बता दें कि सुरक्षा बलों ने पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया था, मुख्यतः नियंत्रण रेखा के निकट ऊंचे इलाकों और जंगली इलाकों में ताकि पिछले वर्ष विभिन्न जिलों में कई हमलों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों का पता लगाया जा सके। दरअसल रियासी, डोडा, किश्तवाड़, कठुआ, जम्मू और राजौरी जैसे क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ी हैं।

## कई देशों का जितना बड़ा रेल नेटवर्क है, उतना तो मप्र व छत्तीसगढ़ में है

**भोपाल/रायपुर (एजेंसी)**। दुनिया में कई देश ऐसे हैं जहां का रेलवे नेटवर्क मप्र और छत्तीसगढ़ के बराबर है। दोनो में रेलवे दस साल में रेल नेटवर्क में इतना इजाफा कर लिया जितना कई देशों का कुल रेल नेटवर्क है। बजट में भी केंद्र सरकार ने दोनों राज्यों में रेलवे के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और यात्री सुविधाओं के लिए अपने खजाने का मुंह खोल दिया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मध्य प्रदेश में रेलवे 14 हजार 745 करोड़ रुपए वित्तीय वर्ष 2025-26 में खर्च करेगा। यूपीए की सरकार के मुकाबले यह 23 गुना बजट है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में रेलवे का विद्युतिकरण का काम पूरा हो चुका है। रेल मंत्री ने बताया कि दस साल में मध्य प्रदेश में 2 हज़ार 456 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई गई है। यह डेनमार्क के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है।

रेल मंत्री ने बताया कि राज्य के 80 स्टेशन को अमृत स्टेशन के रूप में 2 हज़ार 708 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 3 हजार 572 किलोमीटर का रेल कवच भी तैयार किया जा रहा है। पिछले दस साल में मध्य प्रदेश में रेलवे ने 1 हजार 109 फ्लाईओवर और अंडर ब्रिज भी बनाए हैं। उन्होंने बताया कि रेल यात्रियों की सुविधा के लिए दस साल में 69 लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियां और 408 स्टेशन पर वाईफाई की सुविधा भी मुहैया कराई गई है। मध्य प्रदेश के 14 जिलों में 4 वन्देभारत गाड़ियां 18 स्टेशन पर रुकती हैं। रेल मंत्री ने बताया कि रानी कमलापति स्टेशन 100 करोड़ रुपए, ग्वालियर स्टेशन 535 करोड़, खजुराहो स्टेशन 218 करोड़, सतना 272 करोड़, इंदौर 480 करोड़, बिना 98 करोड़, जबलपुर स्टेशन का कायाकल्प 247 करोड़ रुपए में किया जाएगा।रेल सुरक्षा के कवच 1 हजार 105 किलोमीटर तैयार किया जा रहा है। साथ ही 32 रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दस साल में 148 फ्लाईओवर और अंडर ब्रिज भी बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 20 लिफ्ट, 8 स्वचालित सीढ़ियां और 119 स्टेशन पर वाईफाई की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। राज्य में दो वन्देभारत गाड़ियां 5 जिलों में होती हुई 6 स्टेशन पर रुककर गंतव्य की बढ़ती है। केंद्रीय रेल मंत्री ने बताया कि रायपुर रेलवे स्टेशन 463 करोड़ रुपए, दुर्ग 456 करोड़ और बिलासपुर स्टेशन को 435 करोड़ रुपए में दोबारा बनाया जा रहा है।



## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज इंग्लैंड के लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले उपयोगी :जो रूट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट का मानना ??है कि भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी से पहले एक साथ मिलकर खेलने और 19 फरवरी को पाकिस्तान में शुरू होने वाले टूर्नामेंट



से पहले एक अच्छी स्थिति में आने का 'वास्तव में उपयोगी' अवसर है। चैंपियंस ट्रॉफी का बुखार प्रशंसकों पर हावी हो रहा है। सभी भाग लेने वाली टीमें जीतने वाले संयोजन का पता लगाने और टूर्नामेंट में जाने से पहले कुछ गति प्राप्त करने के लिए वनडे मैचों में प्रतिस्पर्धा करके अपनी तैयारियों को मजबूत कर रही हैं।

रूट का मानना ??है कि तीन मैचों की श्रृंखला उन्हें गौरव की तलाश में पाकिस्तान जाने से पहले अच्छी स्थिति में आने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, जब आप कुछ करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं, तो आप इसे पूरा करना चाहते हैं और पूरे टूर्नामेंट में खेलना चाहते हैं, लेकिन साथ ही इंग्लैंड और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खेलना हमेशा खेल का शिखर होता है।

टी20 सीरीज में 4-1 से हार के बाद इंग्लैंड 50 ओवर के प्रारूप में वापसी करना चाहेगा जिसमें मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम होंगे। वनडे में पहली बार 'बैजबॉल' गुरुवार को नागपुर में प्रारूप में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। उन्होंने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले तीन वनडे मैच हमारे लिए एक समूह के रूप में एक साथ रहने और उस टूर्नामेंट में जाने से पहले खुद को वास्तव में अच्छी स्थिति में लाने के लिए वास्तव में उपयोगी होंगे।

रूट ने इस प्रारूप में इंग्लैंड के लिए आखिरी बार भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान खेला था। अनुभवी स्टार ने 171 वनडे मैच खेले हैं जिसमें 47.60 की औसत से 6,522 रन बनाए हैं जिसमें 16 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं।

### भारत के खिलाफ इंग्लैंड की वनडे टीम

भारत दौरा और आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी- जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट अवार्ड

## हेड ने जीता एलन बॉर्डर तो सदरलैंड को मिला बेलिंडा क्लार्क पदक

**मेलबर्न (एजेंसी)।** स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारों में शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेटर के प्रतिष्ठित एलन बॉर्डर मेडल का विजेता नामित किया गया, जबकि युवा हरफनमौला खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड को बेलिंडा क्लार्क मेडल दिया गया। ट्रेविस हेड ने अवॉर्ड के लिए जोश हेजलवुड (158 वोट) और पैट कमिंस (147 वोट) को पीछे छोड़ा। उन्हें 1,427 रनों के लिए 208 वोट प्राप्त किए। हेड ने सम्मान मिलने पर कहा कि विश्वास करना बहुत मुश्किल है। यह एक अच्छा साल रहा है। बहुत खुश हूं कि मैं इसमें फिट हो सका, एक भूमिका निभा सका, और भाग्यशाली हूं कि मैं सभी प्रारूपों में खेलने में सक्षम हूं। यह एक अच्छी उपलब्धि है, और मैं इसका आनंद उठाऊंगा।

31 वर्षीय हेड ने पुरुष वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता और ट्वेंटी 20 और टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कारों में दूसरे स्थान पर रहे। हेड ने 11 वनडे में 5 खेलने के बावजूद यह वनडे सम्मान जीता। ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 154 रनों की शानदार पारी ने उन्हें आगे रखा। उन्होंने एलेक्स कैरी, स्टीव स्मिथ और जेवियर बार्टलेट को पिछाड़ा। वहीं, सदरलैंड के लिए, यह पहला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कार था, जो एमसीजी में उनके पहले टेस्ट शतक के कुछ ही दिनों बाद आया था। 23 वर्षीय ऑलराउंडर ने 12 महीने की वोटिंग अवधि की शुरुआत में वाका के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 210 रन बनाए थे। सदरलैंड को 168 वोट मिले और उन्होंने एशले गार्डनर (143 वोट) और बेथ मूनी (115 वोट) को पीछे छोड़ते हुए बेलिंडा क्लार्क





मेडल जीता। सदरलैंड ने कहा यह पुरस्कार जीतना बहुत खास है।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने पुरुष टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार का दावा किया। यह उनका पहला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कार था, जिसमें हेज़लवुड ने वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों में सिर्फ 13.16 की औसत से 30 विकेट लिए थे। भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान 19 साल की उम्र में शानदार शुरुआत करने वाले युवा क्रिकेटर सैम कोन्स्टास को यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। कोनस्टास ने पिछले दो टेस्ट मैचों में 113 रन बनाए, जिसमें पदार्पण मैच में 65 गेंदों में 60 रन की यादगार पारी भी शामिल है।

एशले गार्डनर को 385 रनों के साथ प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी रन-स्कोरर के रूप में समाप्त होने के बाद वर्ष की महिला एकदिवसीय खिलाड़ी नामित किया गया था। वोटिंग अवधि के दौरान 618 रन बनाने वाली बेथ मूनी को तीसरी बार वर्ष की महिला टी20 खिलाड़ी का ताज पहनाया गया। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने 21 टी20ई में 35 विकेट लेने के बाद हेड को तीन वोटों से पछाड़कर पुरुष टी20ई प्लेयर ऑफ द ईयर जीता। किडनी रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों के लिए कैमरून ग्रीन को सामुदायिक प्रभाव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार समारोह में माइकल क्लार्क, माइकल बेवन और क्रिस्टीना मैथ्यूज को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। अन्य पुरस्कार विजेताओं में ब्यू वेबस्टर और जॉर्जिया वोल शामिल हैं, जिन्होंने वर्ष के पुरुष और महिला घरेलू खिलाड़ी का पुरस्कार जीता और क्लो एन्सवर्थ वर्ष का युवा क्रिकेटर चुना गया। ग्लेन मैक्सवेल और कूपर कोनोली को बीबीएल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का संयुक्त विजेता नामित किया गया, जबकि एलिसे पेरी और जेस जोनासेन को डब्ल्यूबीबीएल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार साझा किया गया।

## दिमुथ करुणारत्ने ने किया संन्यास का एलान

### 100वां टेस्ट होगा आखिरी मैच



**गाले (एजेंसी)।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान दिमुथ करुणारत्ने अपना 100वां टेस्ट खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार से यहां शुरू होने वाला दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच उनका 100वां टेस्ट मैच होगा।

श्रीलंका के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक 36 वर्षीय करुणारत्ने ने अपने लगभग 14 वर्षों के अंतरराष्ट्रीय करियर में अभी तक 99 टेस्ट मैचों में 40 से थोड़ा कम की औसत से 7,172 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 34 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 50 एकदिवसीय मैचों में भी एक शतक और 11 अर्द्धशतक के साथ 1,316 रन बनाए हैं।

2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले करुणारत्ने ने कहा, 'एक टेस्ट खिलाड़ी के लिए एक साल में केवल चार टेस्ट खेलने और अपनी फॉर्म बनाए रखने के लिए खुद को प्रेरित रखना बहुत मुश्किल होता है। (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) शुरू होने के बाद पिछले दो-तीन वर्षों में हमने बहुत कम द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेली हैं। मेरी वर्तमान फॉर्म, मेरे 100 टेस्ट मैच पूरे करना और डब्ल्यूटीसी के वर्तमान चक्र (2023-25) का पूरा होना भी अन्य कारण हैं। मुझे लगा कि संन्यास लेने का यह सही समय है।

करुणारत्ने की योजना अब अपने परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया में बसने की है। उन्होंने 2008 में सिंहली स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा, 'मेरी अपनी कुछ निजी योजनाएं हैं। मैंने एंजी (एंजेलो मैथ्यूज) और चांडी (दिनेश चांडीमल) जैसे अन्य सीनियर खिलाड़ियों से बात करने के बाद संन्यास लेने का फैसला किया है।

करुणारत्ने ने कहा, 'हम तीनों के एक ही समय में संन्यास लेने के बजाय, हमारे लिए एक-एक करके संन्यास लेना बेहतर होगा। मैंने सोचा कि मैं पहले संन्यास ले लूंगा क्योंकि मुझे पता है कि जितने कम टेस्ट मैच खेले जा रहे हैं उन्हें देखते हुए मैं टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने के अपने अगले लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाउंगा। मैंने अब तक जो हासिल किया है उससे मैं खुश हूं। मैं अपने 100वें टेस्ट में खेलने जैसे सुखद पल के साथ अपने संन्यास की घोषणा करना चाहता हूं।

## भारत और इंग्लैंड वनडे सीरीज के यह हैं रिकॉर्ड

### अब तक किसका पलड़ा रहा है भारी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 21 वनडे सीरीज हो चुकी हैं। भारत ने इसमें से 10 सीरीज अपने नाम की हैं जबकि इंग्लैंड ने 7 सीरीज जीती हैं। भारत के लिए उल्लेखनीय सीरीज जीत 1990 में मोहम्मद अजहरुद्दीन, 2014 में महेंद्र सिंह धोनी और 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में आई। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला वनडे मैच 13 जुलाई 1974 को लीड्स में खेला गया था, जहां इंग्लैंड ने 4 विकेट से जीत हासिल की थी। भारत की इंग्लैंड के खिलाफ पहली वनडे सीरीज जीत 1981 में आई थी।

### भारत और इंग्लैंड हैड टू हैड

| | |
|---|---|
| **मैच-** | 107 |
| **भारत -** | 58 मैच जीते |
| **इंग्लैंड -** | 44 मैच जीते |
| **नो रिजल्ट-** | 3 मैच |
| **टाई -** | 2 मैच |

### रिकॉर्ड स्कोर और प्रदर्शन

**उच्चतम टीम कुल-** भारत ने 2008 में राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ 387/5 रन बनाए।

**सबसे कम टीम कुल-** 2022 में इंग्लैंड को भारत ने 110 रन पर आउट कर दिया।

**व्यक्तिगत रिकॉर्ड -** विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ चार बार शून्य पर आऊट हो चुके हैं। जबकि इयान बेल के नाम सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है।

### धोनी के नाम सर्वाधिक छक्के

भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज में महेंद्र सिंह धोनी 34 छक्कों के साथ



सबसे आगे हैं। उनके बाद युवराज सिंह (29 छक्के) और जॉनी बेयरस्टो (26 छक्के) के नाम आता है।

### बल्लेबाजी रिकॉर्ड

**एक सीरीज में सर्वाधिक रन -** विराट कोहली ने भारत में 2011 सीरीज के दौरान पांच मैचों में 270 रन बनाए थे।

**उच्चतम व्यक्तिगत स्कोर -** सचिन तेंदुलकर के नाम 1999 में शारजाह में इंग्लैंड के खिलाफ 141 रन बनाने का रिकॉर्ड है। इंग्लैंड के लिए इयान बेल ने साल 2008 में बेंगलुरु में 141 रन बनाए थे।

### गेंदबाजी रिकॉर्ड

**एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े -** साल 2022 में द ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ जसप्रीत बुमराह ने 6/19 के आंकड़े दिए। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन ने साल 2011 में लॉर्ड्स में 5/23 के आंकड़े दिए।

**सीरीज में सर्वाधिक विकेट -** भारत में 2011 सीरीज में रवींद्र जड़ेजा ने 11 विकेट लिए थे।

## चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की सफलता के लिए कोहली और रोहित का फॉर्म महत्वपूर्ण : रैना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने मंगलवार को कहा कि कप्तान रोहित शर्मा और लंबे समय से टीम के उनके साथी विराट कोहली भले ही पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हों लेकिन उनका फॉर्म आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की सफलता की कुंजी होगा। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरू होगी और नौ मार्च तक चलेगी। भारत हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा।

रैना ने कहा, 'रोहित शर्मा का स्ट्राइक रेट 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के बाद काफी सुधरा है। तब से उन्होंने 119-120 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं जिससे वह भारत के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। रोहित और विराट के लिए मैं कहूंगा कि जब आपके पास पिछले अच्छे प्रदर्शनों का मजबूत रिकॉर्ड होता है तो यह आपको बहुत आत्मविश्वास देता है। वे एक-दूसरे का अच्छा साथ देते हैं और दोनों में बड़ी पारियां खेलने का कौशल है। अगर वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अभियान को बहुत फायदा होगा।



टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में भारत को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। स्पिन विभाग और टीम संयोजन के बारे में रैना ने कहा, 'मुझे लगता है कि (रविंद्र) जडेजा निश्चित रूप से खेलेंगे क्योंकि वनडे में वह काफी प्रभावी हैं। कुलदीप (यादव) ने चोट के बाद से कोई मैच नहीं खेला है लेकिन हमारे पास अक्षर पटेल भी है जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। दुबई की पिचों पर तेज गेंदबाजों को मूवमेंट मिलेगा लेकिन स्पिन गेंदबाज भी अहम भूमिका निभाएंगे इसलिए कुलदीप, अक्षर और जडेजा को शीर्ष फॉर्म में होना चाहिए। रोहित द्वारा चुना गया टीम संयोजन महत्वपूर्ण होगा।

चैंपियंस ट्रॉफी से पूर्व भारत को इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलनी है और रैना का मानना ??है कि इससे कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पहले मैदान समय बिताने का मौका मिलेगा। तीन एकदिवसीय मुकाबले नागपुर, अहमदाबाद और कटक में खेले जाएंगे जहां पारंपरिक रूप से बड़े स्कोर बनते हैं।

आगामी श्रृंखला पर अपने विचार साझा करते हुए रैना ने कहा कि रोहित को शुरू से ही गेंदबाजों पर हमला करना जारी रखना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से उन्हें 2023 में पिछले एकदिवसीय विश्व कप में भी सफलता मिली थी। रैना ने कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक होकर खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने एकदिवसीय विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की - यहां तक कि वह फाइनल में भी आक्रामक होकर खेले थे। इसलिए, मेरा मानना ??है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा। उन्होंने कहा, 'मुख्य सवाल यह है कि उनके साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा। क्या वह शुभमन (गिल) होंगे? मुझे याद है, जब भी वे साथ खेलते हैं तो वे आक्रामक इरादे रखते हैं।

## भारत-पाकिस्तान मैच पर बासित अली ने चैंपियंस ट्रॉफी के सबसे बड़े मुकाबले के विजेता की भविष्यवाणी की

### 70 प्रतिशत भारत और 30 प्रतिशत पाकिस्तान

**कराची (पाकिस्तान) (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने चैंपियंस ट्रॉफी में आगामी ब्लॉकबस्टर मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारत को पसंदीदा बताया है। भारत और पाकिस्तान के बीच कड़ी प्रतिद्वंद्विता का नया अध्याय 23 फरवरी को दुबई में क्रिकेट के मैदान पर होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में पिछले पांच मेगा प्रतिद्वंद्विता मुकाबलों में पाकिस्तान 3-2 स्कोरलाइन के साथ भारत के खिलाफ आगे है। बासित ने आगामी मुकाबले के परिणाम का मूल्यांकन किया और भारत के पक्ष में परिणाम की भविष्यवाणी की, क्योंकि पाकिस्तान के मुकाबले ब्लू में पुरुषों के पास बहुत अधिक अनुभव है। बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 70 प्रतिशत भारत और 30 प्रतिशत पाकिस्तान। भारत के पास अधिक अनुभवी टीम है। अगर विराट और रोहित फॉर्म में नहीं हैं, तो खेल बराबरी का होगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में अपने आखिरी मुकाबले में




पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को 180 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की थी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे और ये मैच पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की तैयारी के लिए दोनों टीमें अपने-अपने अभियान शुरू करने से पहले वनडे मैच खेलेंगी। भारत गुरुवार को नागपुर में शुरू होने वाले तीन वनडे मैचों में इंग्लैंड से भिड़ेगा। 50 ओवरों का मैच रविवार को कटक में खेला जाएगा और सीरीज का समापन 12 फरवरी को अहमदाबाद में होगा। दूसरी ओर, पाकिस्तान खिताब की रक्षा के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज में खेलेगा। त्रिकोणीय सीरीज की शुरुआत 8 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच मुकाबले से होगी। इसके बाद कीवी टीम 10 फरवरी को एक दिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। पहले दो मैचों के समापन के बाद वनडे मैच रावलपिंडी से कराची में खेले जाएंगे जहां पाकिस्तान 12 फरवरी को दिन/रात के मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। फाइनल टूर्नामेंट के उद्घाटन से पांच दिन पहले 14 फरवरी को उसी स्थान पर होगा।

### पाकिस्तान टीम

फखर जमान, बाबर आजम, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहिर, फहीम अशरफ, मोहम्मद रिजवान (कप्तान, विकेटकीपर), खुशदिल शाह, सलमान आगा, उस्मान खान, अबरार अहमद, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, हारिस रऊफ, नसीम शाह। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए


### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा।

## टी20 विश्व कप में जैसे अफगानिस्तान की कप्तानी की थी, वैसे ही कप्तानी करना चाहता था : राशिद खान

**गक्बेरहा (एजेंसी)।** एसए 20 के तीसरे सत्र में एमआई केपटाउन के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत कप्तान राशिद खान ने कहा कि वह उसी तरह से कप्तानी करना चाहते थे जैसी पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की थी। पिछले दो सत्र में खराब प्रदर्शन और प्लेआफ में जगह नहीं बना पाने के बाद एमआई केपटाउन एसए20 के तीसरे सत्र में 9 मैचों में छह जीत दर्ज करके तीस अंक के साथ शीर्ष पर है।

राशिद की कप्तानी में पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की टीम ने सभी को चौंकाते हुए सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया को हराया और फिर अंतिम चार में पहुंची थी। राशिद ने पार्ल रॉयल्स के खिलाफ पहले क्वालीफायर की पूर्व संध्या पर मीडिया से कहा, 'मैं एमआई केपटाउन की कप्तानी उसी तरह से करना चाहता था जैसे विश्व कप में अफगानिस्तान के लिए की थी। कोच रॉबी पीटरसन ने भी मुझसे यही कहा। इस साल मैं खिलाड़ियों को बेहतर समझता था और उनके साथ काफी समय बिताया था जिससे मुझे पता था कि किस गेंदबाज का इस्तेमाल कब करना है।




उन्होंने कहा, 'सबसे अहम बात खिलाड़ियों से स्पष्ट संवाद रखना था। उन्हें पता होना चाहिए कि कप्तान के दिमाग में क्या चल रहा है और मुझे पता होना चाहिए कि वे क्या सोच रहे हैं। पहले साल में इससे बेहतर कर सकता था लेकिन हम सब लगातार सीखते हैं। इस अनुभवी लेग स्पिनर ने कहा कि इस बार हर खिलाड़ी जिम्मेदारी लेकर खेला है जिससे उनका काम आसान हो गया। उन्होंने कहा, 'पिछले दो साल हमने अच्छी क्रिकेट खेली लेकिन फिनिशिंग नहीं कर सके। इस बार हमने टीम प्रयास से अच्छा किया और जिसे भी मौका मिला, उसने योगदान दिया है। चाहे वह बल्लेबाज हो, गेंदबाज या फील्डर। सबसे अहम बात है कि हम खेल का मजा ले रहे हैं और नतीजों की परवाह नहीं कर रहे।

उन्होंने कहा कि टीम में नेतृत्व दल होने से उन्हें काफी मदद मिल रही है। राशिद ने कहा, 'टीम में एक अच्छा नेतृत्व दल होना जरूरी है। खासकर मेरे जैसे विदेशी खिलाड़ी के लिए यहां आकर कप्तानी करना आसान नहीं था लेकिन बाकी सीनियर खिलाड़ियों ने मेरी काफी मदद की। सभी ने मिलकर जिम्मेदारी ली है। इसलिये मुझे यह नहीं सोचना पड़ता कि मैं अकेले फैसले ले रहा हूं। मैं दूसरों की भी सुनता हूं जो काफी अनुभवी हैं। ये खिलाड़ी इन हालात में काफी खेल चुके हैं और यहीं बड़े हुए हैं। उन्हें हालात की अच्छी समझ है और मुझे उनसे काफी मदद मिलती है।

## संजू सैमसन के खराब फॉर्म पर चिंतित अश्विन ने याद दिलाई तेंदुलकर की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने टी20 के स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन की खराब फॉर्म पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर उन्हें मौजूदा मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिला तो उनके दिमाग पर नकारात्मक पक्ष हावी हो जाएगा और वह उनके साथ चालें चलना शुरू कर देगा। अपनी दाहिनी तर्जनी में फ्रैक्चर के कारण एक महीने के लिए बाहर होने वाले 30 वर्षीय सैमसन इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न हुई पांच मैच की श्रृंखला में केवल 51 रन ही बना सके। इस दौरान वह इंग्लैंड की तेज गति और



शॉर्ट पिच गेंदों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए। अश्विन ने कहा, 'अगर एक बल्लेबाज के तौर पर संजू इसी तरह आउट होते रहे तो उनका दिमाग ही उनके साथ चालें चलना शुरू कर देगा। आपका दिमाग आपको यह सोचने के लिए मजबूर कर देगा कि गेंदबाज एक निश्चित तरीके से गेंदबाजी कर रहा है और मैं इस तरह से आउट हो रहा हूं। क्या गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहा है या क्या मुझमें कोई कमी है? क्या मैं इससे सामंजस्य बिठा पाऊंगा? एक बार जब मन में इतने सारे सवाल उठने लग जाते हैं तो मुश्किलें बढ़ जाते हैं।

अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार संघर्ष करने वाले सैमसन को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जिससे कि उनके अवचेतन मन में किसी तरह का संदेह अपनी पैठ नहीं बना सके।

# नये और हाईटेक फीचर्स के साथ फिर लॉन्च हुई शाइन एसपी



**नई दिल्ली ।**

बाइक निर्माता कंपनी होंडा ने अपनी शानदार बाइक शाइन एसपी को नए और हाईटेक फीचर्स के साथ पुन: लांच किया है। नई होंडा एसपी को पुरानी एसपी 125 की तुलना में ज्यादा प्रीमियम और स्टाइलिश लुक में तैयार किया गया है।

यह गाड़ी 125सीसी की कैपेसिटी में कई बेहतरीन और लेटेस्ट फीचर्स के साथ मार्केट आ रही अन्य बाइक को टफ कंपटीशन दे रही है। सबसे खास बात यह है कि नई होंडा एसपी125 कंप्यूटर ड्रम और डिस्क ब्रेक वेरिएंट के साथ उपलब्ध है। इस बाइक के कलर ऑप्शन की बात करें तो इसमें कई कलर ऑप्शन कंपनी देती है। कंपनी इस बाइक को पर्ल इग्नियस ब्लैक, मैट एक्सेस ग्रे, मैटेलिक पर्ल सायरन ब्लू, इंपीरियल रेड मैटेलिक और मैट मार्वल ब्लू मैटेलिक जैसे रंगों में उपलब्ध कराया गया है। इस गाड़ी में 124 सीसी का दमदार सिंगल सिलेंडर पावरफुल इंजन दिया गया है जिसमें फ्यूल इंजेक्टेड इंजन जैसे फीचर्स शामिल हैं जो कि 10.7 बीएचपी का पावर और 10.9 एनएम का टॉर्क जनरेट करने की क्षमता रखता है। इस इंजन को फाइव स्पीड गियर बॉक्स के साथ जोड़ा गया है। कंपनी के अनुसार यह गाड़ी 1 लीटर में लगभग 65 किलोमीटर का माइलेज देती है। इसके अलावा इस बाइक में यूएसबी टाइप सी चार्जिंग पोर्ट भी उपलब्ध है जिससे राइडर को बाइक संबंधित हर तरीके की जानकारी मिलती रहे और साथ ही साथ रीडिंग के दौरान जरूरत पड़ने पर मोबाइल फोन भी चार्ज किया जा सके। इस बाइक में बड़े डिस्प्ले के साथ-साथ नेवीगेशन सिस्टम और वॉइस असिस्टेंट फीचर भी मिलता है जो ड्राइविंग एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाता है।पावरफुल इंजन के साथ अत्यधिक माइलेज मिल सके इसलिए कंपनी ने इसमें आइडलिंग स्टॉप सिस्टम भी दिया गया है। नई होंडा एसपी125 में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ 4.2 इंच का टीएफटी डिस्पले भी दिया जाता है।

# 22,000 रुपये तक बढ़ी निसान मैग्नाइट की कीमत



**नई दिल्ली ।**

हाल ही में निसान मैग्नाइट का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च किया था, जिसकी कीमत पुराने मॉडल के समान रखी गई थी। शुरुआती 10,000 ग्राहकों के लिए कंपनी ने इसे इंट्रोडक्टरी प्राइस पर पेश किया था, लेकिन अब यह ऑफर खत्म कर दिया गया है और कार की कीमत में बढ़ोतरी कर दी गई है। निसान मैग्नाइट की कीमत अब 22,000 रुपये तक बढ़ गई है। पहले इसका इंट्रोडक्टरी प्राइस 5.99 लाख रुपये था, जो अब 6.12 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) हो गया है। विभिन्न वेरिएंट्स की कीमतों में अलग-अलग वृद्धि हुई है। एनए पेट्रोल वेरिएंट्स में टेकना एनए पेट्रोल एएमटी और टेकना प्लस एनए पेट्रोल एएमटी की कीमत 19,000 रुपये तक बढ़ी है। वहीं, असेंटा एनए पेट्रोल एएमटी की कीमत में 18,000 रुपये की वृद्धि हुई है। बेस वेरिएंट वीसीए और मिड-स्पेक एन-कनेक्टा की कीमत में 13,000 रुपये का इजाफा हुआ है। एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स में एन-कनेक्टा की कीमत सबसे कम 8,000 रुपये बढ़ी है, जबकि वीसीए, वीसीए प्लस और टेकना एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स की कीमत 13,000 रुपये तक बढ़ाई गई है। टॉप-स्पेक टेकना और टेकना प्लस एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स की कीमतों में 14,000 रुपये का इजाफा हुआ है।

एसेंटा टर्बो पेट्रोल सीवीटी वेरिएंट अब 20,000 रुपये तक महंगा हो गया है, जबकि टेकना और टेकना प्लस टर्बो पेट्रोल सीवीटी वेरिएंट्स की कीमतों में 22,000 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। अब निसान मैग्नाइट की एक्स-शोरूम कीमत 6.12 लाख रुपये से शुरू होकर 11.72 लाख रुपये तक जाती है। बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद यह कार अपनी स्टाइलिंग, फीचर्स और परफॉर्मेंस की वजह से ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बनी हुई है। बता दें कि सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में निसान मैग्नाइट भारतीय बाजार में काफी लोकप्रिय कार है। यह निसान की सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ियों में से एक है।

# जनवरी में महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।**

कार निर्माता कंपनी महिंद्रा की कारें हर महीने कंपनी के लिए जबरदस्त सेल्स फिगर हासिल कर रही हैं। जनवरी 2025 में महिंद्रा एंड महिंद्रा की एसयूवी की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़ी। कंपनी ने 50659 व्हीकल्स सेल किए। अगर इस नंबर में अगर एक्सपोर्ट यूनिट्स जोड़ें तो यह नंबर 52306 यूनिट्स तक पहुंचा जाता है। कंपनी की साल-दर-साल (वायओवाय) ग्रोथ एक्साइटिंग है लेकिन महीने-दर-माह ग्रोथ भी बेहद अच्छी है। कंपनी ने दिसंबर 2024 में 41424 यूनिट्स बेचीं, इसलिए सेल्स नंबर में बढ़ोतरी कंपनी ने मार्केट में लगातार अपने प्रोडक्ट्स को अपडेट किया है और नए ग्राहक अट्रैक्ट करने में कामयाब रही है। यह देखते हुए कि कंपनी ने अपनी नई ऑल-इलेक्ट्रिक एसयूवी लॉन्च की है, यह देखना दिलचस्प होगा कि चीजें कैसे आगे बढ़ती हैं। महिंद्रा के ऑटोमोटिव डिवीजन के अध्यक्ष, विजय नाकरा ने कहा, 'हमारी इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी, बीई6 और एक्सईवी 9ई ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में काफी इंट्रेस्ट जेनेरेट किया है। इन व्हीकल्स की बुकिंग 14 फरवरी से शुरू होगी।' कंपनी के निर्यात में भी 95 प्रतिशत की ग्रोथ देखी गई, जो भारत में मैन्युफैक्चरिंग के लिए कंपनी की मजबूत रणनीति को दर्शाता है। कंपनी फ्यूचर में कई नए इलेक्ट्रिक मॉडल बाजार में लाने वाली है जिससे आने वाले समय में बाजार का रुख देखना काफी दिलचस्प होगा। दिग्गज भारतीय कार निर्माता कंपनी महिंद्रा ने बीते कुछ सालों में भारत समेत दुनिया के कई बाजारों में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है।

# भारत में नई एसयूवी किआ सिरोस लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

भारतीय बाजार में किआ कंपनी ने अपनी नई एसयूवी किआ सिरोस को लॉन्च किया है। यह गाड़ी कुल 6 वेरिएंट्स और 8 कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध होगी। इस कार की शुरुआती कीमत रुपए 8,99,900 लाख रखी गई है और इसे कंपनी ने अपनी पॉपुलर एसयूवीएस सोनेट और सेल्टॉस के बीच पोजिशन किया है।

भारतीय बाजार में किआ सिरोस का सीधा मुकाबला टाटा पंच टाटा पंच, टाटा नेक्सान, मारुति ब्रेझा और हयूदै एक्टेर जैसी गाड़ियों से होगा। किआ सिरोस को कंपनी ने कई प्रीमियम फीचर्स और आधुनिक तकनीकों से लैस किया है। इसमें 12.3-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 5-इंच क्लाइमेट कंट्रोल डिस्प्ले, वायरलेस ऐप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो, 8-स्पीकर प्रीमियम साउंड सिस्टम, रियर सीट वेंटिलेशन, डुअल-पैन पैनोरमिक सनरूफ और 60:40 स्प्लिट रियर सीट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। सेफ्टी के लिहाज से इसमें 6 एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल , टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम , 360-डिग्री कैमरा, डुअल डैशकैम सेटअप और लेवल-2 अडास जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इंजन विकल्पों की बात करें तो किआ सिरोस में 1.5-लीटर डीजल इंजन दिया गया है, जो 115 बीएचपी की पावर और 250एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है।




वहीं, पेट्रोल ऑप्शन में 1.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 120बीएचपी की पावर और 172 एनएम का टॉर्क देता है। यह कार 6-स्पीड मैनुअल, 7-स्पीड डीसीटी और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी।

# ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में जारी रहेगा सुधार, 2025 में 705 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है कुल आय

**मुंबई ।**

ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में 2024 में मजबूती दिखाई दी है और इसकी आय सालाना आधार पर 18.1 प्रतिशत बढ़कर 626 अरब डॉलर हुई है, इसकी जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में सेमीकंडक्टर कंपनियों की कुल आय 705 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। पिछले साल कुल इंडस्ट्री की आय में मेमोरी सेमीकंडक्टर की हिस्सेदारी 74.8 प्रतिशत थी। इसके अलावा गैर-मेमोरी सेमीकंडक्टर सेगमेंट की आय में 6.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष 25 सेमीकंडक्टर कंपनियों में 11 ने दोहरे अंक में आय वृद्धि दर्ज की है, जबकि आठ कंपनियों की आय में गिरावट देखी गई है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने इंटेल को पछाड़कर दुनिया के शीर्ष सेमीकंडक्टर विक्रेता के रूप में अपना स्थान पुनः पा लिया।

दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज को मेमोरी की कीमतों में तेज सुधार का लाभ मिला, जिससे 2024 में इसकी आय 66.5 अरब डॉलर हुई है। इस बीच इंटेल दूसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि कंपनी के एआई पीसी और कोर अल्ट्रा चिपसेट कोई खास प्रभाव डालने में विफल रहे हैं। 2024 में इंटेल की सेमीकंडक्टर से आय 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब स्थिर रही है। एनवीडिया के कारोबार में तेजी देखी गई। कंपनी की सेमीकंडक्टर से आय 84 प्रतिशत बढ़कर 46 अरब डॉलर हो गई है और आय के मामले में एनवीडिया इस क्षेत्र की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है।

सेमीकंडक्टर कारोबार के विस्तार में मेमोरी सेगमेंट ने अहम भूमिका निभाई है। 2024 में आय में 71.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। डीआरएएम आय में 75.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एनएएनडी राजस्व में भी सालाना आधार पर 75.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस वृद्धि के पीछे एक प्रमुख कारक हाई-बैंडविड्थ मेमोरी (एचबीएम) की बढ़ती मांग थी, जिसने डीआरएएम की बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को भारतीय रुपया 11 पैसी की बढ़त के साथ ही 87.0675 पर बंद हुआ, जो पिछले सेशन में 87.1850 था। शुरुआती कारोबार में 13 पैसे की बढ़त के साथ 86.98 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क बढ़ोतरी को लागू करने की प्रक्रिया को एक महीने टालने के बाद भारतीय मुद्रा पर कुछ दबाव कम हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक जो 109.88 के स्तर को पार कर गया था, ट्रंप की शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा के बाद 108.74 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.98 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 49 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.11 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 108.74 पर रहा।



## चीन ने कोयले, एलएनजी उत्पादों पर लगाया 15 प्रतिशत शुल्क

**बीजिंग ।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा की कि वह अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाएगा। सरकार ने कहा कि वह कोयला तथा तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) उत्पादों पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाएगी। साथ ही कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़ी कारों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का चीन पर लगाया गया 10 प्रतिशत शुल्क मंगलवार से लागू होगा। हालांकि ट्रंप ने अगले कुछ दिनों में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बातचीत करने की योजना बनाई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने दावा किया था कि ये शुल्क ''अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ अलग-अलग वार्ताओं में ट्रंप ने दोनों देशों पर शुल्क लगाए जाने के फैसले के क्रियान्वयन पर कम से कम एक महीने के लिए रोक लगाने पर सहमति जताई है।

## भारत की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली ।** विनिर्माण क्षेत्र में निर्यात में ऐतिहासिक गति के साथ देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां उच्च स्तर तक पहुंच गई हैं। एचएसबीसी इंडिया के पीएमआई द्वारा प्रस्तावित सूचकांक के अनुसार, विनिर्माण खरीदों में वृद्धि के कारण उच्च स्तरों पर पहुंच गई है। नवीन ऑर्डरों के वृद्धि से विनिर्माण कॉन्टिन्यूएड में एक नक्शा बढ़ा, जिससे पीएमआई के आंकड़े में भी उछाल आया है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने बताया कि अधिक मांग और इजादी बिक्री के कारण कंपनियों ने उत्पादन में मात्रा बढ़ाने का सामर्थ्य प्राप्त किया है। इस आमंत्रण के फलस्वरूप, विनिर्माताओं ने वृद्धि की गतिविधियों में सकारात्मक उतार-चढ़ाव देखा है। लेकिन लागत के मामले में एचएसबीसी कहता है कि कंपनियों पर दबाव मजबूत है, जिसका कारण 11 महीनों में लागत के निचले स्तर की ओर पहुंच गया है। लागत से जुड़ी महंगाई दूसरे महीने से घटती है, जिससे कंपनियों को उत्पादन मूल्यों में वृद्धि करने के लिए कम दबाव लगता है।

## टीवीएस होल्डिंग्स ने होम क्रेडिट का अधिग्रहण पूरा किया

**चेन्नई ।** टीवीएस होल्डिंग्स लिमिटेड ने होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की 80.74 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है और इससे समूह की प्रबंधनाधीन ऋण सम्पत्तियों का आधार 33,000 करोड़ रुपये है। यह सौदा 554 करोड़ रुपये में हुआ है। कंपनी की शेष 19.26 प्रतिशत हिस्सेदारी प्रेमजी इन्वेस्ट और टीवीएस होल्डिंग्स के अन्य सहयोगियों द्वारा खरीदी गई है। टीवीएस होल्डिंग्स ने समूह के ऋण पोर्टफोलियो को तीन साल में 50 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

## पाकिस्तान ने तेल आयात को लेकर सऊदी के साथ किया समझौता

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की सरकार ने अपने तेल आयात पर 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के भुगतान को एक साल के लिए स्थगित करने के लिए सऊदी फंड फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें पाकिस्तान और एसडीएफ ने दो वित्तपोषण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में एक वर्ष के लिए 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के सऊदी अरब से तेल आयात का भुगतान स्थगित करना और 4.1 करोड़ डॉलर की लागत से मनसेहरा में गुरुत्व प्रवाह जल आपूर्ति योजना का निर्माण शामिल है। इस महत्वपूर्ण समझौते पर आर्थिक मामलों के सचिव और सऊदी विकास कोष के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी राजदूत नवाफ बिन सईद अल-मलकी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज ने तेल आयात वित्तपोषण सुविधा पर हस्ताक्षर का स्वागत किया है।

## किसी भी खतरे के कारण कंपनी का कारोबार समेटने का नहीं कर रहे निर्णय: हिंडनबर्ग रिसर्च

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी अनुसंधान एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नैट एंडरसन ने हाल ही में अपनी कंपनी के कारोबार पर किए गए आरोपों का सामना किया। इस घटना ने उद्योग दुनिया में छाई अर्थव्यवस्था के बीच एक नया सवाल उठाया है। एंडरसन ने ऐलान किया कि वे किसी भी कानूनी या अन्य खतरे के कारण कंपनी का कारोबार समेटने का निर्णय नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अदाणी समूह पर विभिन्न आरोप लगाने वाली रिपोर्ट के समर्थन में सभी निर्धारित संकेतों पर जानकारी ली। इस संकेतक में समूह पर अदाणी के खिलाफ कॉर्पोरेट इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। इसके परिणामस्वरुप समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 150 अरब अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई थी। हालांकि, अदाणी समूह ने इन आरोपों का खंडन किया था। एंडरसन ने ओसीसीआरपी और जॉर्ज सोरोस के साथ मिलकर कथित भारत विरोधी समूहों के खिलाफ किए जाने वाले प्रयासों को मूर्खतापूर्ण षड्यंत्र बताया। उन्होंने अपनी नीति में लम्बे समय से लगातार कहा है कि वे ऐसे षड्यंत्रवाद को प्रोत्साहन की भूमिका नहीं खेल रहे हैं। एंडरसन ने कहा कि उन्होंने कई कंपनियों के खिलाफ धोखाधड़ी करने की आरोपी रिपोर्टें पेश की हैं लेकिन हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बावजूद वे किसी भी परिणाम की ज़िम्मेदारी नहीं लेना चाहते। इन हालातों में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मुद्दों पर मंथन चल रहा है। एंडरसन ने अपने विचारों में भारत की क्षमता का सम्मान किया और बाजार को पारदर्शिता और मजबूत कॉर्पोरेट प्रशासन के साथ एक एम्बेसडर के रूप में देखा।

# भारी उछाल के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, 1398 अंक ऊपर आया सेंसेक्स, निफ्टी भी चढ़ा 378 अंक

**निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये का लाभ**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के मैक्सिको और कनाडा पर लगाये जाने वाले प्रस्तावित टैरिफ शुल्क को 30 दिनों के लिए रोकने के फैसले से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा, उसे भारतीय बाजार पर भी अच्छा प्रभाव पड़ा। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1397.07 अंक करीब 1.81 फीसदी ऊपर आकर 78,583.81 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 378.20 अंक तकरीबन 1.62 फीसदी बढ़त के साथ ही 23,739.25 पर बंद हुआ। वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा लगभग 5 फीसद ऊपर आकर बंद हुआ। अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्रा सीमेंट, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एचडीएफ़सी बैंक, एचसीएल टेक, कोटक बैंक, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, इन्फोसिस के शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर रहे।

जानकारी के अनुसार अमेरिकी सरकारक के मैक्सिको और कनाडा पर टैरिफ शुल्क को 30 दिनों के लिए रोकने के फैसले से दुनिया भर के बाजारों में तेजी रही जिसका प्रभाव भारतीय बाजार पर भी पड़ा। इसके साथ ही

कुछ बड़ी स्टॉक्स में खरीदारी से भी बाजार में उत्साह आया। इसके अलावा सभी प्रमुख सेक्टर एनर्जी, बैंकिंग और मेटल में बढ़त से भी बाजार को लाभ मिला।

आज बाजार में उछाल के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़कर 425,04,589 करोड़ रुपये हो गया। वहीं गत दिवस ये 420,31,299 करोड़ रुपये था। इस हिसाब बीएसई में लिस्टेड सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.73 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है।




जिससे निवेशकों को 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभ हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के मैक्सिको और कनाडा पर प्रस्तावित टैरिफ को 30 दिनों के लिए रोकने के फैसले से शेयर बाजार ने राहत की सांस ली है। ट्रंप ने शनिवार को कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। सेंसेक्स मंगलवार को 500 अंक चढ़कर 77,687 पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी50 में भी रिकवरी देखने को मिली। सुबह शुरुआते में यह 169 अंक की बढ़त लेकर 23,530.10 पर कारोबार कर रहा था।

# शुगर के मरीज को इंडिगो एयरलाइंस में समय पर नहीं मिला भोजन

**- एम्स दिल्ली के एक डॉक्टर ने इंडिगो एयरलाइंस पर गंभीर आरोप लगाए**

**नई दिल्ली ।**

एम्स दिल्ली के एक डॉक्टर ने इंडिगो एयरलाइंस पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें भोजन की अवहेलना की गई और उनकी सेहत पर ध्यान नहीं दिया गया। केबिन क्रू ने बार-बार यह बताने पर भी समय पर खाना नहीं दिया कि वे शुगर पेशेंट हैं और उनके लिए भोजन बहुत जरूरी है। डॉ. दत्ता ने बताया कि उन्हें बिना विवरण दिए विमान से उतार दिया गया जबकि उनके लिए भोजन जरूरी था। उन्होंने इस मामले को लेकर राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम के पास भी जाने की योजना बनाई है। डॉक्टर दत्ता ने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव को साझा करते हुए इंडिगो एयरलाइंस से यात्रा न करने की भी सलाह दी है। उन्होंने उदाहरण के रूप में बताया कि उन्हें उनकी सेहत और भोजन की अवहेलना की गई, जो एक गंभीर समस्या हो सकती है। डॉ. दत्ता ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि उन्हें सही समय पर भोजन नहीं मिला और उनकी सेहत पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने इस मामले को जांचने की मांग की है और इस पर कार्रवाई की जाए। डॉ. दत्ता ने बताया कि उन्हें बॉर्डरलाइन हाई शुगर की समस्या है. इसी कारण उन्होंने फ्लाइट के लिए पहले से सैंडविच बुक किया था ताकि समय पर खाना मिल सके. फ्लाइट दोपहर 3:30 बजे टेक-ऑफ हुई, लेकिन भोजन समय पर नहीं परोसा गया। जब क्रू उनके पास पहुंचा तो बताया गया कि बेंगलुरु




में किसी समस्या के कारण उनके भोजन में देरी हो सकती है। डॉ. दत्ता ने अपनी पोस्ट में लिखा, करीब आधे घंटे इंतजार के बाद मैंने विनम्रता से पूछा कि क्या कोई समस्या है, एक क्रू मेंबर ने कहा कि कोई अन्य सहकर्मी भोजन परोसेगा, लेकिन इसके बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मुझे नजरअंदाज किया जा रहा था।

## ओयो प्रीमियम होटल की ब्रिटेन में पांच करोड़ पाउंड निवेश करने की योजना

**नई दिल्ली ।**

आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी ओयो ने मंगलवार को कहा कि वह अगले तीन वर्ष में ब्रिटेन में पांच करोड़ पाउंड (539.57 करोड़ रुपये) निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी मुख्य रूप से अपने प्रीमियम होटल खंड का कारोबार बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। ओयो ने बयान में कहा कि इस निवेश से अगले तीन वर्षों में ब्रिटेन के आतिथ्य क्षेत्र में 1,000 नौकरियों के अवसर मिलेंगे। एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बदलाव के तहत ओयो सक्रिय रूप से अपने ब्रिटेन खंड के प्रीमियमीकरण पर काम कर रही है। ब्रिटेन की निवेश मंत्री ने कहा कि प्रीमियम होटलों में ओयो का निवेश न केवल हमारे पर्यटन बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि हमारी महत्वाकांक्षी शोकेस ब्रिटेन पहल को भी समर्थन देगा। इससे हमारी परिवर्तन योजना के तहत आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। ब्रिटेन में ओयो के कंट्री हेड ने कहा कि ओयो ने 2018 में एक ऐसे मॉडल का लाभ उठाते हुए ब्रिटेन के बाजार में प्रवेश किया था जो अन्य वैश्विक बाजारों में सफल साबित हुआ है।

# बालवाडीह में भव्य राम मंदिर निरमान ले होलक भूमिपूजन





**रांची।** अयोध्या में विशाल राम मंदिर कर निरमान कर एक बछर पूरा होवेक कर अवसर में सेवा बिभाग विश्व हिंदू परिषद अनेक कार्जकरम निर्धारित कइर हयं। इकर तहत ग्यारह अस्थान में बिसाल टुसु मेला कर आयोजन करल गेलक। एहे पांइत में पहिल मंदिर निरमान कार्जकरम कर अंतर्गत बसंत पंचमी कर दिन ग्राम बालवाडीह पंचायत जाड़ेया परखंड सोनहातू में एगो भव्य राम मंदिर कर निरमान कर सिलान्यास करल गेलक।

ई अवसर में लगभग 1000 गो महिलामन कलस जात्रा निकलालयं। राडू नदी आउर स्वर्ण रेखा नदी कर संगम अस्थल से अभिषेक ले स्नान धेयान कर बाद पवित्र जल कलस में लेइ के चाइर किलोमीटर पैदल चइल के सउब जुलूस कर सक्ल में बलवाडीह राम मंदिर निरमान अस्थल अस्थान में पहुंचलयं। कलस जात्रा कर आगे आगे भक्तवेदांत विद्याभवन कुटाम कर 50 से बेसी बाल ब्रह्मचारी आपन गुरु स्वामी सुबल दास जी संकीर्तन करत रहयं। निरमान अस्थल में हजारों ग्रामीन कर बीच वैदिक मंत्रोच्चार कर संगे स्वामी सुबल दास पूजा करलयं आउर गुरुकुल कर छउवामन कर भव्य हरी कीर्तन करल गेलक।

रांची से आवाल प्रकाश बजाज आउर कृष्ण कुमार गाड़ोदिया

## कलस जात्रा में 1 हजार महिलामन होलयं सामिल

मधुर कंठ से ग्रामीनमन कर संगे भजन प्रस्तुत करलयं। विश्व हिंदू परिषद सेवा बिभाग कर प्रांतीय सह संयोजक अशोक कुमार अग्रवाल आउर प्रवक्ता संजय सर्राफ बतालयं कि सेवा बिभाग कर द्वारा ई बछर सिल्ली, बुंडू, सोनहातू, राहे, तमाड़ आउर ईचागढ़ परखंड में 5 से बेसी राम मंदिर निरमान आउर 5 से बेसी गुरुकुल आश्रम ले भूमि उपलब्ध करुवायेक कर जोजना हय।

ई काम के गति देवेक आउर पूरा पचपरगना छेतर के रामभक्ति में सराबोर करेक ले 201 से बेसी 15 से 21 रामभक्तमन के लेइ के रामायण मंडली कर गठन कर प्रयास करल जात हे।

पहिल चरन में उपरोक्त पांचों परखंड कर 104 से बेसी ग्राम से चयनित आउर गठित रामायण मंडलीमन कर बीच एक-एक बड़ आकार कर तुलसीदास श्रीरामचरितमानस कर प्रति, उके रइख के पढ़ेक ले बड़ आकार कर रेहल आउर लाल आउर पियर रंग कर पापलीन लुगा कर बंधना बितरित करल गेलक।

स्वामी सुबल दास भक्तिवेदांत विद्याभवन कर परमुख स्वामी गदाधर कर दन से बतालयं कि गुरुकुलमन के बेबहारिक सिछा कर संगे-संगे बैदिक सिछा छउवामन के निःसुल्क देल जाये एहे उद्देस हेके। जदि छेतर में पांच अस्थान उपलब्ध होवेक से गुरुकुल आश्रम कर स्थापना भक्ति वेदांत विद्या भवन कर माध्यम से करल जाई । नैतिक आउर बेबहारिक सिछा कर संगे-संगे बैदिक सिछा पद्धति से छउवामन कर जिनगी में उच्च संस्कार कर समावेस होवे। सउब छउवामन जिनगी कर हर छेतर में बइढ़ सके एहे लछ हेके।

एखन तक कुटाम (गोला-सिल्ली रोड़) इस्थित आश्रम में 392 गो छउवामन निर्बंधित होए चुइक हयं। देस में चलेक वाला भक्ति वेदांत विद्याभवन कर 17 से बेसी आश्रम में रईह के सिछा प्राप्त करत हयं। बैदिक सिछा कर संगे-संगे उनकर झारखंड बोर्ड कर अनुरूप भी सिछा देवल जात हे। एडमिसन ले कछा 5 अथवा 11 बछर होवेक अनिवार्य हेके।

# चट्टी बरियातु बिरहोर परिवार के बितरन करल गेलक पोसक आहार



**हजारीबाग।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड कर चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना मंगलवार के बिरहोर कॉलोनी में बिरहोर समुदाय कर हर परिवार के पोसक आहार बितरित करलक। कार्जकरम कर तहत प्रत्येक परिवार के एक कैरेट अंडा आउर 1 किलो गुड़ देल गेलक। अंडा प्रोटीन, बिटामिन आउर मिनरल्स कर बेस स्रोत हेके, जे स्वास्थ्य ले लाभकारी हेके। गुड़ आयरन आउर मिनरल्स से भरपूर होवेला, जे खून कर कमी आउर हड्डी के मजबूत करेला।

कार्जकरम में हजारीबाग पश्चिम कर डीएफओ मौन प्रकाश आउर चट्टी बरियातु कर परिजोजना परमुख नवीन गुप्ता मौजूद रहयं। गांव कर मुखिया झरिलाल महतो संगे आउर स्थानीय अधिकारी मौजूद रहयं। ई अवसर में डीएफओ बिरहोर समुदाय कर सदस्यमन कर संगे संवाद कइर के उनकर आवश्यकता आउर कल्यान उपरे चर्चा करलयं। ई काम चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना कर द्वारा आपन निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व कर अंतर्गत आयोजित करल जाय रहे। ई मौका में परिजोजना कर अपर महाप्रबंधक पवन खांडवे आउर नीलामधाब स्वाइन आउर उप महाप्रबंधक बी नवीन कुमार उपस्थित होए कार्जकरम के सफल बनालयं।


एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड कर चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना समुदाय कर भलाई आउर स्वास्थ्य ले ई किसिम कर ढेइरे जोजनामन कर माध्यम से निरंतर जोगदान देवत हे, ताकि एगो बेहतर आउर स्वस्थ भविस सुनिश्चित करल जाए सके।

# पिठोरिया कर बोध महोत्सव में तनुश्री रॉय प्रस्तुत करलयं नृत्य

**पिठोरिया।** बिहार सरकार कर पर्यटन बिभाग आउर गया जिला परसासन बोध महोत्सव-2025 कर आयोजन करलक। इकर में पिठोरिया कर तनुश्री रॉय के भी भाइग लेवेक कर निमंत्रन मिइल रहे। निमंत्रन में तनुश्री बोधगया पहुंइच के कार्जकरम में सामिल होलयं। गौरतलब आहे कि ई अंतररास्ट्रीय बोध महोत्सव 31 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक आयोजित होलक, जेकर में देस-बिदेस से भी कलाकार पहुंचल रहयं। कार्जकरम में तनुश्री रॉय आपन नृत्य से सउब के मंत्रमुग्ध कइर देलयं।

तनुश्री पिठोरिया कर सुतियांबे में रहयंना। तनुश्री हराधन रॉय आउर भानु रॉय कर बेटी हयं। तनुश्री रॉय बर्तमान में खैरागढ़ इस्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ में मास्टर्स ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स कथक बिभाग में पढ़ाई करयंना।

तनुश्री के प्रसार भारती दूरदर्शन केंद्र, रांची में 'बी ग्रेड' आर्टिस्ट कर उपलब्धि भी मिइल हे। ई उपलब्धि में सिछाबिद् स्वामी देवेंद्र प्रकाश, आसीम अख्तर, जुल्फिकार खान संगे आउरोंमन तनुश्री के बधाई देइ हयं।



## नागपुरी कविता

# नागपुरी अनुवाद करू



संतोष महली

नागपुरी अनुवाद करू
संसद में जाय के
केउ तो फरियाद करू,
नागपुरी अनुवाद करू।
बोले जानी इ भाषा के
सेकर से संवाद करू
आउर निही तो विवाद करू,
नागपुरी अनुवाद करू।
कमजोर बिचार के छोड़ु आब
जन–मानस के आजाद करू
पहिले इके हे बाकी के बाद करू,
नागपुरी अनुवाद करू।
फुल जइसन जतनाय के
राइख हैं,हामरे कर पुरवज
इ बगइचा के मइत बरबाद करू,
नागपुरी अनुवाद करू।
लोभ लालच में पइढ़
आउरो मन जइसन
हामरेहे ना अपवाद करू।
नागपुरी अनुवाद करू
संसद में जाय के
केउ तो फरियाद करू,
नागपुरी अनुवाद करू।




# भागलपुर: बिस्व कैंसर दिवस के लेइ के निकलाल गेलक जागरुकता रैली



**भागलपुर।** बिस्व कैंसर दिवस के लेइ के मंगलवार के जिला भइर में ढेइरे कार्जकरम होलक। कतई जगन सिबिर भी लगाल गेलक। ढेइरे अदमी कर जांच करल गेलक।

सदर अस्पताल से जहां जागरुकता रैली निकालल गेलक, हुवें मायागंज अस्पताल में कैंसर स्क्रीनिंग करल गेलक। मायागंज अस्पताल कर दंत रोग बिभाग में कैंसर स्क्रीनिंग करल गेलक। इकर तहत मरीजमन कर मुख कैंसर कर जांच करल गेलक आउर संदिग्ध मिलेक बाद आगे कर जांच-इलाज ले होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मुजफ्फरपुर जायेक कर सलाह देवल गेलक।

हुने सदर अस्पताल परिसर से जागरुकता रैली निकलाल गेलक। रैली के सिविल सर्जन डॉ. अशोक प्रसाद हरियर झंडी देखाय के रवाना करलयं। रैली सिरायेक कर बाद सदर अस्पताल में कैंसर स्क्रीनिंग आउर परामर्स जांच सिबिर कर आयोजन करल गेलक। ई मौका में सदर अस्पताल कर प्रभारी डॉ. राजू कुमार, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार मनस्वी, जिला प्रतिरछन पदाधिकारी डॉ. धनंजय कुमार, हॉस्पिटल मैनेजर आशुतोष कुमार आदि कर मौजूदगी रहलक।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कर बर्सगांठ में पूर्वोत्तर में होलक ढेइरे गतिबिधि






सोनू सपवार

**असम।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) जोजना कर सुभारंभ कर 10 साल पूरा होवेक कर उत्सव मनात हे। ई अवसर में पूर्वोत्तर छेतर में बिभिन्न गतिबिधि आयोजित करल गेलक।

त्रिपुरा कर पश्चिमी त्रिपुरा जिला में उमाकांत अकादमी इस्कूल कर परिसर में छात्रामन ले एगो बाइक रैली कर आयोजन करल गेलक। रैली में महिलामन के ससक्त

## पश्चिम त्रिपुरा जिले में बाइक/स्कूटी रैली कर आयोजन

बनायेक आउर लैंगिक समानता के बढ़ावा देवेक कर महत्व उपरे प्रकास डालल गेलक।

एगो आउर कार्जकरम में, असम कर माजुली जिला में छात्रामन ले एगो आत्मरछा कार्जसाला कर आयोजन करल गेलक। कार्जसाला में छात्रामन के कुछ जरुरी रछा कौसल से लैस करेक उपरे धेयान केंद्रित करल गेलक।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जोजना कर सुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी, 2015 को पानीपत, हरियाणा में कइर रहयं। बीबीबीपी कर उद्देस भारत में घटत बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) आउर महिला ससक्तिकरन कर मुद्दा कर समाधान करेक हय।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com